यह प्रतिवेदन आगामी पृष्ठों में हमारे प्रगति, साझेदारियों और संकल्प को दर्शाता है। हमारे संस्थान की वित्तीय स्थिति सुदृढ़ बनी हुई है, जिसकी पुष्टि लेखा–परीक्षित आय और व्यय विवरण में दर्शाए गए ₹ 138.67 करोड़ के अधिशेष आय से होती है। इन धन राशियों को भविष्य की योजनाओं में सावधानीपूर्वक आवंटित किया जा रहा है, जिनका पूर्ण विवरण लेखा–परीक्षित खातों के अनुभाग में उपलब्ध है।

भा.प्र.सं. अधिनियम की धारा 26(1) (क) के अनुसार, नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) द्वारा लेखा प्रतिवेदन में की गई टिप्पणियों पर संस्थान की प्रतिक्रिया इस प्रतिवेदन में संलग्न लेखा विवरण के साथ संलग्न है।

धारा 26 (1) (ई) के अनुसार, वर्ष के दौरान संस्थान में शामिल हुए अधिकारियों एवं संकाय सदस्यों के नाम मानवसंसाधन अनुभाग में सूचीबद्ध किए गए हैं।

भा.प्र.सं. अधिनियम की धारा 26(2) के अंतर्गत, संस्थान के पांच सर्वाधिक वेतन प्राप्त कर्मचारियों के नाम इस प्रतिवेदन के मानव संसाधन अनुभाग में सम्मिलित किए गए हैं। उपरोक्त सूची में सम्मिलित कोई भी कर्मचारी बोर्ड के किसी सदस्य से संबंधित नहीं है। संस्थान के सभी संकाय सदस्य शैक्षिक परिषद का हिस्सा हैं।

हम भविष्य की ओर देखते हुए एक स्पष्ट दृष्टिकोण रखते हैं। ऐसी शिक्षा के माध्यम से सार्थक प्रभाव उत्पन्न करना जो प्रेरित करे, ऐसे नवाचार को बढ़ावा देना जो नेतृत्व करे, और ऐसे जुड़ाव को साकार करना जो परिवर्तन लाए। हमारे हर प्रयास में, हमारे छात्र, संकाय सदस्य, साझेदार एवं समुदाय की सामूहिक ऊर्जा हमारे साथ रहती है। इस यात्रा में हमारे साथ चलने के लिए आपका धन्यवाद। आपका विश्वास ही हमारी प्रगति का प्रेरक है और हम सब मिलकर एक आशा से भरे भविष्य का निर्माण कर रहे हैं।

प्रो. हिमाँशु राय
निदेशक

2. शासी मंडल

शासी मंडल दिनांक 31.03.2025 को

अध्यक्ष	
मुरुगप्पन, एम.एम. डेयर हाउस, 5वीं मंज़िल 234 एनएससी बोस रोड चेन्नई - 600001	
सदस्य	
बालाराम, अनुराधा, आई.ई.एस. (से.नि.) सी–704, एम्बियंस लैगून एम्बियंस मॉल के पास गुरुग्राम, हरियाणा-122002	**पोपली, मनीष** प्रोफेसर, भारतीय प्रबंध संस्थान इंदौर प्रबन्ध शिखर, राऊ–पिथमपुर रोड इंदौर-453556
बैनर्जी, पूर्णेन्दु किशोर संयुक्त सचिव (प्रबंधन, एमसी एवं छात्रवृत्ति) भारत सरकार उच्च शिक्षा विभाग शिक्षा मंत्रालय शास्त्री भवन, नई दिल्ली-110001	**रघुराज, राजेन्द्रन, आईएएस** सचिव तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग मध्य प्रदेश शासन वल्लभ भवन, भोपाल-462004
चिन्ते, गौतम परियोजना निदेशक (असम कैंसर केयर प्रोजेक्ट) टाटा कैंसर केयर फाउंडेशन मकान संख्या 36, मिलन चौक पुबरुन पथ, हेंगरा बाड़ी गुवाहाटी-781036	**राय, हिमाँशु** निदेशक भारतीय प्रबंध संस्थान इंदौर प्रबन्ध शिखर, राऊ–पिथमपुर रोड इंदौर-453556
लड़कानी, राधा मुकेश सह–प्रोफेसर, वित्त एवं लेखा क्षेत्र भारतीय प्रबंध संस्थान इंदौर प्रबन्ध शिखर, राऊ–पिथमपुर रोड इंदौर-453556	**सेठी, सिद्धार्थ** प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी इन्फोबीन्स टेक्नोलॉजी लिमिटेड आईटी पार्क, खंडवा रोड इंद्रपुरी कॉलोनी इंदौर-452014
पंत, रंजन मुख्य कार्यकारी सलाहकार रंजनपंत कंसल्टिंग 10–ए, कस्तूरबा गांधी मार्ग नई दिल्ली-110001	
शासी मंडल के सचिव	
पामिडी, (डॉ) गुरुराज गोपीनाथ कर्नल (पूर्व सैनिक) मुख्य अधिकारी प्रशासन भारतीय प्रबंध संस्थान इंदौर प्रबंध शिखर, राऊ–पिथमपुर रोड इंदौर-453556	

3. भा.प्र.सं. इंदौर : एक संक्षिप्त परिचय

स्थापना वर्ष 1996 में भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा की गई, भा.प्र.सं. इंदौर देश के प्रमुख प्रबंधन संस्थानों में से एक के रूप में मान्यता प्राप्त है। यह भारतीय प्रबंध संस्थान अधिनियम, 2017 के अंतर्गत एक "राष्ट्रीय महत्व का संस्थान" है और प्रबंधन शिक्षा, उद्योग सहयोग, तथा सरकार एवं सार्वजनिक उपक्रमों के साथ सहभागिता के क्षेत्रों में अग्रणी रहा है। भा.प्र.सं. इंदौर का उद्देश्य है- एक संदर्भ-प्रासंगिक व्यवसाय विद्यालय बनना, जो विश्वस्तरीय शैक्षिक मानकों के साथ समाज–केन्द्रित प्रबंधक, नेता और उद्यमी तैयार करे।

193 एकड़ में फैला यह संस्थान तीन प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय प्रत्यायन एजेंसियों से 'ट्रिपल क्राउन' प्राप्त कर चुका है- एसोसिएशन ऑफ एमबीएज़ (एएमबीए, यूके), एसोसिएशन टू एडवांस कोलीजिएट स्कूल्स ऑफ बिज़नेस (ए.ए.सी.एस.बी, अमेरिका), तथा ईक्विस (ईएफएमडी क्वालिटी इम्प्रूवमेंट सिस्टम, यूरोप)। इस उपलब्धि के साथ भा.प्र.सं. इंदौर अब विश्व के शीर्ष 100 व्यवसाय स्कूलों में शामिल है, जबकि विश्वभर में 13,000 से अधिक संस्थान व्यवसाय डिग्री कार्यक्रम प्रदान करते हैं। यह ट्रिपल प्रत्यायन प्राप्त करने वाला देश का दूसरा भा.प्र.सं. है।

संस्थान को विभिन्न प्रतिष्ठित रैंकिंग्स में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त हुआ है, जैसे- एनआईआरएफ रैंकिंग्स, क्यूएस रैंकिंग्स, एफटी रैंकिंग्स, एडयूनिवर्सल रैंकिंग्स, तथा यूएन पीआरएमई रेटिंग्स, जिससे इसकी भारत और विदेशों में उत्कृष्टता की पुष्टि होती है।

शैक्षणिक वर्ष 2024–25 के दौरान, संस्थान ने अनेक विदेशी शैक्षणिक संस्थानों के साथ सहयोग किया और भारत में विभिन्न सरकारी निकायों के साथ मजबूत संबंध विकसित किए।

वर्तमान में, भा.प्र.सं. इंदौर आठ प्रमुख कार्यक्रम संचालित करता है और कई अनुकूलित कार्यकारी शिक्षा कार्यक्रम भी प्रदान करता है।

संस्थान की दृष्टि केवल शैक्षणिक उपलब्धियों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज के निर्माण और राष्ट्र की सेवा में भी अपनी भूमिका को उत्साहपूर्वक निभा रहा है। आने वाले वर्षों में, स्थानीय, राज्य और राष्ट्रीय स्तर की सरकारी एवं प्रशासनिक इकाइयों के साथ सहयोग करते हुए, यह संस्थान राष्ट्र की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान देने का लक्ष्य रखता है।



4. शैक्षणिक कार्यक्रम

प्रबंधन में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपी)

कार्यक्रम के बारे में

भा.प्र.सं. इंदौर में प्रबंधन में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपी) एक दो–वर्षीय पूर्णकालिक आवासीय कार्यक्रम है, जो एमबीए डिग्री प्रदान करता है। यह कार्यक्रम यूरोपीय गुणवत्ता सुधार प्रणाली (इक्वीस), एसोसिएशन ऑफ एडवांस कोलेजिएट स्कूल्स ऑफ बिज़नेस (ए.ए.सी.एस.बी - अमेरिका आधारित प्रत्यायन संस्था), और एसोसिएशन ऑफ एमबीएज़, लंदन (एएमबीए - यूके आधारित प्रत्यायन संस्था) से मान्यता प्राप्त है। यह कार्यक्रम भारतीय विश्वविद्यालय संघ द्वारा भी मान्यता प्राप्त है।

कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को सक्षम पेशेवर प्रबंधकों के रूप में तैयार करना है, जिनमें निम्नलिखित क्षमताएँ हों:

- राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय परिवेश में सीखने और अनुकूलन की क्षमता;
- उत्कृष्टता प्राप्त करने की प्रवृत्ति और उच्च नैतिक मानकों को बनाए रखने का दृष्टिकोण; तथा
- व्यक्तिगत रूप से और समूह में प्रभावी व कुशलतापूर्वक कार्य करने की क्षमता।

मिशन

भा.प्र.सं. इंदौर का लक्ष्य एक प्रसंगिक व्यावसायिक शिक्षण संस्थान के रूप में प्रतिष्ठित होना है, जो विश्वस्तरीय शैक्षणिक मानकों का पालन करते हुए छात्रों को सामाजिक रूप से जागरूक प्रबंधकों, नेताओं एवं उद्यमियों के रूप में रूपांतरित करता है। भा.प्र.सं. इंदौर निम्नलिखित के प्रति प्रतिबद्ध है :

- प्रबंधन शिक्षा, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण मे उत्कृष्टता;
- आधुनिक, प्रतिभागी–केंद्रित शिक्षण पद्धतियों एवं अध्यापन विधियों का उपयोग;
- प्रबंधन शिक्षा के उभरते क्षेत्रों में सशक्त उपस्थिति सुनिश्चित करना।

लर्निंग गोल्स

पीजीपी के अधिगम लक्ष्यों को संस्थान के उद्देश्य के अनुरूप तैयार किया गया है। पीजीपी के विशिष्ट अधिगम लक्ष्य निम्नलिखित हैं :


- समालोचनात्मक (क्रिटिकल) सोच विकसित करना।
- समूहों में प्रभावी रूप से कार्य करने की क्षमता विकसित करना।
- मात्रात्मक विश्लेषण में दक्षता प्राप्त करना।
- सामाजिक रूप से जागरूक एवं नैतिक रूप से प्रेरित प्रबंधकों, नेताओं और उद्यमियों को तैयार करना।


शिक्षण विधि


भा.प्र.सं. इंदौर विभिन्न शिक्षण विधियों का संयोजन उपयोग करता है, जैसे कि अध्ययन प्रकरण (केस), परियोजनाएँ, संगणक – सहायक निर्देश, समूहचर्चा, व्याख्यान, संगोष्ठियाँ, प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुतियाँ, तथा उद्योग और सरकार से आमंत्रित अतिथि वक्ताओं द्वारा व्याख्यान। अध्ययन प्रकरण विधि प्रमुख शिक्षण उपकरण के रूप में प्रयुक्त होती है। यह प्रतिभागियों की विश्लेषणात्मक क्षमताओं को तीव्र करती है और उन्हें बहु–कार्यात्मक दृष्टिकोणों से समस्याओं का विश्लेषण करने में सहायता करती है। शिक्षकों की भूमिका मुख्यतः समूह का मार्गदर्शन करने, प्रतिभागियों को तर्क विकसित करने, उन्हें अपने मत का समर्थन करने एवं निर्णय लेने के लिए प्रेरित करने की होती है।

पंजीकरण एवं प्रेरण कार्यक्रम

प्रबंधन में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजपी) के 27 वें बैच (बैच 2024-26) हेतु परिचय कार्यक्रम का शुभारंभ 27 जून 2024 को हुआ।







ग्रामीण सहभागिता कार्यक्रम (आर.ई.पी.)

दिनांक 14 से 18 अक्टूबर 2025 के बीच मध्यप्रदेश के 19 जिलों के 104 ग्रामों में आयोजित इस कार्यक्रम के अंतर्गत प्रबंधन स्नातकोत्तर (पीजपी) के छात्र–छात्राओं ने "एम.पी.–डीएवाई–एसआरएलएम" के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) का अध्ययन किया। कुछ समूहों ने "टेक होम राशन (टीएचआर)" इकाइयों का भी मूल्यांकन किया। भ्रमण उपरांत रिपोर्ट तैयार की गई।

हिमालयन आउट बाउंड कार्यक्रम

यह चार क्रेडिट वाला पाठ्यक्रम टाटा स्टील एडवेंचर फाउंडेशन एवं इंडिया हाइक्स के सहयोग से संचालित किया गया। कुल 373 छात्र–छात्राओं ने डोडीतालझील, केदारकंठा और कुवारी पास जैसे मार्गों पर ट्रेकिंग की। इसका उद्देश्य चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में टीम निर्माण और अनुकूलन क्षमता को विकसित करना था।

एक्सट्रीम आउटडोर्स

यह दो क्रेडिट वाला वैकल्पिक पाठ्यक्रम विशेष रूप से पीजपी II के चयनित छात्रों हेतु था। इसका उद्देश्य तनावपूर्ण परिस्थितियों में निर्णय लेने एवं टीमवर्क पर केंद्रित था। प्रतिभागियों ने सिक्किम और लद्दाख में उच्च हिमालयी अभियान किया, जिसमें उन्होंने कक्षा में सीखे गए पाठों को वास्तविक क्षेत्रीय परिदृश्यों में लागू किया।

प्रवेश

पीजपी की 27वीं बैच (2024–26) के लिए कुल 255379 आवेदन प्राप्त हुए, जो पिछले वर्ष के 193833 आवेदनों की तुलना में अधिक थे।

कुल 5111 अभ्यर्थियों को व्यक्तिगत साक्षात्कार (पीआई) के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया (1827 सामान्य, 1377 नान-क्रीमी पिछड़ा वर्ग, 863 अनुसूचित जाति, 491 अनुसूचित जनजाति, 335 दिव्यांगजन, 216 आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग एवं 02 जीमैट अभ्यर्थी)।

इनमें से 1900 अभ्यर्थियों को प्रवेश की पेशकश की गई (838 सामान्य, 479 नान-क्रीमी पिछड़ा वर्ग, 300 अनुसूचित जाति, 132 अनुसूचित जनजाति, 68 दिव्यांगजन, 82 आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग एवं 01 जीमैट अभ्यर्थी)।

अंततः 490 छात्र–छात्राओं ने पंजीकरण कराया (215 सामान्य, 126 नान-क्रीमी पिछड़ा वर्ग, 73 अनुसूचित जाति, 37 अनुसूचित जनजाति, 19 दिव्यांगजन, 19 आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग एवं 01 जीमैट अभ्यर्थी)।

सारांश : पीजीपी बैच 2024–26

क्रम सं.	विवरण	जर्नल	एन.सी ओ.बी.सी.	एस.सी.	एस.टी.	पी.डब्ल्यू. डी.	ई.डब्ल्यू एस.	जीमैट	कुल
1	भा.प्र.सं. इंदौर में आवेदन करने वाले सीऐटी उम्मीदवारों की संख्या	169765	44921	20453	5339	1040	13859	2	255379
2	साक्षात्कार के लिए बुलाए गए उम्मीदवारों की संख्या	1827	1377	863	491	335	216	2	5111
3	प्रवेश प्रस्तावों की संख्या	838	479	300	132	68	82	1	1900
4	कार्यक्रम के लिए पंजीकृत उम्मीदवारों की संख्या	215	126	73	37	19	19	1	490

पंजीकृत प्रतिभागियों की समूह प्रोफ़ाइल (पीजीपी 2024–26 बैच)

लिंगवार वितरण		इंजीनियर / गैर–इंजीनियर वितरण		कार्य अनुभव	
पुरुष	355	इंजीनियर	286	कार्य अनुभव के साथ	196
महिला	135	गैर–इंजीनियर	204	कार्य अनुभव के बिना	294
कुल	490	कुल	490	कुल	490

छात्रवृत्तियाँ और पुरस्कार

भा.प्र.सं. इंदौर में शैक्षणिक उत्कृष्टता को विभिन्न छात्रवृत्तियों और स्वर्ण पदकों के माध्यम से मान्यता दी जाती है।

स्वर्ण पदक विजेता

- रैंक 1 : प्रवीर कुमार
- रैंक 2 : कपिश जालान
- रैंक 3 : एस. सूधरशन वैद्य
- सर्वश्रेष्ठ महिला विद्वान : संजु एस. नायर

प्रमुख छात्रवृत्तियाँ

- एसबीआई छात्रवृत्ति (₹1.5 लाख) : कपिश जालान
- वीई कमर्शियल छात्रवृत्ति (₹50,000) : प्रवीर कुमार
- वीई स्वर्ण पदक : पार्श्व एस. दुगड़
- के.के. अलघ स्वर्ण पदक : मनलीन के. गुर्जराल
- बैंक ऑफ बड़ौदा अचीवर्स अवाड्र्स (₹31,000 प्रत्येक) : कपिश जालान, आदित्य ए. देसाई, स्नेहा भागवत

एनबीएफए मेरिट अवाड्र्स (₹10 लाख प्रत्येक) :

- शंकर पी. जाना, अपूर्वराज, शिवम

आवश्यकता–आधारित वित्तीय सहायता (एनबीएफए) योजना

वित्तीय रूप से कमजोर पीजपी छात्रों को सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से 2004-05 से लागू की गई, यह योजना यह सुनिश्चित करती है कि किसी भी विद्यार्थी को केवल आर्थिक कठिनाई के कारण शिक्षा से वंचित न होना पड़े।

छात्र गतिविधियाँ (2024–25 मुख्य आकर्षण)

भारत बनाम फ्रांस मैच

इस वर्ष का मैच "महिलाओं के विरुद्ध हिंसा रोकें" विषय पर केंद्रित था और इसमें फुटबॉल दिग्गज सुनील छेत्री को सम्मानित किया गया। एक्सचेंज और घरेलू छात्रों ने फुटबॉल और फ्रिस्बी खेल कर एकता और जागरूकता का प्रदर्शन किया।

लाइव प्रोजेक्ट्स

200 से अधिक छात्रों ने एआई, फिनटेक, एच आर टेक और रणनीति के क्षेत्र में लाइव उद्योग परियोजनाओं पर काम किया, जिससे उन्हें वास्तविक अनुभव और व्यावहारिक समाधान प्रदान करने का अवसर मिला।

i5 समिट

16–18 अगस्त 2024 को आयोजित हुआ। विषय था "उद्यमिता और समाज।" 30+ स्टार्टअप्स और विविध वक्ताओं व कार्यक्रमों के साथ यह आयोजन ऑफ लाइन प्रारूप में लौटा।

उत्साह एवं ग्रामीण उत्साह

17वाँ संस्करण जनपाव कुट्टी में आयोजित हुआ, जिसमें ग्रामीण एवं शहरी बाज़ार अनुसंधान का समन्वय किया गया। कॉर्पोरेट साझेदारों में ब्रिटानिया और एसबीआई शामिल थे। एक डिज़ाइन थिंकिंग कार्यशाला पानी की उपलब्धता पर केंद्रित रही।

खेल दल

भा.प्र.सं. इंदौर ने एस पी जेड आई एम आर और भा.प्र.सं. लखनऊ में आयोजित अंतर–संस्थान प्रतियोगिताओं में 16 स्वर्ण और 5 रजत पदक जीते।

निदेशक कप

पहली बार निदेशक कप का आयोजन हुआ, जिसमें महिला फुटबॉल प्रतियोगिता के तहत छह टीमों ने भाग लिया- एक नई परंपरा की शुरुआत।

आईरिस 2025

दो वर्षों के अंतराल के बाद लौटे इस महोत्सव में प्रबंधन, संस्कृति और सतत विकास से जुड़े 23 कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रमुख आकर्षणों में अश्वमेध, विवित्सा (WASH जागरूकता), और एच पी सी एल के कार्यकारी निदेशक का उद्घाटन भाषण शामिल था।

सांस्कृतिक ताने–बाने प्रश्नोत्तरी

23 नवम्बर को जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित यह प्रश्नोत्तरी विभिन्न कार्यक्रमों के छात्रों की व्यापक भागीदारी के साथ संपन्न हुई।

छात्र ट्यूटोरियल कार्यक्रम

पीजपी 2 के छात्रों ने पीजपी 1 के छात्रों को मार्गदर्शन प्रदान किया। यह सत्र अत्यंत सराहे गए और अब इसे औपचारिक रूप देने की योजना है।

प्रगति– सामाजिक प्रभाव गतिविधियाँ

रक्तदान, वृक्षारोपण और वित्तीय साक्षरता अभियानों का संचालन हुआ। समाज के वंचित और विशेष आवश्यकताओं वाले वर्गों के कर्मचारियों व छात्रों को सहायता और उपहार वितरण किया गया।

मानव संसाधन प्रबंधन में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपीएचआरएम)

कार्यक्रम के बारे में

मानव संसाधन प्रबंधन में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपी–एचआरएम) भा.प्र.सं. इंदौर का एक दो वर्षीय पूर्ण कालिक आवासीय कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम की शुरुआत शैक्षणिक वर्ष 2018 में की गई थी। इसका उद्देश्य प्रतिभागियों को ऐसे पेशेवर प्रबंधक के रूप में विकसित करना है, जो निम्नलिखित क्षमताओं से युक्त हों :

- एक परिवर्तनीय परिवेश में उत्पन्न हो रहे मानव संसाधन एवं व्यावसायिक मुद्दों को एकीकृत करने में सक्षम हों :
- संगठनों और समाज में मूल्य सृजन के लिए व्यवहारगत सिद्धांतों की समझ को लागू कर सके :
- टिकाऊ एवं नवोन्मेषी मूल्य-सृजन रूपरेखाओं के निर्माण में विश्लेषणमक दृष्टिकोण को अपनाने में सक्षम हों।

मिशन

मानव व्यवहार विज्ञान, विश्लेषणात्मक तकनीकों तथा उभरते हुए संगठनात्मक ढाँचों में प्रगति के आधार पर मानव संसाधन एवं व्यावसायिक मुद्दों को एकीकृत करने में सक्षम प्रबंधकों का विकास करना।

शिक्षण–विधि

भा.प्र.सं. इंदौर विविध शिक्षण विधियों का संयोजन करता है, जिनमें केस अध्ययन, परियोजनाएँ, सिमुलेशन, कंप्यूटर–आधारित शिक्षण, समूह चर्चा, व्याख्यान, सेमिनार, प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुतियाँ तथा उद्योग एवं शासन के विशिष्ट अतिथियों द्वारा दिए गए व्याख्यान शामिल हैं। केस अध्ययन इस कार्यक्रम की प्रमुख शिक्षण विधि है, जो प्रतिभागियों की विश्लेषणात्मक क्षमता को तीव्र करती है और उन्हें बहु–कार्यात्मक दृष्टिकोण से समस्याओं का विश्लेषण करना सिखाती है। शिक्षक मुख्यतः समूहों का मार्गदर्शन करते हैं, प्रतिभागियों को तर्क विकसित करने, उनका बचाव करने और निर्णय लेने हेतु प्रेरित करते हैं। इस कार्यक्रम में प्रतिभागियों को व्यवहार प्रयोगशालाओं, मनोमिति उपकरणों एवं मूल्यांकन केंद्रों से भी परिचित कराया जाता है।

पंजीकरण एवं प्रेरण

मानव संसाधन प्रबंधन में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपी–एचआरएम 2024-26) के 7वें बैच का परिचय एवं उन्मुखी करण कार्यक्रम भा.प्र.सं. इंदौर में दिनांक 27-28 जून, 2024 को आयोजित किया गया। उद्घाटन भाषण प्रो. सयन्तन बनर्जी द्वारा दिया गया। पीजीपीएचआरएम प्रतिभागियों का औपचारिक स्वागत प्रो. निशित सिन्हा द्वारा किया गया। दीप प्रज्वलन का कार्यक्रम भा.प्र.सं. इंदौर के निदेशक प्रो. हिमाँशु राय द्वारा संपन्न किया गया। इसके पश्चात संकाय सदस्यों एवं विभिन्न प्रशासनिक विभागों द्वारा कार्यक्रम की परिचयात्मक प्रस्तुति दी गई।

उद्देश्य

पीजीपी–एचआरएम कार्यक्रम संगठनों में मानव व्यवहार को समझने और उसे आकार देने की कला सिखाता है, जिसमें मनोमिति उपकरणों और अनुप्रयुक्त मनोवैज्ञानिक विधियों का प्रयोग किया जाता है। यह मानव व्यवहार की समझके लिए विश्लेषणात्मक दृष्टिकोण प्रदान करता है और व्यावहारिक मानव संसाधन प्रबंधन कौशल विकसित करताहै। यह कार्यक्रम प्रतिभागियों को दर्शन शास्त्र और सामाजिक सिद्धांतों के आधार पर संगठनों में मानवीय अंतः क्रियाओं की गहन समझ के प्रति संवेदनशील बनाता है। प्रतिभागियों में मानव संसाधन प्रबंधन के मुद्दों में हस्तक्षेप करने की क्षमता विकसित होती है तथा वे संगठनों के भीतर मानव संबंधों को रूपाकार देकर मूल्य का सृजन कर सकते हैं।

भा.प्र.सं. इंदौर एक विशिष्ट कार्यक्रम प्रदान करता है, जो एक सशक्त मूल्य प्रस्ताव के निर्माण में सहायक है :

- पहले वर्ष की कक्षाएँ पीजीपी प्रतिभागियों के साथ साझा करना, ताकि प्रतिभागियों को मज़बूत व्यावसायिक समझ प्राप्त हो सके और वे ऐसे साथियों के साथ संवाद कर सकें जो सामान्य प्रबंधन में प्रशिक्षित हो रहे हैं;
- मनोमिति उपकरणों और मूल्यांकन केंद्रों पर विशेष बल, जिससे प्रतिभागियों को व्यवहारिक विज्ञान के क्षेत्र में नवाचारों और सर्वोत्तम प्रथाओं से परिचित कराया जा सके;
- विश्लेषणात्मक विधियों पर विशेष बल, ताकि प्रतिभागी मानव संसाधन और व्यावसायिक मुद्दों को साक्ष्य–आधारित तरीकों से जोड़ सकें;
- उद्योग–आधारित परियोजनाओं पर बल, जिससे प्रतिभागी मानव संसाधन के विभिन्न कार्यात्मक क्षेत्रों में ठोस कौशल और दक्षताएँ प्राप्त कर सकें;
- मानव संसाधन और अन्य व्यावसायिक विषयों में सामाजिक सिद्धांतों एवं दर्शन पर आधारित अवधारणाओं को गहराई से समझने का अवसर;
- ग्रामीण सहभागिता कार्यक्रम - इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रतिभागियों को यह समझने का अवसर मिलता है कि संगठन जिस सामाजिक परिप्रेक्ष्य में कार्य करतेहैं, उसे किस प्रकार समझा जा सकता है। इसके लिए मध्य प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों का अनुभव पाठ्यक्रम का हिस्सा है;
- हिमालय आउट बाउंड कार्यक्रम (एचओपी) दृ दूसरे वर्ष के प्रतिभागियों के लिए आयोजित यह कार्यक्रम उन्हें अपरिचित वातावरण में कार्य करने और टीम भावना को बढ़ाने हेतु प्रेरित करता है। यह प्रशिक्षण हिमालय की विभिन्न ऊँचाईयों वाले शांत स्थानों में आयोजित आउट बाउंड गतिविधियों एवं सिमुलेशन के माध्यम से किया जाता है;
- भा.प्र.सं. इंदौर के छात्र अनेक सह–पाठ्य क्रम और पाठ्येतर गतिविधियों में भाग लेते हैं, जिनमें आईरिस (प्रबंधन एवं सांस्कृतिक वार्षिक उत्सव), उत्साह (ग्रामीण विपणन मेला) एवं एचआर कॉन्क्लेव - मीमांसा शामिल हैं।

पीजीपी–एचआरएम प्रवेश विवरण

सत्र 2024-26 के लिए मानव संसाधन प्रबंधन में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपी–एचआरएम) के 7वें बैच हेतु कुल 2,55,377 आवेदक सामने आए, जबकि पूर्व वर्ष यह संख्या 1,93,830 थी।

इसमें से कुल 2,841 अभ्यर्थियों को व्यक्तिगत साक्षात्कार (पीआई) के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया, जिसकी वर्गानुसार संख्या इस प्रकार रही :

- सामान्य वर्ग : 604, अन्य पिछड़ा वर्ग (नान-क्रीमी) : 569, अनुसूचित जाति : 598, अनुसूचित जनजाति : 566, दिव्यांग जन 335, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग : 169

  अंततः 609 अभ्यर्थियों को प्रवेश की पेशकश की गई, जिनमें वर्गानुसार विवरण निम्नलिखित है
- सामान्य वर्ग : 152, अन्य पिछड़ा वर्ग (नान-क्रीमी) : 184, अनुसूचित जाति : 146, अनुसूचित जनजाति : 43, दिव्यांग जन : 28, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग : 56

अंतिम रूप से 39 अभ्यर्थियों ने नामांकन कराया : सामान्य वर्ग : 8, अन्य पिछड़ा वर्ग (नान-क्रीमी) : 11, अनुसूचित जाति : 9, अनुसूचित जनजाति : 5, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग : 6


सारांश : पीजीपी–एचआरएम बैच 2024–26

क्र.सं.	विवरण	सामान्य	एनसी-ओबीसी	अनु. सूचित जाति	अनु सूचित जनजाति	पी. डब्ल्यू. डी.	ई डब्ल्यू एस	कुल
1	भा.प्र.सं. इंदौर में आवेदन करने वाले सीऐटी उम्मीदवारों की संख्या	169675	44921	20453	5339	1040	13859	255377
2	साक्षात्कार के लिए बुलाए गए उम्मीदवारों की संख्या	604	569	598	566	220	108	2841
3	प्रवेश प्रस्तावों की संख्या	152	184	146	43	28	56	609
4	कार्यक्रम के लिए पंजीकृत उम्मीदवारों की संख्या	8	11	9	5	0	6	39


पंजीकृत प्रतिभागियों की समूह प्रोफ़ाइल (पीजीपी–एच.आर.एन. 2024–26 बैच)

लिंगवार वितरण		इंजीनियर / गैर–इंजीनियर वितरण		कार्य अनुभव	
पुरुष	1	इंजीनियर	4	कार्य अनुभव के साथ	20
महिला	38	गैर–इंजीनियर	35	कार्य अनुभव के बिना	19
कुल	**39**	**कुल**	**39**	**कुल**	**39**


यह कार्यक्रम निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। इसकी शुरुआत 2018 में 20 छात्रों के साथ हुई थी। इसके बाद क्रमशः 2019 में 28, 2020 और 2021 में 37–37, 2022 में 39, 2023 में 34 तथा 2024 में 39 छात्रों ने प्रवेश लिया। वर्ष 2025 के लिए भी लगभग इसी संख्या में छात्रों के प्रवेश की अपेक्षा की जा रही है।




कार्यक्रम के अंतर्गत स्नातक हुए बैच :



बैचों का कार्य अनुभव नीचे दिए गए ग्राफ में दर्शाया गया है:





छात्रवृत्तियाँ एवं पुरस्कार

आवश्यकता-आधारित वित्तीय सहायता (एनबीएफए) 2023-24

श्रीमती प्रिशा गर्ग एवं श्रीमती प्रतिक्षा (बैच 2024-26) को स्लैब 2 के मानदंडों के अनुसार आवश्यकता–आधारित वित्तीय सहायता (एनबीएफए) प्रदान की गई।

शैक्षणिक उत्कृष्टता प्रमाण पत्र

प्री–दीक्षांत समारोह 2025 के अवसर पर, पीजीपीएचआरएम बैच 2023-2025 की शीर्ष 5% छात्राओं में चयनित, श्रीमती हरलीन कौर (अनुक्रमांक : 2023 पीजीपीएच 043) एवं श्रीमती प्रेरणा खंडूरी (अनुक्रमांक: 2023 पीजीपीएच 020) को उनके द्वितीय वर्ष में उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के आधार पर शैक्षणिक उत्कृष्टता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

भा.प्र.सं. इंदौर स्वर्ण पदक

श्रीमती हरलीन कौर को पीजीपीएचआरएम बैच 2023-25 में शैक्षणिक प्रदर्शन के आधार पर प्रथम स्थान प्राप्त करने हेतु भा.प्र.सं. इंदौर स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया।

उपलब्धियों

नाम	उपलब्धियों का विवरण
आकांक्षा कुमारी	1. राष्ट्रीय सेमी–फ़ाइनलिस्ट - टाटा इमैजिनेशन चैलेंज 2024, आयोजित टाटा समूह द्वारा। 2. परिसर फ़ाइनलिस्ट - संरचना केस प्रतियोगिता 2024, संरचना केस प्रतियोगिता का आयोजन भा.प्र.सं. इंदौर के वार्षिक उत्सव आईरिस के अंतर्गत। 3. विजेता - एचआरआई केन 2024, आयोजनकर्ता : ह्यूमन - I, भा.प्र.सं. इंदौर। 4. तृतीय स्थान - चेज़ केस 2024, आयोजनकर्ता : ह्यूमन - I, भा.प्र.सं. इंदौर।
काले जान्हवी प्रकाश	1. द्वितीय उपविजेता - मानव संसाधन मैनिया 2024, आयोजनकर्ता : ह्यूमन - I,, भा.प्र.सं. इंदौर।
सौम्या शर्मा	2. द्वितीय उपविजेता - एचआर मेनिया 2024, आयोजनकर्ता : ह्यूमैन–आई, भा.प्र.सं. इंदौर। 3. परिसर फाइनलिस्ट - संरचना केस प्रतियोगिता 2024, जो आईरिस, भा.प्र.सं. इंदौर के दौरान आयोजित की गई।

मीमांसा– पीजीपीएचआरएम, भा.प्र.सं. इंदौर द्वारा आयोजित एक मानव संसाधन सम्मेलन

- पीजीपीएचआरएम, भा.प्र.सं. इंदौर ने 05 अक्टूबर 2024 को "मीमांसा" नामक एक मानव संसाधन कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य पीजीपी एचआरएम कार्यक्रम की दृश्यता को शैक्षणिक एवं औद्योगिक दोनों स्तरों पर बढ़ाना था।
- इस कार्यक्रम में देशभर से प्रतिष्ठित शिक्षाविदों एवं उद्योग जगत के प्रमुखों को आमंत्रित किया गया था। पीजीपीएचआरएम, भा.प्र.सं. इंदौर आने वाले वर्षों में भी इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन करने की योजना बना रहा है।

मीमांसा के लिए पैनेलिस्ट के रूप में आमंत्रित अतिथियों का विवरण इस प्रकार है :

क्र.	अतिथि का नाम	संगठन का नाम	पद का नाम
1	डॉ अर्चना उपाध्याय	हिंदुस्तान कोलास प्राइवेट लिमिटेड	सीएचआरओ
2	सुश्री सिरिशा कोमिरेड्डी	सिग्निटी टेक्नोलॉजीज	एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट और टैलेंट डेवलपमेंट के ग्लोबल हेड
3	श्री अनिरुद्ध खेकले	वेरी ग्रुप	ग्रुप सीएचआरओ
4	सुश्री कंगन शेखर	मर्सर मेटल	चीफ ह्यूमन रिसोर्स मैनेजर
5	श्री महिपाल गौड़	कैपजेमिनी टेक्नोलॉजी सर्विसेज इंडिया लिमिटेड	एफएस एसबीयू ग्लोबल हेड, लर्निंग एंड डेवलपमेंट
6	श्री विनीत बोबडे	मार्स	डायरेक्टर
7	श्री नितिन बलसराफ	क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड	जनरल मैनेजर – एचआर ऑटोमेशन
8	डॉ निहारिका राय	पी एंड ईएस– थर्मैक्स लिमिटेड	ग्रुप एचआर हेड
9	रेव्ह. डॉ. ए. लुईस अरोकियाराज एस.जे	लोयोला कॉलेज, चेन्नई	प्रिंसिपल
10	प्रो. वजला रवि	श्री वेंकटेश्वर कॉलेज, नई दिल्ली	प्रिंसिपल
11	डॉ उषा नायर	सेंट टेरेसा कॉलेज, एर्नाकुलम	परीक्षा नियंत्रक और हिंदी विभाग के प्रमुख (पूर्व समन्वयक, आईक्यूएसी)

प्रबंधन में पांच वर्षीय एकीकृत कार्यक्रम (आईपीएम)

कार्यक्रम के बारे में

वर्ष 2011 में प्रारंभ किया गया पाँच–वर्षीय एकीकृत प्रबंध कार्यक्रम (आईपीएम) अपने प्रकार का भारत में पहला कार्यक्रम है। यह एक विशिष्ट एवं रचनात्मक कार्यक्रम है, जिसे ऐसे युवाओं के लिए तैयार किया गया है, जिनमें प्रबंधकीय एवं नेतृत्व संबंधी आकांक्षाएँ हैं।

आईपीएम के माध्यम से, भा.प्र.सं. इंदौर का उद्देश्य प्रतिभाशाली युवाओं को आकर्षित करना और उन्हें विश्व–स्तरीय शिक्षा के माध्यम से उत्कृष्ट नेतृत्वकर्ता के रूप में गढ़ना है।

यह कार्यक्रम उन प्रतिभागियों के लिए है जिन्होंने भारत या विदेश के किसी विद्यालय से कक्षा बारहवीं / उच्चतर माध्यमिक या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण की है। यह कार्यक्रम पाँच वर्षों की अवधि में फैले 15 टर्म्स (प्रत्येक वर्ष में 3 टर्म्स) में संचालित होता है।

कार्यक्रम डिज़ाइनः



पाठ्यक्रम संरचना का डिज़ाइन तीन प्रमुख क्षेत्रों पर केंद्रित है: (i) आधार स्तंभ; (ii) सक्षमकर्ता; और (iii) संवर्धक।

आधार स्तंभ वे विषय हैं जो प्रबंधन सिद्धांतों और व्यवहारों में प्रमुख योगदान देने वाले विषय हैं। सक्षमकर्ता वे क्षेत्र हैं जो छात्रों के मानसिक क्षेत्र में रचनात्मक और नवाचारी सोच विकसित करने की प्रक्रिया का अभिन्न हिस्सा हैं। संवर्धक वे तत्व हैं जो प्रतिभागियों को रचनात्मकता के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराने में सहायक होते हैं।

नए पाठ्यक्रमों की शुरूआत

शैक्षणिक वर्ष 2024–25 में कुल 28 नए पाठ्यक्रम शुरू किए गए, जबकि 2023–24 में 14 नए पाठ्यक्रम प्रारंभ किए गए थे।

कुल 112 पाठ्यक्रम विभिन्न विषयों से जुड़े हुए थे, जिनके लिए कुल 352 क्रेडिट निर्धारित थे (1 क्रेडिट = 5 सत्र = 6.25 घंटे)। इन पाठ्यक्रमों को 51 पूर्णकालिक संकाय सदस्यों एवं 16 अतिथि संकाय सदस्यों (जो विभिन्न उद्योगों और प्रतिष्ठित संस्थानों से जुड़े विषय विशेषज्ञ हैं) द्वारा पढ़ाया गया।

तीन वर्षों की गहन अध्ययन प्रक्रिया के पश्चात्, आईपीएम प्रतिभागियों को संस्थान के दो–वर्षीय प्रबंध स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपी) के प्रतिभागियों के साथ मिलकर प्रबंधन अध्ययन के एक समान पाठ्यक्रम में प्रशिक्षित किया जाता है, जो कार्यक्रम के चौथे एवं पाँचवे वर्ष में संचालित होता है।

कार्यक्रम की पाँच–वर्षीय कठोर शिक्षण प्रक्रिया (जिसमें सामाजिक एवं व्यावसायिक इंटर्नशिप भी शामिल हैं) को सफलतापूर्वक पूर्ण करने के पश्चात् प्रतिभागियों को बैचलर ऑफ आर्ट्स (प्रबंधन के आधार) (द्वैध डिग्री कार्यक्रम के अंतर्गत) एवं प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिग्री (एमबीए) (द्वैध डिग्री कार्यक्रम के अंतर्गत) प्रदान की जाती है।

शिक्षण प्रतिक्रिया

आईपीएम कार्यक्रम में समग्र संकाय प्रतिक्रिया (10 में से)		
पैरामीटर	आकलन वर्ष 2024–25	आकलन वर्ष 2023–24
औसत	8.28	8.13
माध्यिका	8.37	8.27

उपरोक्त तालिका रेखांकित करती है कि औसत और माध्यिका दोनों संकाय फीडबैक ने मूल्यांकन वर्ष 2023–24 की तुलना में मूल्यांकन वर्ष 2024–25 में सुधार का संकेत दिया है।

पंजीकरण और प्रेरण

7 अगस्त, 2024 को भा.प्र.सं. इंदौर ने पाँच वर्षीय एकीकृत प्रबंध कार्यक्रम (आईपीएम) के चौदहवें बैच (2024–29) के लिए 156 नए प्रतिभागियों का स्वागत किया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक प्रो. हिमाँशु राय द्वारा उद्घाटन समारोह सम्पन्न किया गया, जिन्होंने संस्थान में सम्मिलित हो रहे प्रतिभाशाली प्रतिभागियों का हार्दिक अभिनंदन किया।

इस अवसर पर सैर्टिफिकेट ऑफ शैक्षिक एक्सीलेंस वितरण समारोह भी आयोजित किया गया, जिसमें पहले तीन वर्षों के दौरान उत्कृष्ट शैक्षिक प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त, चौथे वर्ष में सर्वाधिक सीजीपीए प्राप्त करने वाली महिला प्रतिभागी को प्रदान की जाने वाली स्व. आद्या प्रभा छात्रवृत्ति की घोषणा भी की गई।

दीक्षा कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को भा.प्र.सं. इंदौर के परिसर का संक्षिप्त परिचय दिया गया, जिसमें एनबीएफए छात्रवृत्तियाँ, छात्रावास की सुविधाएँ, पुस्तकालय, आईटी अवसंरचना, एवं चिकित्सा सेवाओं संबंधी जानकारी प्रदान की गई। भारत सरकार द्वारा "रैगिंग की रोकथाम एवं निषेध" पर जारी दिशा–निर्देशों पर भी एक महत्वपूर्ण सत्र आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की एक प्रमुख विशेषता थी आईपीएम पूर्व छात्रा सुश्री स्वर्णिमा आनंद के साथ संवाद सत्र, जिसमें उन्होंने पूर्व प्रतिभागियों के व्यावहारिक अनुभव साझा किए। सत्र का समापन एक उत्साही प्रश्नोत्तर श्रृंखला के साथ हुआ, जिससे नए प्रतिभागियों को कार्यक्रम की प्रकृति एवं प्रभाव के बारे में गहन समझ प्राप्त हुई।

सामाजिक स्थानन आकलन वर्ष 2024–25:


भा.प्र.सं. इंदौर संस्थान की भूमिका को प्रतिभागियों की सोच में बदलाव लाने हेतु सदैव जागरूक रहा है, और इसी कारण संस्थान ने अपने आवासीय कार्यक्रमों में सामाजिक संवेदनशीलता को एक मूलभूत सिद्धांत के रूप में समाहित किया है। यह लक्ष्य आईपीएम पाठ्यक्रम के अंतर्गत सामाजिक इंटर्नशिप के माध्यम से प्राप्त किया गया है, जो प्रत्येक बैच के द्वितीय वर्ष के अंत में आयोजित की जाती है।

वर्ष 2024–25 में आईपीएम बैच 2023–28 के प्रतिभागियों ने सामाजिक स्थानन प्रक्रिया में भाग लिया, जिसमें कुल 41 संगठनों ने भागीदारी की और सभी 150 प्रतिभागियों को ऑफ़र दिए गए, जिससे 100% स्थानन प्राप्त हुआ। प्रतिभागियों को सामाजिक क्षेत्र की विविध भूमिकाओं में अवसर प्राप्त हुए, जिनमें सामाजिक परामर्श, थिंक टैंक, एनजीओ, अनुसंधान संस्थान, सरकारी संगठन एवं स्टार्टअप्स सम्मिलित हैं।

इस बैच के लिए सामाजिक इंटर्नशिप की योजना 7 अप्रैल से 23 जून 2025 के मध्य बनाई गई है। इंटर्नशिप का आयोजन ऑनलाइन तथा ऑफ़लाइन दोनों माध्यमों से किया जाएगा।

प्रमुखताएँ

सामाजिक स्थानन वेतन	विवरण (₹ में)
उच्चतम वेतन	₹ 40,000
औसत वेतन	₹ 24,500
मध्य वेतन	₹ 22,000



प्रमुखताएँ
स्थानन दर – 100%
पहली बार या फिर से भर्ती करने वाले नियोक्ता – 70%
कंपनियों की संख्या (रिकॉर्ड उच्च) – सामाजिक स्थानन में अब तक की सबसे अधिक
प्रमाणित प्रतिभागियों का मानदंड – 80% उपस्थिति

आईपीएम अंतर्राष्ट्रीय छात्र विनिमय कार्यक्रम

आईपीएम छात्र विनिमय कार्यक्रम (आईएसईपी), जिसकी शुरुआत 2018 में की गई थी, का उद्देश्य स्नातक स्तर पर विद्यार्थियों को अंतर्राष्ट्रीय अनुभव प्रदान करना है। विभिन्न संस्कृतियों के संपर्क में आना और अंतर्राष्ट्रीय दृष्टिकोण विकसित करना, किसी भी विद्यार्थी के समग्र विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है।

<u>आने वाले प्रतिभागी</u>

वित्तीय वर्ष 2024–25 के दौरान साझेदार विश्वविद्यालयों से चार छात्र आये

अवधि	प्रतिभागियों की संख्या	साझेदार विश्वविद्यालय का नाम
अवधि VIII	4	ईएम ल्योन, फ्रांस

आने वाले छात्रों का स्टेप की पूरी टीम द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया तथा उनके पूरे प्रवास के दौरान उनकी सुविधा सुनिश्चित करने के लिए प्रबंध किए गए।

निवर्तमान प्रतिभागी

आईपीएम बैच 2022-27 के दो प्रतिभागियों का चयन भा.प्र.सं. इंदर की ओर से अंतर्राष्ट्रीय छात्र विनिमय कार्यक्रम के अंतर्गत निम्नलिखित सहयोगी विश्वविद्यालयों में भेजे जाने वाले प्रतिभागियों के रूप में किया गया।

अवधि	प्रतिभागियों की संख्या	साझेदार विश्वविद्यालय का नाम
VIII	1	लिवरपूल विश्वविद्यालय, इंग्लैंड
	1	आईसीएन बिजनेस स्कूल, फ्रांस


आने वाले और जाने वाले दोनों प्रतिभागियों के लिए आदान–प्रदान की अवधि संबंधित मेजबान विश्वविद्यालयों में ऑफलाइन मोड में आयोजित की गई थी।

आईपीएम प्रवेश

आईपीएम प्रवेश परीक्षा (आईपीमैट) एक कठोर परीक्षा है जिसमें अभ्यर्थियों की अभिरुचि, तार्किक क्षमता तथा अंग्रेज़ी और गणित में प्रवीणता की जाँच हेतु एक लिखित प्रवेश परीक्षा ली जाती है, जिसके बाद व्यक्तिगत साक्षात्कार (पर्सनल इंटरव्यू) होता है।

उम्मीदवारों का चयन अभिरुचि परीक्षा (एटी) और व्यक्तिगत साक्षात्कार (पीआई) में समग्र प्रदर्शन के आधार पर किया जाता है। कोई भी अभ्यर्थी यदि अभिरुचि परीक्षा या व्यक्तिगत साक्षात्कार या दोनों में अनुपस्थित रहता है, तो उसे चयन प्रक्रिया में शामिल नहीं किया जाता।

प्रबंधन में पांच वर्षीय एकीकृत कार्यक्रम (आईपीएम) प्रवेश 2024–29 का ब्रेकअप



विवरण	सामान्य	एनसी ओबीसी	एससी	एसटी	पी डब्ल्यू डी	ई डब्ल्यू एस	एस एटी	कुल
आवेदन	21179	4121	1449	371	109	1330	37	28596
व्यक्तिगत मूल्यांकन के लिए चुने गए	312	239	115	49	31	78	33	857
साक्षात्कार में शामिल हुए उम्मीदवारों की संख्या	301	216	108	46	28	78	31	808
प्रावधानिक प्रवेश प्रस्तावों की संख्या	77	43	27	14	8	18	6	193
पंजीकृत उम्मीदवारों की संख्या	58	39	22	11	6	15	5	156

आईपीएम 2022 बैच से आगे के आईपीएम प्रवेश विवरण

वर्ष	आवेदन किया गया एवं पात्र	प्रवेश प्रस्ताव	स्वीकृत	पंजीकृत
2022	22250	221	191	156
2023	24884	196	168	156
2024	28596	193	172	156

शैक्षणिक वर्ष 2024-25 में प्राप्त आवेदनों की तुलना में दिए गए प्रवेश प्रस्तावों का औसत रूपांतरण अनुपात घटकर 0.67% रह गया, जो शैक्षणिक वर्ष 2023-24 में 0.78% था। यह रुझान कार्यक्रम की बढ़ती प्रतिस्पर्धात्मकता और चयनात्मकता को स्पष्ट रूप से दर्शाता है। यह प्रवृत्ति न केवल आने वाले बैच की गुणवत्ता को बेहतर बनाती है, बल्कि संस्थान के ब्रांड को भी सशक्त करती है और शैक्षणिक परिणामों तथा सहपाठी शिक्षण को भी सकारात्मक रूप से प्रभावित करती है।

छात्रवृत्तियाँ और पुरस्कार

शैक्षणिक उत्कृष्टता प्रमाणपत्र :

आईपीएम 2021 बैच के प्रतिभागियों को शैक्षणिक उत्कृष्टता प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। सम्मानित प्रतिभागियों में शामिल हैं: कुशल सोमनानी, पी. कविषा, आदित्य राजेश खानोलकर, शिविष शुक्ला, जैन सौम्यशर्मेन्द्र, ऋतब्रत दास और निरुपमा पी।

छात्रवृत्तियाँ एवं पुरस्कार :

शैक्षणिक वर्ष 2024–25 के दौरान संस्थान द्वारा आईपीएम प्रतिभागियों को शैक्षणिक उत्कृष्टता प्रमाणपत्र, छात्रवृत्तियाँ और स्वर्ण पदक प्रदान किए गए। छात्रवृत्तियों, स्वर्ण पदकों और प्राप्तकर्ताओं के नाम निम्न तालिका में उल्लिखित हैं।

छात्रवृत्ति

शीर्षक	राशि रुपए में	प्राप्तकर्ता का नाम
आईपीएम के चौथे वर्ष में सर्वश्रेष्ठ शैक्षणिक प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी को प्रदान की जाती है।	1,50,000 / –	आदित्य अजय देसाई
आईपीएम 2015 बैच की पूर्व छात्रा आद्य प्रभा की स्मृति में यह छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। यह छात्रवृत्ति आईपीएम के पाँचवे वर्ष में महिला प्रतिभागियों में उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन करने वाली प्रतिभागी को दी जाती है।	25,000 / –	खुशी साहनी

स्वर्ण पदक

सर्वश्रेष्ठ सर्वांगीण प्रदर्शन हेतु स्वर्ण पदक - पुरुष वर्ग	शिवम
सर्वश्रेष्ठ सर्वांगीण प्रदर्शन हेतु स्वर्ण पदक - महिला वर्ग	नंदिनी सेठी
शैक्षणिक प्रदर्शन में प्रथम स्थान हेतु भा.प्र.सं. इंदौर स्वर्ण पदक	नंदिनी सेठी
शैक्षणिक प्रदर्शन में द्वितीय स्थान हेतु भा.प्र.सं. इंदौर स्वर्ण पदक	प्लाक्षा अग्रवाल
शैक्षणिक प्रदर्शन में सर्वश्रेष्ठ महिला प्रतिभागी हेतु भा.प्र.सं. इंदौर स्वर्ण पदक	नंदिनी सेठी

आवश्यकता–आधारित वित्तीय सहायता (एनबीएफए) योजना

संस्थान ने शैक्षणिक सत्र 2024–2025 से पाँच वर्षीय एकीकृत प्रबंधन कार्यक्रम के प्रतिभागियों के लिए आवश्यकता–आधारित वित्तीय सहायता योजना लागू की है, ताकि पात्र प्रतिभागियों को वित्तीय सहायता प्रदान की जा सके। भा.प्र.सं. इंदौर की इस एनबीएफए योजना का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी प्रतिभागी को केवल वित्तीय बाधाओं के कारण इस कार्यक्रम को करने से वंचित न होना पड़े।

वर्ष 2024–2025 में इस योजना के अंतर्गत आठ प्रतिभागियों को लाभ मिलेगा, जिनका विवरण नीचे दिया गया है।

कार्यक्रम	आवेदन प्राप्त	स्वीकृत	निकासी	वितरित की जाने वाली राशि
आईपीएम–1	6	4	2	177199/–
आईपीएम–2	2	2	–	25894/–
आईपीएम–3	2	2	–	124005/–
कुल	**10**	**8**	**2**	**327098/–**

एमएमवीवाई छात्रवृत्ति

मुख्यमंत्री मेधावी विद्यार्थी योजना मध्य प्रदेश राज्य सरकार द्वारा प्रारंभ की गई एक छात्रवृत्ति योजना है, जिसका उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के विद्यार्थियों को वित्तीय सहायता प्रदान करना है। इस योजना के अंतर्गत आवेदन करने वाले छात्रों का मध्य प्रदेश राज्य का निवासी होना अनिवार्य है और वे आवेदन पत्र मध्य प्रदेश राज्य छात्रवृत्ति पोर्टल के माध्यम से प्रस्तुत करते हैं। पात्रता मानदंडों को पूरा करने की स्थिति में संस्थान द्वारा छात्रवृत्ति स्वीकृत की जाती है। इस योजना के अंतर्गत कुल 33 छात्रों को लाभ प्राप्त हुआ, जैसा कि नीचे उल्लेखित है।

आंकलन वर्ष	आवेदन प्राप्त हुए	आवेदन स्वीकृत	वितरित राशि (रु. में)
2023–24	33	33	3,38,06,399/–

छात्र गतिविधियाँ

आईपीएम कार्यक्रम के प्रतिभागियों ने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ प्राप्त की हैं, जो उनकी असाधारण प्रतिभा और समर्पण को दर्शाती हैं। उन्होंने देश के प्रतिष्ठित संस्थानों द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में शीर्ष स्थान प्राप्त किए और प्रतिष्ठित छात्रवृत्तियों के माध्यम से उनकी शैक्षणिक उत्कृष्टता को मान्यता मिली।

आईपीएम कार्यक्रम के प्रतिभागियों ने खेल प्रतियोगिताओं में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, जो देश के प्रमुख संस्थानों द्वारा आयोजित की गई थीं। उनकी सफलता केवल शैक्षणिक क्षेत्र तक सीमित नहीं रही, बल्कि यह छात्र जीवन के विभिन्न पहलुओं में उत्कृष्टता प्राप्त करने की उनकी बहुआयामी क्षमताओं और प्रतिबद्धता को भी दर्शाती है।

अनुसंधान, केस प्रतियोगिताओं, खेल और सांस्कृतिक क्षेत्रों में छात्रों की उपलब्धियों की सूची:

नाम	बैच	घटना का नाम	कार्यक्षेत्र	आयोजक का नाम	जीती गई उपलब्धि / सम्मान
बियांका जे एडवर्ड (2022 बैच)		अमलान (केस प्रतियोगिता)	प्रबंधन और साहित्य	यूपीएसडीएम और भा.प्र.सं. लखनऊ	राष्ट्रीय विजेता
	2022	पॉलिसी प्रिज्म (केस प्रतियोगिता)	प्रबंधन और साहित्य	भा.प्र.सं. रायपुर और कैल क्विटी	राष्ट्रीय विजेता
डी मणिकंदन (2022 बैच)	2022	बीट बॉपः डेटा एनालिटिक्स केस प्रतियोगिता	प्रबंधन और साहित्य	भा.प्र.सं. रोहतक	राष्ट्रीय विजेता (आईपीएम 2022-27 के निखिल राजजी उनके साथी थे)
कनिष्क जायसवाल (2022 बैच)	2022	मास्टर्स यूनियन एडमिशन	छात्रवृत्ति	मास्टर्स यूनियन स्कूल ऑफ बिजनेस	युवा नेताओं के लिए पंकज बंसल छात्रवृत्ति 7.12 लाख रुपये

तुषार कुमावत (2023 बैच)	2023	इज़हार	सांस्कृतिक	भा.प्र.सं. लखनऊ	मोनोएक्ट में प्रथम स्थान
प्रह्वी सूद (2023 बैच)	2023	एमपीएसए सम्मेलन	अनुसंधान	एमपीएसए	अंतर्राष्ट्रीय शोध सम्मेलन के लिए चयनित
खोपड़े सिद्धेश किशोर (2024 बैच)	2024	मार्कचैम्प	प्रबंधन और साहित्य	मार्केटिंग इंटरेस्ट ग्रुप, भा.प्र.सं. मुंबई	राष्ट्रीय विजेता
अरना जैन अथर्व वर्मा (2024 बैच)	2024	फ़िननोवा: एक वित्त और तकनीक आधारित केस प्रतियोगिता	प्रबंधन और साहित्य	एसआरसीसी • भा.प्र.सं. इंदौर	राष्ट्रीय विजेता

- 2022, 2023 और 2024 बैच के इक्कीस प्रतिभागी 'मूड इंडिगो स्ट्रीट प्ले प्रतियोगिता (आगाज़)' में राष्ट्रीय फाइनलिस्ट रहे, जो कि भा. प्रौ.सं. बॉम्बे के मूड इंडिगो द्वारा आयोजित एक सांस्कृतिक कार्यक्रम है।
- 2022, 2023 और 2024 बैच के चौबीस प्रतिभागी 'मैनफेस्टवर्चस्व स्ट्रीट प्ले प्रतियोगिता (हल्ला बोल)' में भी राष्ट्रीय फाइनलिस्ट रहे, जो कि भा.प्र.सं. लखनऊ के मैनफेस्टवर्चस्व द्वारा सांस्कृतिक क्षेत्र में आयोजित की गई।
- 2022 और 2023 बैच के छह प्रतिभागियों ने प्रबंधन एवं साहित्यिक क्षेत्र में आईएमऐ संस्थान द्वारा आयोजित आईएमऐ स्टूडेंट केस चैलेंज' में प्रथम रनर–अप का स्थान प्राप्त किया।
- 2022 बैच के एक प्रतिभागी ने प्रबंधन एवं साहित्यिक क्षेत्र में भा.प्र.सं. लखनऊ द्वारा आयोजित 'अमलान (भा.प्र.सं. लखनऊ यूपीएसडीएम पब्लिक पॉलिसी केस प्रतियोगिता)' में राष्ट्रीय स्तर पर रनर–अप स्थान प्राप्त किया।
- 2022 बैच के एक प्रतिभागी ने भा.प्रौ.सं. बॉम्बे (मूड इंडिगो) द्वारा आयोजित 'स्पेल–बाउंड स्पेल–बी प्रतियोगिता' में द्वितीय रनर–अप स्थान प्राप्त किया।
- 2022 बैच के एक प्रतिभागी ने एआईईएसईसी (भा.प्रौ.सं. दिल्ली) द्वारा आयोजित प्रबंधन और साहित्यिक प्रतियोगिता ' सीआईसी ' में द्वितीय रनर–अप स्थान प्राप्त किया।
- 2022 बैच के एक प्रतिभागी ने 'इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट अकाउंटेंट्स' द्वारा आयोजित 'ऐस द केस' प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम रनर–अप का स्थान प्राप्त किया।
- 2023 बैच के एक प्रतिभागी ने भा.प्र.सं. अहमदाबाद में आयोजित सांस्कृतिक प्रतियोगिता 'थेस्पियन्स'में राष्ट्रीय फाइनलिस्ट के रूप में भाग लिया।
- 2023 बैच के एक प्रतिभागी ने भा.प्र.सं. बैंगलोर द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम 'स्पॉटलाइट'में राष्ट्रीय फाइनलिस्ट के रूप में भाग लिया।
- 2023 बैच के एक प्रतिभागी ने भा.प्रौ.सं. रूड़की द्वारा आयोजित प्रबंधन और साहित्यिक क्षेत्र की प्रतियोगिता 'स्ट्रैटेजी शोडाउन' में प्रथम रनर–अप स्थान प्राप्त किया।
- 2023 बैच के दो प्रतिभागियों ने भा.प्रौ.सं. बीएचयू के ई–सेल द्वारा आयोजित 'द बिग ब्रांड थ्योरी – जीटीएम स्ट्रैटेजी प्रतियोगिता' में द्वितीय रनर–अप स्थान प्राप्त किया।
- 2023 बैच के एक प्रतिभागी ने 180 डिग्री कंसल्टिंग एसआरसीसी द्वारा आयोजित 'केस 180: पॉलिसी कंसल्टिंग केस प्रतियोगिता' में राष्ट्रीय फाइनलिस्ट के रूप में भाग लिया।
- 2023 बैच के एक प्रतिभागी ने भा.प्रौ.सं. रूड़की और मास्टर्स यूनियन द्वारा आयोजित परामर्श क्षेत्र की प्रतियोगिता 'स्ट्रैटेजी शोडाउन' में प्रथम रनर–अप स्थान प्राप्त किया।
- 2023 बैच के एक प्रतिभागी ने एफएमएस, नई दिल्ली द्वारा आयोजित परामर्श प्रतियोगिता 'चाणक्य 12.0' में द्वितीय रनर–अप स्थान प्राप्त किया।

- 2024 बैच के एक प्रतिभागी ने भारतीय स्टेट बैंक और भा.प्रौ.सं. बॉम्बे के टेकफेस्ट द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित 'एसबीआई क्रैक द केस प्रतियोगिता' में द्वितीय रनर–अप स्थान प्राप्त किया और ₹ 20,000 की नकद पुरस्कार राशि प्राप्त की।
- 2024 बैच के तीन प्रतिभागियों ने आईएसबी (अद्वैत उत्सव)) द्वारा आयोजित 'इकोविज़न सस्टेनेबिलिटी केस चैलेंज ' में द्वितीय रनर–अप स्थान प्राप्त किया।
- 2024 बैच के दो प्रतिभागियों ने भा.प्रौ.सं. कानपुर द्वारा आयोजित 'सेल योर सोल ई–समिट केस प्रतियोगिता' में प्रथम रनर–अप स्थान प्राप्त किया।

प्रबंधन में डॉक्टरेट कार्यक्रम (डीपीएम)

कार्यक्रम के बारे में

प्रतिभागियों को प्रबंधन विज्ञान के क्षेत्र में अनुसंधान कर इस क्षेत्र में योगदान देने का अवसर प्रदान करता है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को प्रशिक्षण, अनुसंधान और परामर्श के क्षेत्र में करियर के लिए तैयार करना है।

भा.प्र.सं. इंदौर का डॉक्टोरल प्रोग्राम एक उत्कृष्ट डॉक्टोरल कार्यक्रम है, जो प्रबंधन शोधार्थियों को ज्ञान की गहराई और व्यापकता प्रदान करता है। एक ओर यह कार्यक्रम प्रतिभागियों को प्रबंधन अनुसंधान के लिए आवश्यक पद्धतिगत उपकरणों में दक्ष बनाता है, वहीं दूसरी ओर प्रबंधन ज्ञान की वर्तमान संरचना को आगे बढ़ाने का प्रयास करता है। यह कार्यक्रम शिक्षाविदों के रूप में या शैक्षिक क्षेत्र के बाहर शोधात्मक भूमिकाओं में करियर के अवसर प्रदान करता है। इसका कठोर पाठ्यक्रम प्रतिभागियों को शैक्षिक करियर के लिए अच्छी तरह तैयार करता है और उन्हें अपने अनुसंधान क्षेत्र में अमिट छाप छोड़ने में सक्षम बनाता है। यह कार्यक्रम प्रबंधन से संबंधित कई विषयों में विशेषीकरण प्रदान करता है।

इस कार्यक्रम की शुरुआत शैक्षणिक वर्ष 2006–07 में हुई थी। तब से भा.प्र.सं. इंदौर ने भारतीय प्रबंध संस्थानों में गुणवत्तापूर्ण संकाय की आवश्यकता को पूरा करने के लिए निरंतर प्रयास किए हैं। इस कार्यक्रम के प्रतिभागियों ने नियमित रूप से अनुसंधान और प्रकाशनों के माध्यम से ज्ञान के क्षेत्र में योगदान दिया है।

संरचना

प्रबंधन में डॉक्टरेट कार्यक्रम की पाठ्यक्रम अवधि 18 महीने की है, जिसका विवरण नीचे दिया गया है:

पाठ्यक्रम का प्रकार	अवधि -I	अवधि -II	अवधि -III	अवधि -IV	अवधि -V	कुल क्रेडिट
अनिवार्य पीजीपी पाठ्यक्रम	29	26	4			59
अनिवार्य डीपीएम पाठ्यक्रम			2	1	1	4
अनिवार्य डीपीएम क्षेत्र + पाठ्यक्रम क्षेत्र निर्दिष्ट			8	4 + 4		16
संबंधित क्षेत्र पाठ्यक्रम			4			4
डीपीएम वैकल्पिक पाठ्यक्रम				8	12	20
(क्षेत्र / गैर–क्षेत्र)			1	1		2
कार्यशाला	29	26	19	18	13	105
(अनिवार्य)						4
कुल क्रेडिट (ए+बी)						**109**

समाप्त पाठ्यक्रम पूरा करने के बाद प्रतिभागी क्षेत्र समग्र परीक्षा (एसीई) देते हैं। यह परीक्षा यह मूल्यांकन करती है कि क्या प्रतिभागी ने अपने विशेषज्ञता क्षेत्र में पर्याप्त ज्ञान प्राप्त कर लिया है और क्या संबंधित क्षेत्र में लिए गए विभिन्न पाठ्यक्रमों का समुचित समाकलन किया गया है।

समग्र परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद प्रतिभागी शोध प्रबंध चरण में प्रवेश करता है। प्रत्येक प्रतिभागी को एक शोध परामर्श समिति (तीन से चार संकाय सदस्यों की समिति) से मार्गदर्शन प्राप्त होता है। एक शोध विषय की पहचान की जाती है और प्रतिभागी शोध प्रस्ताव विकसित करता है। प्रतिभागी की शोध परामर्श समिति संस्थान की शैक्षिक समुदाय के समक्ष शोध प्रस्ताव पर एक सार्वजनिक संगोष्ठी का आयोजन करती है। शोध प्रस्ताव अनुमोदित हो जाने के बाद प्रतिभागी समिति के साथ मिलकर अपने शोध प्रबंध को पूर्ण करता है। प्रतिभागी एक सार्वजनिक संगोष्ठी देता है, शोध प्रबंध प्रस्तुत करता है और अनुसंधान पूर्ण होने के बाद उसका प्रतिरक्षण करता है।

अन्य आवश्यकताएँ:

1. राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में शोध पत्रों की प्रस्तुति (कम से कम दो सम्मेलन);
2. समकक्ष समीक्षा वाले शोध पत्रिकाओं में प्रकाशन;

- एबीडीसी वर्गीकरण में कम से कम बी श्रेणी की एक प्रकाशित शोध–पत्र

या

- एबीडीसी वर्गीकरण में ए या उससे ऊपर श्रेणी की पत्रिका में "पुनरीक्षण एवं पुनःप्रस्तुति" की स्थिति प्राप्त होना।

प्रबंधन में कार्यकारी डॉक्टरेट कार्यक्रम (ईडीपीएम)

भारत में प्रबंधन शिक्षा के तीव्र विस्तार के साथ, शीर्ष प्रबंधन संस्थानों को ऐसे उत्कृष्ट शोधकर्ता और शिक्षाविद तैयार करने की आवश्यकता है जिनके पास व्यापक व्यावहारिक अनुभव हो, ताकि प्रबंधन संस्थानों में संकाय की बढ़ती माँग को पूरा किया जा सके। यदि वास्तविक जीवन का अनुभव रखने वाले व्यक्तियों को शिक्षाजगत में लाया जाए, तो प्रबंधन शिक्षा अधिक उद्देश्यपूर्ण और प्रभावी बन सकती है। भा.प्र.सं. इंदौर में कार्यकारी डॉक्टोरल कार्यक्रम (ईडीपीएम) इसी दिशा में एक प्रयास है। यह कार्यक्रम वर्ष 2011 में प्रारंभ किया गया था और इसका उद्देश्य उद्योग तथा शिक्षा क्षेत्र के बीच सहयोग को प्रोत्साहित करना है। यह कार्यक्रम उन लोगों को शैक्षिक शोध की दृष्टि से समृद्ध बनाता है जिनके पास पहले से ही किसी विशिष्ट क्षेत्र में ज्ञान और अनुभव है। यह प्रतिभागियों को शैक्षिक क्षेत्र में पूर्णकालिक/अंशकालिक करियर या शैक्षिक क्षेत्र से बाहर अनुसंधान संबंधी पदों के अवसर प्रदान करता है।

- प्रबंधन क्षेत्र एवं इसके विभिन्न कार्यात्मक क्षेत्रों का समग्र परिचय देना;
- विभिन्न शिक्षण विधियों एवं तकनीकों के विकास तथा प्रभावी उपयोग में योगदान देना;
- शोध के उपकरणों और तकनीकों में योगदान देना;
- प्रतिभागियों की विशेषज्ञता के शैक्षणिक आधार को सुदृढ़ करना।

संरचना

कार्यकारी डॉक्टरेट कार्यक्रम (प्रबंधन) की पाठ्यक्रम अवधि 15 माह की होती है। इसमें परिसर (ऑन–कैंपस) और परिसर से बाहर (ऑफ–कैंपस) चरणों का संतुलित समावेश होता है। प्रत्येक मॉड्यूल की शुरुआत में 6 से 8 दिनों का ऑन–कैंपस चरण होता है, जिसके बाद सप्ताहांत में ऑनलाइन सत्र आयोजित किए जाते हैं। पाठ्यक्रम का विवरण निम्नानुसार है:

पाठ्यक्रम के प्रकार	मॉड्यूल -I	मॉड्यूल -II	मॉड्यूल -III	मॉड्यूल - IV	कुल क्रेडिट
मुख्य पाठ्यक्रम	18	2	6	4	30
क्षेत्र अनिवार्य पाठ्यक्रम		4			4
क्षेत्र अनिवार्य शोध विधियाँ			6		6
क्षेत्र ऐच्छिक			4	4	8
गैर–क्षेत्र ऐच्छिक				4	4
कुल क्रेडिट	18	6	16	12	52

पाठ्यक्रम पूर्ण होने के पश्चात प्रतिभागी क्षेत्रीय अर्हता परीक्षा (ए.क्यू.ई.) देते हैं। यह परीक्षा यह मूल्यांकन करती है कि प्रतिभागी ने अपने विशिष्टीकरण क्षेत्र में पर्याप्त ज्ञान प्राप्त कर लिया है या नहीं, और क्या क्षेत्र से संबंधित विभिन्न पाठ्यक्रमों का संतोषजनक रूप से एकीकरण हो चुका है।

समग्र परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात प्रतिभागी शोध चरण में प्रवेश करता है। प्रत्येक प्रतिभागी को एक शोध परामर्श समिति (जिसमें तीन से चार संकाय सदस्य होते हैं) से मार्गदर्शन प्राप्त होता है। एक शोध विषय चिन्हित किया जाता है और प्रतिभागी शोध प्रस्ताव तैयार करता है। प्रतिभागी की शोध परामर्श समिति उसके शोध प्रस्ताव पर भा.प्र.सं. इंदौर की शैक्षिक समुदाय के समक्ष एक सार्वजनिक संगोष्ठी आयोजित करती है। प्रस्ताव स्वीकृत हो जाने के बाद प्रतिभागी समिति के साथ मिलकर शोध पूर्ण करता है। शोध कार्य पूर्ण होने पर प्रतिभागी एक सार्वजनिक संगोष्ठी आयोजित करता है, शोध प्रबंध प्रस्तुत करता है, और उसका मौखिक परीक्षण देता है।

अन्य आवश्यकताएँ

1. राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में शोधपत्र प्रस्तुत करना (कम से कम दो सम्मेलन);
2. समीक्षीत जर्नल में शोधपत्र प्रकाशित करना;
   - कम से कम बी श्रेणी (एबीडीसी वर्गीकरण या समतुल्य) में एक प्रकाशन

     या
   - ए या उससे ऊपर की श्रेणी (एबीडीसी वर्गीकरण या समतुल्य) में 'संशोधित कर पुनः प्रस्तुत करें' की स्थिति प्राप्त करना।

प्रबंधन और शासन में कार्यकारी डॉक्टरेट कार्यक्रम (ईडीपीएमजी)

प्रबंधन एवं शासन में कार्यकारी डॉक्टोरल कार्यक्रम (ई.डी.पी.एम.जी.) भारतीय प्रशासनिक सेवा एवं भारतीय सशस्त्र बलों के वरिष्ठ अधिकारियों हेतु एक विशिष्ट डॉक्टोरल कार्यक्रम है। यह कार्यक्रम वर्ष 2021 में प्रारंभ किया गया था और यह अधिकारियों के लिए भा.प्र.सं. द्वारा प्रस्तुत प्रथम कार्यक्रमों में से एक है, जो प्रबंधन में पीएच.डी. उपाधि प्रदान करता है। यह कार्यक्रम कठोर पाठ्यक्रम शिक्षण तथा देश के कुछ सर्वश्रेष्ठ प्रबंधन शोधकर्ताओं के निर्देशन में शोध करने का अवसर प्रदान करता है। भा.प्र.सं. इंदौर प्रबंधन क्षेत्र में देश के सबसे बड़े डॉक्टोरल प्रतिभागी समूहों में से एक है (अपने समस्त डॉक्टोरल कार्यक्रमों में 200 से अधिक प्रतिभागी)। यह अपेक्षित है कि यह कार्यक्रम भा. प्र.सं. इंदौर को प्रभावी राष्ट्रीय शासन एवं राष्ट्र–निर्माण में योगदान देने में सक्षम बनाएगा। इसके अतिरिक्त, यह देश के प्रशासनिक अधिकारियों, सैन्य अधिकारियों एवं सार्वजनिक प्रबंधकों के अनुभव व क्षमताओं का लाभ लेते हुए उनकी दक्षताओं को सुदृढ़ करेगा तथा उन्हें अनुसंधान हेतु प्रेरित करेगा।

प्रबंधन एवं शासन में कार्यकारी डॉक्टोरल कार्यक्रम की पाठ्यक्रम अवधि 15 माह की होती है। इसमें परिसर आधारित एवं परिसर से बाहर संचालित चरणों का संतुलित मिश्रण होता है। प्रत्येक मॉड्यूल में 6–8 दिन का परिसर आधारित चरण होता है, जो प्रायः मॉड्यूल की शुरुआत में होता है, जिसके पश्चात सप्ताहांत पर ऑनलाइन सत्र आयोजित किए जाते हैं। पाठ्यक्रम की रूपरेखा निम्नानुसार है:

संरचना

पाठ्यक्रम के प्रकार	मॉड्यूल -I	मॉड्यूल -II	मॉड्यूल -III	मॉड्यूल-IV	कुल क्रेडिट
मुख्य पाठ्यक्रम	18	2	6	4	30
क्षेत्र अनिवार्य पाठ्यक्रम		4			4
क्षेत्र अनिवार्य शोध विधियाँ			6		6
क्षेत्र ऐच्छिक			4	4	8
गैर–क्षेत्र ऐच्छिक				4	4
कुल क्रेडिट	**18**	**6**	**16**	**12**	**52**

पाठ्यक्रम पूर्ण करने के पश्चात, प्रतिभागी "क्षेत्रीय अर्हता परीक्षा" (ए.क्यू.ई.) में सम्मिलित होते हैं। यह समग्र परीक्षा यह आकलन करती है कि प्रतिभागी ने अपने विशेषीकरण के क्षेत्र में पर्याप्त ज्ञान प्राप्त कर लिया है या नहीं, तथा क्या संबंधित पाठ्यक्रमों का समेकन संतोषजनक रूप से हुआ है।

समग्र परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात प्रतिभागी शोध–अवस्था में प्रवेश करता है। प्रत्येक प्रतिभागी को एक शोध सलाहकार समिति (तीन से चार संकाय सदस्यों की) द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है। एक शोध विषय निर्धारित किया जाता है और प्रतिभागी एक शोध प्रस्ताव विकसित करता है। प्रतिभागी की शोध सलाहकार समिति (टी.ए.सी.) भा.प्र.सं. इंदौर की शैक्षणिक समुदाय के समक्ष शोध प्रस्ताव पर एक सार्वजनिक संगोष्ठी का आयोजन करती है। शोध प्रस्ताव स्वीकृत होने के पश्चात प्रतिभागी टी.ए.सी. के साथ निकटता से कार्य करता है और अपना शोध पूर्ण करता है। शोध पूर्ण होने के उपरांत प्रतिभागी एक सार्वजनिक संगोष्ठी देता है, शोध प्रबंध प्रस्तुत करता है, और उसका बचाव करता है।

अन्य आवश्यकताएँ:

1. राष्ट्रीय / अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठियों में शोध पत्रों की प्रस्तुति (कम से कम दो संगोष्ठियाँ);
2. समीक्षित शोध–पत्रिकाओं में शोध पत्र प्रकाशित करना:
   - कम से कम बी श्रेणी की ए.बी.डी.सी. वर्गीकरण या समतुल्य श्रेणी में एक प्रकाशन

     या
   - ए श्रेणी या उससे ऊपर की ए.बी.डी.सी. वर्गीकरण या समतुल्य में 'संशोधन कर पुनः प्रस्तुत करें' की स्थिति में एक प्रकाशन।

डी.पी.एम., ई.डी.पी.एम. एवं ई.डी.पी.एम.जी. में नामांकन

वर्ष 2024–25 तक, भा.प्र.सं. इंदौर ने इन कार्यक्रमों में लगभग 461 प्रतिभागियों का नामांकन किया है (नीचे दी गई तालिकाओं (क), (ख) एवं (ग) में देखें)।

(ए) डीपीएम: क्षेत्रवार एवं वर्षवार सारांश

क्षेत्र	2024-25	2023-24	2022-23	2021-22	2020-21	2019-20	2018-19	2017-18	2016-17	2015-16	2014-15	2013-14	2012-13	2011-12	2010-11	2009-10	2008-09	2007-08	2006-07
संचार	02	शून्य	01	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	01	02	शून्य	शून्य	01	शून्य	शून्य	शून्य
अर्थशास्त्र	02	03	02	03	02	02	शून्य	02	01	03	01	02	03	03	01	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
वित्त एवं लेखा	02	01	04	01	06	03	03	01	01	01	01	01	03	02	02	07	03	शून्य	01
मानविकी और सामाजिक विज्ञान	04	02	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
सूचना प्रणाली	शून्य	शून्य	शून्य	01	02	शून्य	01	02	02	01	शून्य	03	01	शून्य	03	01	शून्य	शून्य	शून्य
विपणन प्रबंधन	06	01	01	03	02	02	01	03	01	04	03	03	02	02	01	02	01	01	शून्य
ओबी एवं एचआरएम	05	01	01	03	03	06	01	06	02	03	02	शून्य	03	03	03	01	शून्य	01	शून्य
संचालन प्रबंधन	04	05	02	05	03	04	03	02	02	01	03	02	03	02	03	02	शून्य	शून्य	शून्य
रणनीतिक प्रबंधन	02	01	03	02	02	01	02	01	01	01	03	01	03	02	01	01	शून्य	शून्य	शून्य
कुल	27	14	14	18	20	18	11	17	10	14	13	13	20	14	14	15	04	02	01

(बी) ईडीपीएमः क्षेत्रवार एवं वर्षवार सारांश

क्षेत्र	2024-25	2023-24	2022-23	2021-22	2020-21	2019-20	2018-19	2017-18	2016-17	2015-16	2014-15	2013-14	2012-13	2011-12
संचार	शून्य	शून्य	01	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	01	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
अर्थशास्त्र	04	01	02	02	शून्य	शून्य	शून्य	01	शून्य	शून्य	01	शून्य	शून्य	01
वित्त एवं लेखा	01	01	शून्य	02	03	01	02	शून्य	01	शून्य	02	शून्य	02	01
मानविकी और सामाजिक विज्ञान	01	01	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
सूचना प्रणाली	04	04	02	02	05	शून्य	01	01	01	02	01	02	03	शून्य
विपणन प्रबंधन	04	04	04	06	07	01	शून्य	01	शून्य	02	01	03	01	01
ओबी एवं एचआरएम	शून्य	01	01	03	04	02	शून्य	01	02	02	02	01	03	शून्य
संचालन प्रबंधन	05	05	03	04	06	शून्य	शून्य	01	01	शून्य	शून्य	01	01	02
रणनीतिक प्रबंधन	03	02	03	01	10	01	01	05	02	शून्य	02	02	04	02
कुल	**22**	**19**	**16**	**20**	**35**	**05**	**04**	**10**	**07**	**07**	**09**	**09**	**14**	**7**

(सी) ईडीपीएमजीः क्षेत्रवार एवं वर्षवार सारांश

क्षेत्र	2024–25	2023–24	2022–23	2021–22
संचार	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
अर्थशास्त्र	01	शून्य	01	शून्य
वित्त और लेखा	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
मानविकी और सामाजिक विज्ञान	शून्य	01	शून्य	शून्य
सूचना प्रणाली	01	शून्य	02	शून्य
विपणन प्रबंधन	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
ओबी और एचआरएम	शून्य	03	02	शून्य
संचालन प्रबंधन	03	शून्य	शून्य	01
रणनीतिक प्रबंधन	शून्य	02	01	शून्य
कुल	**05**	**06**	**06**	**01**

डी.पी.एम. के तेरह (13) प्रतिभागियों और डी.पी.एम. तथा ई.डी.पी.एम. के छह–छह (6) प्रतिभागियों ने डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की उपाधि प्राप्त करने की पात्रता प्राप्त कर ली है।

वर्ष 2024–25 तक कुल 208 प्रतिभागी इन कार्यक्रमों को पूर्ण कर चुके हैं (डी.पी.एम. – 151 + ई.डी.पी.एम.-57)।

2024–25 के दौरान आयोजित अतिथि व्याख्यान / शोध संगोष्ठियों की संख्या-44

अतिथि संकाय / वक्ता द्वारा: 26

क्र.सं.	सेमिनार की तिथि	अध्यक्ष का नाम	संस्थान संबद्धता
1	4–अप्रैल–2024	डॉ. अर्पिता जोआरदार	एसोसिएट प्रोफेसर, चार्लटन कॉलेज ऑफ बिजनेस, यूनिवर्सिटी ऑफ यूमास, डार्टमाउथ, एमए।
2	24–मई–2024	श्री डी. राधाकृष्ण	अध्यक्ष, त्रिपुरा विद्युत विनियामक आयोग (ईआरसी), त्रिपुरा।
3	10–जुलाई–2024	प्रो. कौशिक चौधरी	लीड्स यूनिवर्सिटी बिजनेस स्कूल, लीड्स, यूनाइटेड किंगडम में अर्थशास्त्र के प्रोफेसर
भारतीय प्रबंध संस्थान इंदौर (भा.प्र.सं. इंदौर) को प्रतिष्ठित एएसीएसबी इंटरनेशनल द्वारा छह वर्षों के लिए पुनः प्रत्यायन प्राप्त हुआ है, जो प्रबंधन शिक्षा में उत्कृष्टता के प्रति इसकी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। प्रोफेसर हिमाँशु राय के नेतृत्व में संस्थान ने पहली बार वर्ष 2019 में एएसीएसबी प्रत्यायन प्राप्त किया था और यह शिक्षण, अनुसंधान एवं पाठ्यक्रम विकास में इसके कठोर मानकों को लगातार पूरा करता आ रहा है। प्रो. राय ने उल्लेख किया कि यह पुनः प्रत्यायन नवाचार, सामाजिक प्रभाव और शैक्षणिक उत्कृष्टता के प्रति भा.प्र.सं. इंदौर की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है। संस्थान का लक्ष्य वैश्विक पहुँच को सुदृढ़ करना, अनुसंधान को और गहरा बनाना और उत्तरदायी नेतृत्व को विकसित करना है।

भा.प्र.सं. इंदौर ने एनआईआरएफ 2024 में राष्ट्रीय स्तर पर 8वाँ स्थान प्राप्त किया है और एडयूनिवर्सल रैंकिंग 2024 में केंद्रीय एशिया में तीसरा स्थान प्राप्त करते हुए भारत में 4 पाम्स श्रेणी में शीर्ष स्थान बनाए रखा है। संस्थान के कार्यकारी शिक्षा कार्यक्रमों को भी मान्यता प्राप्त हुई हैकृक्यूएस ईएमबीए 2024 में पीजीपीएमएक्स को एशिया पैसिफिक में 25वाँ स्थान प्राप्त हुआ है, और फाइनेंशियल टाइम्स एक्जीक्यूटिव एजुकेशन रैंकिंग्स में भी संस्थान की प्रभावी उपस्थिति दर्ज हुई है। उत्तरदायी प्रबंधन शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता के चलते, भा.प्र.सं. इंदौर को यूएन पीआरएमई रेटिंग्स में "लेवल 5 पायनियरिंग स्कूल्स" की मान्यता प्राप्त हुई है। संस्थान ₹ 509.76 करोड़ की लागत से नेट–ज़ीरो कैम्पस विस्तार में निवेश कर रहा है, जिसमें नवीन शैक्षणिक एवं आवासीय सुविधाएँ शामिल हैं।

भा.प्र.सं. इंदौर निरंतर नवाचार कर रहा है, जिसमें हिमालयन आउटबाउंड और ग्रामीण सहभागिता जैसे कार्यक्रम शामिल हैं, और अब इनकी अंतर्राष्ट्रीय भागीदारी को विस्तारित करने की योजना है। संस्थान ग्लासगो विश्वविद्यालय के साथ मिलकर ग्रामीण शासन और नीति क्रियान्वयन पर केंद्रित एक विशेष प्रबंधन विकास कार्यक्रम भी प्रारंभ करेगा। संस्थान असमानता, शहरीकरण और सततता जैसे मुद्दों को संबोधित करने वाली पहलों के माध्यम से राष्ट्र–निर्माण को सक्रिय रूप से समर्थन देता हैकृजैसे महिलाओं की सूक्ष्म उद्यमिता को सशक्त बनाना और आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय के साथ कचरा प्रबंधन पर सहयोग।

एएसीएसबी की पुनः मान्यता से भा.प्र.सं. इंदौर की वैश्विक प्रतिष्ठा और सुदृढ़ हुई है, जो नैतिक और दूरदर्शी नेतृत्व निर्माण की अपनी प्रतिबद्धता को सशक्त बनाते हुए प्रबंधन शिक्षा के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रभाव पैदा करने के लिए संकल्पित है।

भा.प्र.सं. इंदौर ने एफ.टी. ग्लोबल एम.बी.ए. रैंकिंग्स 2025 में 20 स्थानों की छलांग लगाते हुए 69वाँ स्थान हासिल किया

भारतीय प्रबंध संस्थान इंदौर (भा.प्र.सं. इंदौर) ने फ़ाइनेंशियल टाइम्स ग्लोबल एमबीए रैंकिंग्स 2025 में 20 स्थानों की छलांग लगाकर वैश्विक स्तर पर 69वाँ स्थान प्राप्त किया है, जो 2024 में 89वाँ था। कार्यकारी स्नातकोत्तर प्रबंध कार्यक्रम (ईपीजीपी) के लिए यह उपलब्धि प्राप्त करते हुए संस्थान अब सभी भा.प्र.सं. में चौथे स्थान पर पहुँच गया है, जो इसके राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय महत्व को सुदृढ़ करता है।

संस्थान के निदेशक प्रोफेसर हिमाँशु राय ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे संस्थान की उत्कृष्टता, नवाचार और मजबूत पूर्व छात्र प्रभाव की निरंतर प्रतिबद्धता का परिणाम बताया। संस्थान की ट्रिपल क्राउन मान्यता (इक्विस, एएसीएसबी, एएमबीए) और ईएसजी पहलों पर केंद्रित दृष्टिकोण इसकी सफलता में प्रमुख भूमिका निभाते हैं।

2025 की रैंकिंग्स में 150 से अधिक वैश्विक रूप से मान्यता प्राप्त एमबीए कार्यक्रम शामिल हैं, जिनमें भा.प्र.सं. इंदौर का ईपीजीपी अपने मजबूत पाठ्यक्रम, विश्व–स्तरीय संकाय और करियर संवर्धन अवसरों के लिए विशिष्ट रूप से पहचाना गया है। इस वर्ष का 73 पेशेवरों का ईपीजीपी समूह, जो अब तक का सबसे बड़ा है, विविध औद्योगिक अनुभव, अंतर्राष्ट्रीय इमर्शन और वैश्विक नेटवर्किंग का लाभ प्राप्त कर रहा है।

आगे की दिशा में, भा.प्र.सं. इंदौर शीर्ष 50 वैश्विक रैंकिंग प्राप्त करने का लक्ष्य लेकर, नई पहलों और वैश्विक साझेदारियों के विस्तार के लिए प्रयासरत है।

भा.प्र.सं. इंदौर को पाँच वर्षों के लिए एएमबीए द्वारा पुनः प्रत्यायन (री–एक्रेडिटेशन) प्राप्त हुआ है, जिससे इसकी वैश्विक प्रतिष्ठा और अधिक सुदृढ़ हुई

भारतीय प्रबंध संस्थान इंदौर (भा.प्र.सं. इंदौर) को यूनाइटेड किंगडम की प्रतिष्ठित एसोसिएशन ऑफ एमबीएज़ (एएमबीए) से अधिकतम पाँच वर्षों के लिए पुनः प्रत्यायन (री–एक्रेडिटेशन) प्राप्त हुआ है यह संस्थान का लगातार तीसरा प्रत्यायन है। यह प्रत्यायन संस्थान के सभी प्रमुख एमबीए कार्यक्रमोंकृपीजीडीपी, पीजीपीएचआरएम, ईपीजीडीपी, पीजीपीएमएक्स और आईपीएम (चतुर्थ एवं पंचम वर्ष)कृको शामिल करता है, जो इसकी डिग्रियों की वैश्विक मान्यता और उच्च शैक्षिक गुणवत्ता को प्रमाणित करता है।

भा.प्र.सं. इंदौर के निदेशक प्रोफेसर हिमाँशु राय ने कहा, "यह पुनः प्रत्यायन हमारी वैश्विक उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करता है और हमारे संस्थान की सामूहिक निष्ठा को दर्शाता है। यह सुनिश्चित करता है कि हमारे स्नातक एक गतिशील वैश्विक व्यावसायिक परिदृश्य में नेतृत्व करने के लिए सुसज्जित हैं।"

एएमबीए एक प्रतिष्ठित वैश्विक प्रत्यायन संस्था है जो एएसीएसबी और इक्वीस के साथ मिलकर 'ट्रिपल क्राउन' प्रत्यायन का निर्माण करती है, जो भा.प्र.सं. इंदौर के पास है। यह उपलब्धि पाठ्यक्रम, शिक्षणशास्त्र, अनुसंधान एवं छात्र परिणामों में संस्थान के कठोर मानकों को उजागर करती है।

भा.प्र.सं. इंदौर की वैश्विक साझेदारियाँ 26 देशों के 64 संस्थानों तक फैली हुई हैं, जो अंतर्राष्ट्रीय छात्र विनिमय एवं संयुक्त कार्यकारी शिक्षा कार्यक्रमों की सुविधा प्रदान करती हैं। संस्थान को उत्तरदायी प्रबंधन शिक्षा और सततता पर केंद्रित कार्यों के लिए संयुक्त राष्ट्र पीआरएमई रेटिंग्स में 'लेवल 5 पायनियरिंग स्कूल' के रूप में भी मान्यता प्राप्त हुई है।

राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष प्रबंधन संस्थानों में शुमार, भा.प्र.सं. इंदौर नवाचार, नेतृत्व विकास और उद्योग सहभागिता के माध्यम से अपनी दृष्टि को आगे बढ़ाता हुआ प्रबंधन शिक्षा में नए प्रतिमान स्थापित कर रहा है।

2024–25 के दौरान भा.प्र.सं. इंदौर द्वारा हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन (एमओयू)

2024–25 के दौरान हस्ताक्षरित घरेलू समझौता ज्ञापन	
क्र.सं.	संस्थाओं / संगठनों का नाम
1	भारतीय भूमि पत्तन प्राधिकरण, नई दिल्ली
2	मौलाना आज़ाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, भोपाल
3	राष्ट्रीय नीति अनुसंधान, नवाचार एवं प्रशिक्षण दूरसंचार संस्थान (एनटीपीआरआईटी), गाजियाबाद
4	राष्ट्रीय रक्षा उत्पादन अकादमी, रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, नागपुर
5	एगॉन ज़ेंडर इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड, गुड़गांव
6	इंदौर स्मार्ट सिटी लिमिटेड और इंदौर नगर निगम, इंदौर
7	सेना प्रशिक्षण कमान, मुख्यालय एआरटीआरएसी, शिमला
8	महाराजा सयाजीराव बड़ौदा विश्वविद्यालय, वडोदरा
9	हिंदुस्तान पेट्रोलियम कंपनी लिमिटेड, मुंबई
10	सेना प्रशिक्षण कमान और आर्मी वॉर कॉलेज, महू (नवीनीकरण)

2024–25 के दौरान हस्ताक्षरित अंतर्राष्ट्रीय समझौता ज्ञापन	
क्र.सं.	संस्थाओं / संगठनों का नाम
1	जेडएचएडब्ल्यू स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एंड लॉ, स्विट्ज़रलैंड
2	सोफिया यूनिवर्सिटी सेंट क्लिमेंट ओहरिडस्की, बुल्गारिया
3	यूबीआई बिजनेस स्कूल, ब्रुसेल्स, बेल्जियम
4	एचएसई यूनिवर्सिटी, सेंट पीटर्सबर्ग, रूस
5	फंडाकाओ डोम कैब्रल, ब्राज़ील
6	क्लीवलैंड स्टेट यूनिवर्सिटी, ओहायो, अमेरिका
7	यूपीएफ बार्सिलोना स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, स्पेन
8	नॉर्थ कैरोलिना विश्वविद्यालय, ग्रीन्सबोरो, अमेरिका
9	बुडापेस्ट का कॉर्विनस विश्वविद्यालय, हंगरी
10	सूचो विश्वविद्यालय, चीन
11	क्रिस्टियानिया यूनिवर्सिटी कॉलेज, नॉर्वे
12	लिनियस विश्वविद्यालय, स्वीडन का बिजनेस एंड इकोनॉमिक्स स्कूल
13	नेशनल सन यात–सेन विश्वविद्यालय (एनएसवाईएसयू), ताइवान का कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
14	स्कोल्कोवो स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, मॉस्को, रूस
15	रोम बिजनेस स्कूल, इटली

11. सम्मेलन, कार्यशालाएँ एवं व्याख्यान

भा.प्र.सं. इंदौर में सीईआरई के चौदहवें संस्करण का सफल समापन

भा.प्र.सं. इंदौर में 31 मई से 2 जून, 2024 तक चौदहवाँ अंतर्राष्ट्रीय अनुसंधान एवं शिक्षा सम्मेलन (सीईआरई) आयोजित किया गया। तीन दिवसीय इस आयोजन में विविध शोध पत्र प्रस्तुतियाँ और कार्यशालाएँ हुईं, जिसने सीईआरई को वैश्विक शैक्षणिक संवाद और नवाचार के एक प्रमुख मंच के रूप में और सुदृढ़ किया। विभिन्न विषयों के विद्वानों ने उन्नत शोध साझा किए, जिससे विश्वव्यापी सहयोग को प्रोत्साहन मिला।

सम्मेलन के समापन सत्र में भा.प्र.सं. इंदौर के निदेशक प्रो. हिमाँशु राय ने विचारपूर्ण संवाद के माध्यम से अहम मुद्दों के समाधान में शिक्षावर्ग की भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने पर्यावरण, सामाजिक और शासन (ईएसजी) जैसे विषयों की महत्ता पर बल देते हुए सतत विकास और नैतिक आचरण को आगे बढ़ाने में नवयुवक शोधकर्ताओं के योगदान की सराहना की। साथ ही उन्होंने आयोजन समिति और विद्यार्थियों के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए संस्थान की शैक्षिक उत्कृष्टता को व्यावहारिक प्रभाव से जोड़ने की प्रतिबद्धता दोहराई।

प्रो. मनीष पॉपली, प्रबंध अध्ययन में डॉक्टोरल कार्यक्रम के अध्यक्ष ने बताया कि इस वर्ष सम्मेलन का मुख्य केंद्र बिंदु जलवायु संकट और अंतर्राष्ट्रीय संघर्षों के बीच ईएसजी आधारित मूल्य सृजन रहा। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि कई व्यवसायों को ईएसजी प्रतिबद्धताओं को वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में दीर्घकालिक सफलता से जोड़ने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है।

दूसरे दिन दो कार्यशालाएँ आयोजित की गईं: भा.प्र.सं. अहमदाबाद के डॉ. सम्राट गुप्ता ने सोशल नेटवर्क विश्लेषण पर एक सत्र का संचालन किया, जिसमें सिद्धांत को व्यावहारिक उपकरणों के साथ समन्वित कर प्रस्तुत किया गया। अहमदाबाद विश्वविद्यालय के प्रो. रामाधार सिंह ने शोध की गुणवत्ता में वृद्धि पर कार्यशाला आयोजित की, जिसमें उन्होंने डॉक्टोरल अनुसंधान और प्रकाशनों में विशेष रूप से प्रायोगिक और व्यक्तित्व–आधारित व्यवहार विज्ञान अनुसंधान में कठोर दृष्टिकोण अपनाने पर बल दिया।

सम्मेलन के अंतिम दिन 118 से अधिक शोधार्थियों ने शोध पत्र प्रस्तुत किए, जो विविध और नवोन्मेषी विषयों को समाहित करते थे। सम्मेलन का समापन समापन समारोह के साथ हुआ, जिसमें उत्कृष्ट योगदानों को सम्मानित किया गया और सर्वश्रेष्ठ शोध पत्र पुरस्कार प्रदान किए गए।

स्थान	पुरस्कार राशि	लेखक का नाम	शीर्षक	कॉलेज / संस्थान
सर्वश्रेष्ठ पेपर	₹25,000	राजुला अब्दुल रशीद	प्रबंधकीय पदों पर करियर की प्रगति में लैंगिक बाधाएँ: भारतीय महिला कर्मचारियों का मामला	एमईएस मेम्पड़ कॉलेज में डॉक्टरेट छात्र
सर्वश्रेष्ठ पेपर (द्वितीय)	₹20,000	सृष्टिबचवानी	इंस्टाग्राम के माध्यम से खाद्य अपशिष्ट में कमी: प्रभावशाली लोगों की संचार रणनीतियों का विश्लेषण	भा.प्र.सं. लखनऊ में डॉक्टरेट छात्र
सर्वश्रेष्ठ पेपर (तृतीय)	₹15,000	सत्यजीत कामिला	भारत में सरकारी ई–मार्केटप्लेस (जीईएम) पोर्टल को अपनाने में आने वाली बाधाओं की पहचान और विश्लेषण	भा.प्र.सं. इंदौर में ईडीपीएम प्रतिभागी

गाज़ियाबाद से आए परास्नातक छात्र सौरभ सिंह, जो दूसरी बार इस सम्मेलन में सम्मिलित हुए, ने इसे समृद्ध और प्रतिष्ठित अनुभव बताया। उन्होंने शोध और चर्चाओं की गुणवत्ता की सराहना की और उल्लेख किया कि यह प्लेटफ़ॉर्म उनके शैक्षणिक सफर को समृद्ध करने वाले मूल्यवान नेटवर्किंग अवसर प्रदान करता है।

एनएलयू ओडिशा की सहायक प्रोफेसर डॉ. अर्चयलोपा मिश्रा ने इसे एक अद्भुत अधिगम यात्रा बताया। उन्होंने डीपीएम प्रतिभागियों द्वारा किए गए शानदार आयोजन की सराहना की और उद्घाटन समारोह में प्रदर्शित सांस्कृतिक संवेदनशीलता व प्रो. हिमाँशु राय द्वारा दिए गए "पद से अधिक व्यवहार" पर आधारित संदेश की प्रासंगिकता को रेखांकित किया। उनके अनुसार, कार्यशालाओं ने विभिन्न अनुशासनों में आवश्यक शोध कौशल प्रदान किए।

यह सम्मेलन अंतरविषयक अधिगम का केंद्र रहा, जिसमें व्यवसायिक शोध में ईएसजी सिद्धांतों के महत्व को रेखांकित किया गया। विविध दृष्टिकोणों को जोड़ते हुए और सार्थक संवाद को बढ़ावा देते हुए, सीईआरई 2024 ने सतत और सामाजिक रूप से उत्तरदायी समाधानों की खोज में शोध की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

भा.प्र.सं. इंदौर द्वारा 80 जाँच अधिकारियों के लिए 'खोज' कार्यशाला का आयोजन किया

लापता नाबालिगों की समस्या से निपटने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए, भा.प्र.सं. इंदौर एवं पुलिस आयुक्तालय इंदौर ने 10 सितम्बर 2024 को एक विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला 'खोज' (ज्ञान, आशा, संपर्क और न्याय) का संयुक्त आयोजन किया। इस कार्यशाला में 80 जाँच अधिकारियों (IOs) को प्रशिक्षित किया गया, जिसमें उन्हें ऐसे उपकरण, अंतर्दृष्टियाँ एवं केस आधारित रणनीतियाँ प्रदान की गईं, जो विशेष रूप से वंचित पृष्ठभूमि से आने वाली किशोरियों के लापता होने की घटनाओं की रोकथाम और समाधान में सहायक हों। इस अवसर पर श्री मनोज कुमार श्रीवास्तव, भा.पु.से., अपर पुलिस आयुक्त (अपराध, मुख्यालय) एवं श्री जगदीश डावर, भा.पु.से., उप पुलिस आयुक्त (मुख्यालय) भी उपस्थित रहे।

प्रोफेसर हिमाँशु राय ने इस मुद्दे के समाधान हेतु मिशन–आधारित दृष्टिकोण की आवश्यकता पर बल दिया, यह स्पष्ट करते हुए कि लापता नाबालिगों से जुड़ी चुनौती केवल एक कानूनी दायित्व नहीं, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व भी है। उन्होंने 'खोज' रूपरेखा का परिचय दिया कृ जिसमें ज्ञान, आशा, संपर्क और न्याय को सुरक्षित समुदायों के निर्माण की आधारशिला बताया गया। अधिकारियों को नवाचारपूर्ण सोच अपनाने और उद्देश्यपूर्ण कार्रवाई के लिए प्रेरित किया गया।

श्री मनोज कुमार श्रीवास्तव, भा.पु.से., ने भा.प्र.सं. इंदौर के योगदान की सराहना की, और बताया कि शहर की रिकवरी दर में सुधार आया है। उन्होंने प्रशिक्षण को प्रभावशाली फील्डवर्क में रूपांतरित करने के महत्व को रेखांकित किया। कार्यशाला में वास्तविक मामलों पर आधारित सत्र भी आयोजित किए गए, जिनमें पारिवारिक स्थिति, साथियों का दबाव और सामाजिक–आर्थिक कारणों को जाँच और पुनर्प्राप्ति की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण तत्वों के रूप में रेखांकित किया गया।

शोध–आधारित अंतर्दृष्टियों को साझा करते हुए, सामुदायिक जुड़ाव में प्रशिक्षण प्रदान कर और कानूनी जागरूकता को सुदृढ़ करते हुए, 'खोज' कार्यशाला शैक्षिक और पुलिस सहयोग का एक अग्रणी मॉडल प्रस्तुत करती है। यह पहल 2023 में हस्ताक्षरित एक समझौता ज्ञापन के अंतर्गत शुरू की गई, जिसके तहत भा.प्र.सं. इंदौर ने प्रोफेसर हिमाँशु राय के नेतृत्व में लापता मामलों के मूल कारणों पर गहन शोध किया। अभिलेखीय डेटा, साक्षात्कार और केस स्टडीज़ से प्राप्त जानकारियों ने इस प्रशिक्षण को आकार दिया, जिसमें मनो–सामाजिक कारणों, विधिक प्रक्रियाओं और सामुदायिक संपर्क पर विशेष ध्यान दिया गया।

भा.प्र.सं. इंदौर ने परंपरागत शिक्षा से परे ज्ञान–आधारित पहलों के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पुनः पुष्टि की।

भा.प्र.सं. इंदौर ने गणेश चतुर्थी के अवसर पर भाषा कार्यशालाओं के तृतीय संस्करण का उद्घाटन कियाः समुदाय ने सीखी संस्कृत और बांग्ला

गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर, भा.प्र.सं. इंदौर ने अपने भाषा कार्यशालाओं के तृतीय संस्करण का उद्घाटन किया, जिसमें इस वर्ष संस्कृत और बांग्ला पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया। दिनांक 7 सितम्बर 2024 को निदेशक प्रोफेसर हिमाँशु राय द्वारा उद्घाटित यह पहल संस्थान की सांस्कृतिक विविधता और भाषाई विरासत के प्रति प्रतिबद्धता को पुनः पुष्ट करती है। यह कार्यशालाएँ भा.प्र.सं. इंदौर के समस्त समुदायकृछात्रों, प्राध्यापकों, कर्मचारियों और उनके परिवारोंकृके लिए निःशुल्क रूप से खुली हैं, जिससे समावेशी सहभागिता और पीढ़ीगत शिक्षा को प्रोत्साहन मिले।

पूर्व में आयोजित उड़िया और तमिल कार्यशालाओं की निरंतरता में, यह कार्यक्रम भा.प्र.सं. इंदौर के व्यापक शैक्षिक दृष्टिकोण में भाषा अधिगम को एकीकृत करता है। प्रोफेसर राय ने हिंदी, अंग्रेज़ी, संस्कृत और बांग्ला में संवाद करते हुए दोनों भाषाओं की बौद्धिक और भावनात्मक समृद्धि को रेखांकित किया। उन्होंने संस्कृत को भारतीय ज्ञान परंपरा की आधारशिला बताया, वहीं बांग्ला की साहित्यिक विरासत और भावनात्मक अभिव्यक्ति की विशेषताओं को भी उजागर किया।

संस्कृत कार्यशाला का नेतृत्व श्री प्रवेश वैष्णव ने किया, जिसमें व्याकरण और दर्शनशास्त्र के माध्यम से तार्किक और रचनात्मक चिंतन को विकसित किया गया। बांग्ला कार्यशाला का संचालन श्री दिलीप कुमार दत्ता द्वारा किया गया, जिसमें कविता, संगीत और सांस्कृतिक ग्रंथों के माध्यम से भाषा की संरचना और साहित्यिक गहराई से परिचय कराया गया।

"ये कार्यशालाएँ केवल भाषाई अभ्यास नहीं हैंकृये हमें हमारी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ती हैं और हमारे बौद्धिक क्षितिज का विस्तार करती हैं," प्रो. राय ने कहा। उन्होंने राष्ट्रनिर्माण और पहचान निर्माण में भाषाओं की भूमिका को भी रेखांकित किया और यह स्पष्ट किया कि भा.प्र.सं. इंदौर भारतीय भाषाओं को शिक्षा, सहानुभूति और आत्म–अभिव्यक्ति के सशक्त माध्यम के रूप में बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

कार्यशालाएँ पूर्ण करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण–पत्र प्रदान किए गए। इस पहल को और सशक्त करते हुए, संस्थान के पुस्तकालय में अब विभिन्न भारतीय भाषाओं में पुस्तकों का एक विशेष अनुभाग आरक्षित किया गया है, जिससे बहुभाषी संसाधनों की समृद्धि सुनिश्चित की गई है।

भा.प्र.सं. इंदौर के उत्कृष्टता केंद्र अन्वेषण ने "कचरा–मुक्त शहरों" पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया

भा.प्र.सं. इंदौर के अपशिष्ट प्रबंधन और वॉश पर उत्कृष्टता केंद्र, अन्वेषण ने भारत सरकार के आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के सहयोग से 10 अक्टूबर, 2024 को "कचरा मुक्त शहरों की ओर: अपशिष्ट प्रबंधन और स्थिरता में नवाचार" शीर्षक से एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी की। इस आयोजन में वैश्विक विशेषज्ञों, शिक्षाविदों और नीति–निर्माताओं ने शहरी सतत विकास और अपशिष्ट प्रबंधन रणनीतियों पर विचार साझा किए।

सम्मेलन का उद्घाटन निदेशक प्रो. हिमाँशु राय ने किया। उन्होंने अपशिष्ट की उत्पत्ति को रोकने हेतु 3 आर (रिड्यूस,रीयूस,रीसायकल) सिद्धांत में " रिफ्यूस" को जोड़ने का आह्वान किया और भा.प्र.सं. इंदौर के शून्य–कचरा परिसर और सततता प्रयासों का उल्लेख किया। प्रो. राय ने अन्वेषण केंद्र के उद्देश्य बताए कृ अंतर्विषयक अनुसंधान को बढ़ावा देना, स्टार्टअप्स का समर्थन करना और ऐसे नवाचारों को प्रोत्साहित करना जो अपशिष्ट प्रबंधन और वॉश से जुड़ी सामाजिक चुनौतियों का समाधान दें।

सम्मेलन में तीन अंतर्राष्ट्रीय वक्ताओं ने विचार प्रस्तुत किए - प्रो. उत्तियो रायचौधरी (यूनिवर्सिटी ऑफ डेनवर) ने सजग उपभोग और वेस्टवॉटर–आधारित महामारी निगरानी पर बल दिया; प्रो. एंड्रिया सियानेसी (पोलिटेक्निको दी मिलानो) ने फैशन उद्योग में सततता और परिपथीय अर्थव्यवस्था में शिक्षा की आवश्यकता पर प्रकाश डाला; प्रो. बेलगिन ओके–सोमर्विल (यूनिवर्सिटी ऑफ ग्लासगो) ने कर्मचारी कल्याण और सतत शहरों के आपसी संबंध पर शोध प्रस्तुत किया।

सम्मेलन में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, सततता और स्वच्छ भारत मिशन 2.0 पर शोधपत्र प्रस्तुत किए गए। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान इंदौर के प्रथमेश राळे ने सौर ई–वेस्ट रुझानों पर अपने शोध के लिए ₹ 25,000 का सर्वश्रेष्ठ शोधपत्र पुरस्कार प्राप्त किया।

संयोजिका प्रो. श्रुति तिवारी ने अन्वेषण की सहयोगात्मक भूमिका को रेखांकित किया और निदेशक प्रो. हिमाँशु राय सहित सभी वक्ताओं का आभार व्यक्त किया। समापन में प्रो. सुबिन सुधीर द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया, जिसमें भा.प्र.सं. इंदौर की कचरा–मुक्त और सतत शहरों के प्रति प्रतिबद्धता को दोहराया गया।









12. पूर्व छात्रों की गतिविधियाँ

1. पूर्व छात्र वार्ता श्रृंखला "विज्डम" (प्रज्ञा)

भा.प्र.सं. इंदौर के पूर्व छात्र कार्यालय द्वारा हमारे पूर्व छात्रों की उपलब्धियों का उत्सव मनाने हेतु पूर्व छात्र व्याख्यानों की एक श्रृंखला का आयोजन किया गया। 'विज्डम' (प्रज्ञा) नामक इस पूर्व छात्र संवाद श्रृंखला के अंतर्गत प्रतिष्ठित पूर्व छात्रों को आमंत्रित किया गया, जिन्होंने अपने नवाचार कार्यों, सफल व्यावसायिक मॉडल परिवर्तनों तथा अन्य उल्लेखनीय उपलब्धियों को संस्थान समुदाय के साथ साझा किया। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को शैक्षिक एवं करियर मार्गदर्शन में सहायता करने हेतु वास्तविक जीवन अनुभव, औद्योगिक प्रवृत्तियों, रोज़गार परिदृश्य और व्यावसायिक विकास रणनीतियों की जानकारी प्रदान की।

यह व्याख्यान श्रृंखला विद्यार्थियों के लिए सफल पेशेवरों के साथ संवाद और नेटवर्किंग का अवसर भी रही, जिससे उन्हें इंटर्नशिप, नौकरी तथा मेंटरशिप के नए अवसर प्राप्त हुए। यह संवाद संस्थान और पूर्व छात्रों के मध्य दृढ़ संबंध बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल रही, जिससे दीर्घकालिक सहयोग और भागीदारी की भावना प्रबल हुई। व्याख्यानों में भाग लेने वाले पूर्व छात्रों ने अपने अल्मा मेटर को योगदान देने का गौरव महसूस किया और भावी पीढ़ियों के विकास में भागीदारी निभाई।

इन सभी व्याख्यानों की रिकॉर्डिंग सार्वजनिक रूप से https%@@www-iimidr-ac-in@alumni@videos@ पर उपलब्ध है।

1 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 के मध्य कुल 13 व्याख्यान आयोजित किए गए। उक्त अवधि में आयोजित प्रमुख व्याख्यान निम्नलिखित हैं:

1. श्री मोसाब ए., पूर्व छात्र, पीजीपी बैच 2015-2017, डिप्टी जनरल मैनेजर, वेकफिट
   विषय: बियॉन्ड एमबीए: व्हाट डज़ ए जनरलिस्ट डू?
   व्याख्यान की तिथि: 19 अक्टूबर 2024
2. श्री सचिन सुरेश ओ., पूर्व छात्र, पीजीपी बैच 2013-2015, एसोसिएट डायरेक्टर, डेलॉइट - एआई और डेटा स्ट्रैटेजी कंसल्टिंग में विशेषज्ञ
   विषय: बियॉन्ड एमबीए: करियर प्लानिंग - शॉर्ट, मिड और लॉन्ग टर्म
   व्याख्यान की तिथि: 26 अक्टूबर 2024
3. श्री राहुल गर्ग, पूर्व छात्र, पीजीपी बैच 2014-2016, प्रिंसिपल प्रोडक्ट मैनेजर
   विषय: द प्रोडक्ट मैनेजर'स प्लेबुक: टुडे'ज़ ग्लोबल मार्केटप्लेस के लिए आवश्यक स्किल्स और स्ट्रैटेजीज़
   व्याख्यान की तिथि: 09 नवम्बर 2024
4. श्रीमती श्रिष्टि शरण, पूर्व छात्र, पीजीपी बैच 2016-2018, एसोसिएट डायरेक्टर, ओलिया - ट्रेड फाइनेंसिंग और टेलर्ड कवरेज सॉल्यूशन्स में विशेषज्ञ
   विषय: बैंकिंग - कॉरपोरेट बैंकिंग
   व्याख्यान की तिथि: 23 नवम्बर 2024
5. श्री मनीष सैनी, पूर्व छात्र, पीजीपी बैच 2004द्2006, ब्लिंकइट
   विषय: लाइफ़ बियॉन्ड 9 टू 5: फ़टीग टू फ़िटनेस
   व्याख्यान की तिथि: 14 दिसम्बर 2024
6. श्री देबर्शी रॉय, पूर्व छात्र, पीजीपी बैच 2011-2013, वाइस प्रेसिडेंट - प्रोडक्ट्स, क्रेडिट सैज़ॉन इंडिया
   विषय: डिमिस्टिफाइंग डिजिटल लेंडिंग
   व्याख्यान की तिथि: 15 दिसम्बर 2024
7. श्री जावेद खान एन., एलुमनाय, पीजीपी बैच 2018-2020, सीनियर मैनेजर - डेटा साइंस, रिस्क कंसल्टिंग डिविजन, मार्श मैक्लेनन
   विषय: मॉडलिंग रिस्क इन फाइनेंस: अ डीप डाइव इनटू क्वांटिटेटिव फाइनेंस विथ करियर इनसाइट्स
   व्याख्यान की तिथि: 29 दिसंबर 2024
8. श्री अमित छाबड़ा, एलुमनाय, पीजीपी बैच 2009-2011, चीफ़ बिज़नेस ऑफ़िसर, पॉलिसीबाज़ार.कॉम; एक्स–स्थानन कमेटी मेंबर, भा.प्र.सं. इंदौर
   विषय: अनलॉकिंग सक्सेस: इनसाइडर स्ट्रैटेजीज़ फ़ॉर लैंडिंग टॉप स्थानन रोल्स
   व्याख्यान की तिथि: 04 जनवरी 2025

9. श्री लक्ष्य नंदा, एलुमनाय, पीजीपी बैच 2014–2016, मैनेजर, सिनेपोलिस इंडिया
विषयः इनोवेशन इन द सिनेमा एग्ज़िबिशन इंडस्ट्री
व्याख्यान की तिथिः 19 जनवरी 2025

10. श्री किरण राधाकृष्णन, एलुमनाय, पीजीपी बैच 2012-2014, स्ट्रैटेजी एवं मार्केटिंग प्रोफेशनल, पिडिलाइट इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड
विषयः मार्केटिंग - ब्रांडिंग ऑफ़ लो–इनवॉल्वमेंट कैटेगरीज
व्याख्यान की तिथिः 25 जनवरी 2025

11. श्री असित महापात्रा, एलुमनाय, पीजीपी बैच 2013-2015, सीनियर पीएम लीड, माइक्रोसॉफ्ट
विषयः प्रोडक्ट मैनेजमेंट इन एफएएएनजीएम
व्याख्यान की तिथिः 26 जनवरी 2025

12. सुश्री वैशाली वखारिया,एलुमनाय, पीजीपी बैच 2017-2019, शुगर कॉस्मेटिक्स
विषयः ग्रोइंग ऑनलाइन बिज़नेस - ज़ीरो टू ज़ेनिथ
व्याख्यान की तिथिः 08 मार्च 2025

13. श्री साहिल समीर,एलुमनाय, पीजीपी बैच 2020-2022, फाउंडर एंड सीईओ, ओपनग्रैड फ़ाउंडेशन
विषयः फ्रॉम कॉरपोरेट टू सोशल इम्पैक्टः बिल्डिग वन ऑफ इंडिया'ज़ फास्टेस्ट–ग्रोइंग नॉनप्रॉफिट्स इन हायर एजुकेशन
व्याख्यान की तिथिः 15 मार्च 2025

2. मासिक पूर्व छात्र समाचार पत्र – अल्मामैटर्स – द प्लैनेट I समाचार पत्र

पूर्व छात्र कार्यालय द्वारा दिसंबर 2021 में प्रारंभ किया गया मासिक समाचार पत्र संस्थान और उसके पूर्व छात्रों के बीच एक महत्त्वपूर्ण संपर्क–सूत्र के रूप में कार्य करता है। यह समाचार पत्र संस्थान से जुड़ी नवीनतम जानकारी, कार्यक्रमों, और पूर्व छात्र की उपलब्धियों से संबंधित समाचार प्रदान करता है, जिससे पूर्व छात्र अपने अल्मा मेटर से सतत रूप से जुड़े रहते हैं और पूरे पूर्व छात्र नेटवर्क की गतिविधियों से अवगत रहते हैं।

यह समाचार पत्र संस्थान की वेबसाइट पर उपलब्ध है और पूर्व छात्रों को न केवल जानकारी प्रदान करता है, बल्कि उन्हें अपनी स्मृतियों से पुनः जुड़ने और संस्थान में सहभागिता तथा नेटवर्किंग के अवसरों का लाभ उठाने का माध्यम भी देता है। इस मंच के ज़रिए पूर्व छात्र समुदाय में एकता और सहयोग की भावना को प्रोत्साहन मिलता है।

Almamatters – The Planet I Newsletter संस्थान की वेबसाइट के पूर्व छात्र पृष्ठ पर उपलब्ध हैः

❑ https://www.iimidr.ac.in/alumni/newsletler/

1 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 के बीच कुल बारह समाचार पत्र प्रकाशित किए गए।

3. पूर्व छात्र पुरस्कार

2024–25 में, संस्थान ने 28 मार्च, 2025 को आयोजित पूर्व–दीक्षांत समारोह में निम्नलिखित श्रेणियों में विशिष्ट पूर्व छात्रों को पुरस्कार प्रदान किए हैंः (i) डिस्टिंग्विश्ड एलुमनाइ एंटरप्रेन्योर ऑफ द ईयर; (ii) एग्ज़ेम्प्लरी पब्लिक सर्विस अवार्ड 2024; (iii) ग्लोबल इम्पैक्ट अवार्ड 2024; (iv) डिस्टिंग्विश्ड कंट्रीब्यूशन टू द अल्मा मेटर एंड एलुमनाइ अवार्ड 2024; तथा (v) यंग एलुमनाइ अचीवर अवार्ड 2024।

पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं को ₹ 50,000 की नकद राशि एवं एक स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

पूर्व छात्र पुरस्कार 2024 विजेताओं की सूची

(अ) डिस्टिंग्विश्ड एलुमनाइ एंटरप्रेन्योर ऑफ द ईयर अवार्ड
श्री अविनाश सेठी, को–फाउंडर, इन्फोबीन्स - ईपीजीपी
कार्यक्रम के 2005-2007 बैच के विशिष्ट एलुमनस।

(ब) डिस्टिंग्विश्ड कंट्रीब्यूशन टू द अल्मा मेटर एंड एलुमनाइ अवार्ड
श्री प्रणव अग्रवाल, हेड ऑफ कैपिटल, फाउंडरशिप - वेब3 स्टार्टअप लॉन्चर - पीजीपी
कार्यक्रम के 2006-2008 बैच के एलुमनस।

(स) ग्लोबल इम्पैक्ट अवार्ड
श्री निशांत उपाध्याय, पीआईओ - हेड ऑफ ग्लोबल फिक्स्ड इनकम एंड लिक्विड अल्टरनेटिव्स, स्टेट ऑफ कनेक्टिकट रिटायरमेंट प्लान्स एंड ट्रस्ट फंड्स - पीजीपी 1998 - 2000 बैच के एलुमनस।

(द) यंग एलुमनाइ अचीवर अवार्ड
श्री सॉनी लास्कर, डायरेक्टर - प्रिंसिपल डेटा साइंटिस्ट, माइक्रोलैंड - ईपीजीपी कार्यक्रम के 2013 - 2014 बैच के एलुमनस।

(इ) एग्ज़ेम्प्लरी पब्लिक सर्विस अवार्ड
श्री सिद्धार्थ कौशल, सहायक पुलिस महानिरीक्षक, भारतीय पुलिस सेवा, भारत सरकार - पीजीपी 2007 - 2009 बैच के एलुमनस।

4. पूर्व छात्र बैठकें और अध्याय बैठकें

● **पूर्व छात्र मिलन समारोह -** पूर्व छात्रों के मध्य नेटवर्किंग को प्रोत्साहित करने हेतु संस्थान परिसर में पूर्व छात्र मिलन समारोह तथा 5, 10, 15, 20, 25 वर्ष के पुनर्मिलन आयोजित किए जा रहे हैं। हमने वार्षिक पूर्व छात्र गृह आगमन समारोह फूटप्रिंट्स (15 से 17 नवम्बर 2024) तथा ईपीजीपी पूर्व छात्र मिलन (31 अगस्त और 1 सितम्बर 2024) का आयोजन किया। इसके अतिरिक्त, पूर्व छात्र संपर्क कार्यक्रम लंदन (8 फरवरी 2025), दिल्ली (2 मार्च 2025) एवं बेंगलुरु (22 मार्च 2025) में आयोजित किए गए। इन मिलन आयोजनों में पूर्व छात्रों की भागीदारी उत्साहजनक रही।

● **रेंडेवू 2024 दिल्ली, मुम्बई एवं बेंगलुरु (पूर्व छात्र–नवागंतुक मिलन समारोह) –** दिनांक 09 जून 2024 को, दिल्ली, मुम्बई एवं बेंगलुरु में आयोजित 'रेंडेवू 2024' कार्यक्रम में 200 से अधिक पूर्व छात्र एवं नवागंतुक छात्र–छात्राएँ एकत्र हुए। दिल्ली में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई निदेशक प्रो. हिमाँशु राय ने;

बेंगलुरु में उपस्थित रहे पूर्व छात्र समिति अध्यक्ष प्रो. प्रभिन कुमार पाणिग्रही एवं मुख्य अधिकारी प्रशासन कर्नल (डॉ.) गुरुराज गोपीनाथ पामिडी (पूर्व सैनिक); वहीं मुम्बई में कार्यकारी शिक्षा के सहयोगी डीन प्रो. सुबिन सुधीर ने कार्यक्रम में भाग लिया।

5. रीःस्टार्ट कार्यक्रम– करियर ब्रेक के बाद कार्यक्षेत्र में लौट रहीं महिला पूर्व छात्रों के लिए सहयोग पहल

पूर्व छात्र कार्यालय ने वावे पूर्व छात्र पोर्टल के साथ मिलकर रीःस्टार्ट कार्यक्रम आरंभ किया कृ एक 45–दिवसीय पहल जो करियर ब्रेक के बाद कार्यक्षेत्र में वापसी कर रहीं महिला पूर्व छात्रों को सहयोग देने हेतु डिज़ाइन की गई थी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कौशल विकास और करियर की तैयारी सुनिश्चित करना था, ताकि प्रतिभागियों को पेशेवर जीवन में सहज वापसी हेतु आवश्यक उपकरण मिल सकें। कार्यक्रम के तहत वेबिनार आयोजित किए गए, जिनमें कार्यक्षेत्र में पुनः प्रवेश कर रही महिलाओं को दिशा–निर्देश और संसाधन प्रदान किए गए। यह भागीदारी पहले आओ–पहले पाओ के आधार पर पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध कराई गई, जिससे सभी को समान अवसर मिल सके। इस पहल के माध्यम से हमने महिला पूर्व छात्रों को आत्मविश्वास बढ़ाने और व्यावसायिक पुनर्स्थापना के लिए तैयार करने का प्रयास किया। रीःस्टार्ट कार्यक्रम न केवल व्यावहारिक सहायता प्रदान करता है, बल्कि एक ऐसा सहयोगी समुदाय भी निर्मित करता है जहाँ महिलाएँ अपने अनुभव साझा कर सकें और एक–दूसरे को प्रेरित कर सकें। यह पहल हमारे संस्थान की लैंगिक समावेशन को बढ़ावा देने और पूर्व छात्रों के पेशेवर विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जो उनके दीर्घकालिक सफलता और पुनःस्थापना में सहायक सिद्ध होती है।

6. भा.प्र.सं. इंदौर पूर्व छात्र संघ

भा.प्र.सं. इंदौर पूर्व छात्र संघ ने सेक्शन 8 कंपनी के रूप में पंजीकरण के बाद अपनी गतिविधियाँ औपचारिक रूप से प्रारंभ कर दी हैं। यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है कि वर्ष 2024-25 के दौरान संघ ने सदस्यता शुल्क के रूप में ₹8.6 लाख से अधिक की राशि एकत्र की, साथ ही ₹2 लाख से अधिक का दान प्राप्त किया। ये दान मुख्यतः 2022 से पहले स्नातक हुए पूर्व छात्रों से प्राप्त हुए हैं।

ये उपलब्धियाँ पूर्व छात्रों की सहभागिता बढ़ाने हेतु संस्थान द्वारा लगातार किए गए संपर्क और जुड़ाव प्रयासों का परिणाम हैं। यह पहल न केवल वित्तीय सहयोग को दर्शाती है, बल्कि संस्थान और उसके पूर्व छात्रों के बीच सशक्त और दीर्घकालिक संबंधों को भी सुदृढ़ करती है।

7. पूर्व छात्र सेवाओं में वृद्धि

पूर्व छात्रों की विभिन्न सेवा अनुरोधों जैसे शैक्षणिक सत्यापन, ओवरसीज़ सत्यापन और डब्ल्यूईएस सत्यापन को सुगमता से पूरा करने हेतु एक सुव्यवस्थित प्रणाली लागू की गई है। इस पहल से सेवा प्रदान करने में लगने वाला समय उल्लेखनीय रूप से कम हुआ है और अब तक 1900 से अधिक पूर्व छात्रों को पंजीकरण, शैक्षणिक सत्यापन तथा नियुक्ति सत्यापन जैसी सेवाएँ समय पर प्रदान की जा चुकी हैं।

यह सेवा पूर्व छात्रों के लिए एक सशुल्क सेवा है, जिसमें शुल्क पूर्व छात्रों तथा संबंधित एजेंसियों से प्राप्त किया जाता है। इस प्रणाली ने न केवल प्रक्रियाओं को पारदर्शी और कुशल बनाया है, बल्कि पूर्व छात्रों की आवश्यकताओं के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता को भी दर्शाया है।

8. भोजन उत्सव

पूर्व छात्र कार्यालय द्वारा 26 जनवरी, 2025 को भा.प्र.सं. इंदौर में प्रथम बार एक भोजन उत्सव का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य भारत की समृद्ध पाक विविधता का उत्सव मनाना और भा.प्र.सं. इंदौर समुदाय को देश के विविध स्वादों के माध्यम से एकजुट करना था।

यह उत्सव पूरे समुदाय द्वारा अत्यंत उत्साह के साथ स्वागत किया गया। उपस्थित लोगों ने देश के विभिन्न भागों के पारंपरिक व्यंजनों का आनंद लेने के इस अवसर की सराहना की और इसे एक अद्भुत सामूहिक अनुभव के रूप में अनुभव किया।

13. अंतर्राष्ट्रीय संबंध केंद्र

विदेशी अध्ययन कार्यक्रम भावी प्रबंध विद्यार्थियों के लिए अंतर्राष्ट्रीय अनुभव प्राप्त करने और वैश्विक दृष्टिकोण विकसित करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। किसी विदेशी देश में अध्ययन करना जीवन का एक अनमोल अनुभव होता है, और हर विद्यार्थी को अपने शैक्षणिक जीवन में कम से कम एक बार यह अवसर अवश्य मिलना चाहिए। इसी विश्वास के साथ यह छात्र विनिमय कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है।

भा.प्र.सं. इंदौर, भारत आने वाले अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थियों को समृद्ध शैक्षणिक अनुभव प्रदान करता है। साथ ही, यहाँ के छात्र समुदाय को भी इन अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थियों से नवीन विचारों और दृष्टिकोणों के आदान–प्रदान का लाभ प्राप्त होता है। यह परस्पर शिक्षण का अनुभव ही वह लक्ष्य है जिसे हम विद्यार्थियों को देना चाहते हैं।

स्टेप समिति, अंतर्राष्ट्रीय संबंध और छात्र विनिमय (आईआरएसई) के अध्यक्ष और अंतर्राष्ट्रीय संबंध कार्यालय के मार्गदर्शन में कार्य करते हुए यह सुनिश्चित करती है कि भारत आने वाले विद्यार्थियों का प्रवास सहज और परेशानी–मुक्त रहे। यह समिति, जो छात्रों द्वारा छात्रों के लिए बनाई गई है, विद्यार्थियों के अनुभव की संपूर्ण जिम्मेदारी लेती है। प्रारंभिक चिंता से भरे दिनों से लेकर उनके स्वदेश लौटने तक, समिति हर चरण में उनकी सहायता के लिए उपस्थित रहती है। किसी भी प्रकार के प्रश्नों या सुझावों के लिए यह समिति विद्यार्थियों की सबसे उपयुक्त जानकारी स्रोत होती है।

भा.प्र.सं. इंदौर ने विश्वभर के कई विश्वविद्यालयों और प्रबंधन संस्थानों के साथ मजबूत साझेदारी स्थापित की है, और यह सूची निरंतर विस्तृत हो रही है। इस विनिमय कार्यक्रम में भाग लेने के लिए भा.प्र.सं. इंदौर का कोई भी छात्र अपने एक या दो सेमेस्टर की पूर्णकालिक पढ़ाई किसी अंतर्राष्ट्रीय साझेदार संस्थान में करता है।

वर्तमान में, भा.प्र.सं. इंदौर विभिन्न देशों की 65 विश्वविद्यालयों के साथ साझेदारी में है, जिनकी सूची निम्नलिखित है:

साझेदार विश्वविद्यालयों की सूची

क्र.सं.	देश	साझेदार विश्वविद्यालय का नाम
1	संयुक्त अरब अमीरात	अबू धाबी स्कूल ऑफ मैनेजमेंट
2	ग्रीस	अल्बा ग्रेजुएट बिजनेस स्कूल
3	अमेरिका	एरिजोना स्टेट यूनिवर्सिटी
4	ताइवान	एशिया यूनिवर्सिटी
5	न्यूज़ीलैंड	ऑकलैंड यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी
6	अमेरिका	बैबसन कॉलेज
7	इटली	बोकोनी
8	रोमानिया	बुखारेस्ट यूनिवर्सिटी ऑफ इकोनॉमिक स्टडीज
9	फ़्रांस	क्लेरमोंट स्कूल ऑफ बिजनेस
10	अमेरिका	क्लीवलैंड स्टेट यूनिवर्सिटी
11	हंगरी	कॉर्विनस यूनिवर्सिटी ऑफ बुडापेस्ट
12	फ्रांस	ईडीएचईसी बिजनेस स्कूल
13	फ्रांस	ईएम ल्योन (इकोले डे मैनेजमेंट)
14	फ्रांस	ईएम नॉर्मंडी
15	फ्रांस	ईएम स्ट्रासबर्ग बिजनेस स्कूल
16	फ्रांस	ईएससी ट्रॉयस (Y स्कूल)
17	फ्रांस	एफएयू द यूनिवर्सिटी ऑफ एर्लांगेन–नूर्नबर्ग
18	जर्मनी	एफ एच मुंस्टर
19	जर्मनी	फंडाकाओ डोम कैब्रल
20	ब्राज़ील	ग्रेजुएट स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स एंड मैनेजमेंट, यूराल फेडरल यूनिवर्सिटी
21	रूस	एचईसी मैनेजमेंट स्कूल, यूनिवर्सिटी ऑफ लीज
22	बेल्जियम	हांगकांग बैपटिस्ट यूनिवर्सिटी
23	चीन	एचएसई, सेंट पीटर्सबर्ग
24	रूस	आईएई ऐक्स ग्रेजुएट स्कूल ऑफ मैनेजमेंट
25	फ्रांस	आईसीएन बिजनेस स्कूल

26	फ्रांस	आईईएसईजी
27	फ्रांस	इंटरनेशनल स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, डॉर्टमुंड
28	जर्मनी	केज बिजनेस स्कूल (यूरोमेड मैनेजमेंट)
29	फ्रांस	क्रिस्टियानिया यूनिवर्सिटी कॉलेज
30	नॉर्वे	लियोनार्ड डी विंची (ईएमएलवी) बी
31	फ्रांस	एमसीआई मैनेजमेंट सेंटर इंसब्रुक
32	ऑस्ट्रिया	मिड–वेस्टर्न यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मैनेजमेंट
33	नेपाल	एमआईपी पोलिटेक्निको डी मिलानो ग्रेजुएट स्कूल ऑफ बिजनेस, मिलान
34	इटली	मोंटपेलियर बिजनेस स्कूल
35	फ्रांस	म्यूनिख बिजनेस स्कूल
36	जर्मनी	नेशनल सन यात–सेन यूनिवर्सिटी (एनएसवाईएसयू)
37	ताइवान	नियोमा बिजनेस स्कूल
38	फ्रांस	पीएयू बिजनेस स्कूल
39	फ्रांस	प्रोविडेंस यूनिवर्सिटी
40	ताइवान	रेनेस स्कूल ऑफ बिजनेस
41	फ्रांस	रॉबर्ट गॉर्डन यूनिवर्सिटी (आरजीयू)
42	यूके	रोम बिजनेस स्कूल
43	इटली	रटगर्स यूनिवर्सिटी, द स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ न्यू जर्सी
44	अमेरिका	स्कूल ऑफ बिजनेस एंड इकोनॉमिक्स, लिनियस यूनिवर्सिटी
45	स्वीडन	एसकेईएमए
46	फ्रांस	स्कोल्कोवो स्कूल ऑफ मैनेजमेंट (मॉस्को)
47	रूस	सोफिया विश्वविद्यालय सेंट क्लिमेंटोओह्रिडस्की
48	बुल्गारिया	सूचो विश्वविद्यालय
49	चीन	डबलिन तकनीकी विश्वविद्यालय
50	आयरलैंड	काहिरा में अमेरिकी विश्वविद्यालय
51	मिस्र (काहिरा)	एशियाई प्रबंधन संस्थान
52	फ़िलीपींस	कॉपपेड ग्रेजुएट स्कूल ऑफ बिजनेस
53	ब्राज़ील	शेफील्ड विश्वविद्यालय का प्रबंधन स्कूल
54	यूके	एप्लाइड साइंसेज विश्वविद्यालय एचटीडब्ल्यूजी कोंस्टांज
55	जर्मनी	यूबीआई बिजनेस स्कूल, ब्रुसेल्स
56	बेल्जियम	डेनवर विश्वविद्यालय
57	अमेरिका	ग्लासगो विश्वविद्यालय
58	स्कॉटलैंड, यूके	ह्यूस्टन विश्वविद्यालय
59	अमेरिका	लिवरपूल विश्वविद्यालय
60	यूके	उत्तरी कैरोलिना विश्वविद्यालय, ग्रीन्सबोरो
61	अमेरिका	उत्तरी टेक्सास विश्वविद्यालय
62	अमेरिका	वासा विश्वविद्यालय
63	फ़िनलैंड	यूपीएफ बार्सिलोना स्कूल ऑफ मैनेजमेंट
64	स्पेन	डब्ल्यूयू वियना अर्थशास्त्र और व्यवसाय विश्वविद्यालय
65	ऑस्ट्रिया	ज़हाव स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एंड लॉ

वर्तमान में, संस्थान अपने अंतर्राष्ट्रीय करण को सशक्त बनाने की योजना पर कार्य कर रहा है, जिससे प्रत्येक छात्र को किसी न किसी रूप में अंतर्राष्ट्रीय अनुभव प्राप्त हो सके।

❖ **पीजीडीपी छात्र विनिमय कार्यक्रम–शैक्षणिक वर्ष 2024–25**

भा.प्र.सं. इंदौर में पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम के अंतर्गत छात्र विनिमय कार्यक्रम दो चरणों में आयोजित किया जाता है: फ़ॉल टर्म (सितंबर–दिसंबर) – टर्म V और स्प्रिंग टर्म (दिसंबर–अप्रैल) – टर्म VI। फ़ॉल टर्म हेतु आवेदन प्रक्रिया अप्रैलदृमई में और स्प्रिंग टर्म हेतु अक्टूबरदृनवंबर में आरंभ होती है।

- **प्रेषित छात्र विवरण:**

  2024–25 में, फ़ॉल टर्म के दौरान, भा.प्र.सं. इंदौर से 65 छात्र 17 विभिन्न विश्वविद्यालयों में टर्म–5 के लिए गए। स्प्रिंग टर्म में, 17 छात्र 5 विभिन्न विश्वविद्यालयों में टर्म–6 के लिए गए।

- **प्राप्त छात्र विवरण:**

  2024–25 में, फ़ॉल और स्प्रिंग टर्म के दौरान, कुल 15 विदेशी छात्र भा.प्र.सं. इंदौर में अध्ययन हेतु आए (09 छात्र टर्म–5 में, जिनमें से 6 छात्र टर्म–6 के लिए भी उपस्थित रहे)। उनके मूल संस्थान निम्नलिखित हैं: ईडीएचईसी बिजनेस स्कूल, फ्रांस, म्यूनिख बिजनेस स्कूल, जर्मनी, ईएम लियोन बिजनेस स्कूल, फ्रांस, नियोमा बिजनेस स्कूल, फ्रांस, इंटरनेशनल स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, डॉर्टमुंड, जर्मनी

आईपीएम छात्र विनिमय कार्यक्रम गत शैक्षणिक वर्ष

भा.प्र.सं. इंदौर में इंटीग्रेटेड प्रोग्राम इन मैनेजमेंट के अंतर्गत छात्र विनिमय कार्यक्रम विंटर टर्म VIII (अक्टूबर-जनवरी) में आयोजित किया जाता है। इसके लिए आवेदन प्रक्रिया मई-जून में आरंभ होती है।

- **प्रेषित छात्र विवरण:**

  2024-25 में, विंटर टर्म के दौरान, दो छात्र टर्म 8 के अंतर्गत विभिन्न विश्वविद्यालयों - आईसीएन बिजनेस स्कूल, फ्रांस एवं यूनिवर्सिटी ऑफ लिवरपूल, यूके - में अध्ययन हेतु गए।

- **प्राप्त छात्र विवरण:**

  2024-25 में, विंटर टर्म के दौरान, ईएम लियोन बिजनेस स्कूल, फ्रांस से चार छात्र टर्म 8 के अंतर्गत भा.प्र.सं. इंदौर में अध्ययन हेतु आए।

आगन्ता		पीजीपी	देश	आईपीएम	देश
मूल्यांकन वर्ष 24–25	वसंत	6	6 फ़्रांस	0	लागू नही
मूल्यांकन वर्ष 24–25	फॉल	9	7–फ़्रांस, 2–जर्मनी	4	4–फ्रांस
पदावरोही		**पीजीपी**	**देश**	**आईपीएम**	**देश**
मूल्यांकन वर्ष 24–25	वसंत	17	17–फ्रांस	0	लागू नही
मूल्यांकन वर्ष 24–25	फॉल	65	3–ऑस्ट्रिया, 2–बेल्जियम, 49–फ्रांस, 10–जर्मनी 1–फिनलैंड	2	1–फ्रांस, 1–यूके

अंतर्राष्ट्रीय साझेदार दिवस (08–10 अक्टूबर, 2024)

भा.प्र.सं. इंदौर ने 09 अक्टूबर 2024 को प्रथम अंतर्राष्ट्रीय साझेदार दिवस- सेतुः शैक्षणिक उत्कृष्टता की सेतुबंध प्रक्रिया- का आयोजन किया। इस अवसर पर अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, रूस, फ्रांस, इटली, बेल्जियम और जर्मनी सहित सात देशों से प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय शिक्षाविदों और विचार नेताओं ने भाग लिया। यह आयोजन संस्थागत सहयोग को सशक्त बनाने, वैश्विक शिक्षा के भविष्य पर चर्चा करने और नवाचार व विचार नेतृत्व को प्रोत्साहित करने हेतु रूपरेखा निर्माण के लिए एक सशक्त मंच सिद्ध हुआ।

14. लेखन एवं संचार स्टूडियो

भा.प्र.सं. इंदौर की शैक्षणिक नवाचार में अग्रणी परंपरा को बनाए रखते हुए, 'राइटिंग एंड कम्युनिकेशन स्टूडियो' (डब्ल्यूसीएस) को 1 नवम्बर 2019 को भा.प्र.सं.इंदौर समुदाय के लिए प्रारंभ किया गया। इस स्टूडियो का उद्देश्य संस्थान समुदाय की वक्तृत्व और संप्रेषण आवश्यकताओं की पूर्ति करना है।

विश्व की शीर्षस्थ विश्वविद्यालयों में लेखन और संप्रेषण स्टूडियो एवं उनके विविध रूप बीसवीं सदी की शुरुआत से ही सक्रिय रहे हैं। हाल के वर्षों में भारत के शैक्षणिक संस्थानों ने भी इन केंद्रों की आवश्यकता को पहचाना है, और भा.प्र.सं. इंदौर को इस दिशा में भारत के अग्रणी संस्थानों में शामिल होने पर गर्व है।

सार्वजनिक छात्रवृत्ति और अनुसंधान

इस वर्ष, राइटिंग एंड कम्युनिकेशन स्टूडियो (डब्ल्यूसीएस) ने शोध और शैक्षणिक प्रभाव को सशक्त बनाना जारी रखा। यह कार्य भा.प्र.सं. इंदौर के प्राध्यापकों को स्थानीय, राष्ट्रीय एवं वैश्विक महत्त्व के विषयों पर सार्थक और सकारात्मक सार्वजनिक विमर्श में योगदान देने के लिए सक्षम बनाकर किया गया।

ब्रांडिंग एवं संप्रेषण सलाहकार के मार्गदर्शन में, हमारे प्राध्यापकों द्वारा किए गए शोध को लेखों के रूप में रूपांतरित किया गया, जिन्हें संस्थान द्वारा द फ्री प्रेस जर्नल, पत्रिका तथा अन्य प्रकाशनों में प्रकाशित किया गया।

अंग्रेजी प्रवाह

डब्ल्यूसीएस का केंद्रबिंदु संस्थान के कर्मचारियों और शोधकर्ताओं की भाषा–कौशल को परिष्कृत करना है। हमारी सलाहकार, सुश्री श्रीवास्तव द्वारा प्रथम वर्ष के डॉक्टोरल प्रतिभागियों के लिए शैक्षिक लेखन पर कार्यशालाएँ आयोजित की गईं, जिससे उनकी लेखन–कुशलता में सुधार हो सके। यह प्रयास 2023 में आयोजित शैक्षिक लेखन पर अनुसंधान संगोष्ठी के विस्तार के रूप में किया गया।

कर्मचारी सदस्यों को भी लाभ मिला, जिन्हें अंग्रेज़ी प्रवाह बढ़ाने हेतु समूह सत्रों के माध्यम से मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

परामर्श

स्टूडियो द्वारा भा.प्र.सं. इंदौर समुदाय को लेखन एवं संवाद सलाहकार, सुश्री सुरभि सिंह के माध्यम से विशेषज्ञ व्यक्तिगत मार्गदर्शन प्रदान किया गया। विभिन्न कार्यक्रमोंकृआईपीएम, पीजीडीपी, ईएफपीएम, ईपीजीडीपी और डीपीएमकृसे छात्र डब्ल्यूसीएस से जुड़ते रहे। सैकड़ों एक–से–एक सत्रों के माध्यम से छात्रों को पारस्परिक एवं सार्वजनिक संवाद की स्थितियों में मार्गदर्शन मिला।

स्टेटमेंट ऑफ पर्पस, ईमेल, रिज़्यूमे, कवर लेटर, छात्रवृत्ति निबंध, केस स्टडी, सिफारिश–पत्र, और कथा लेखन जैसे क्षेत्रों में डब्ल्यूसीएस से छात्रों को विशेष लाभ हुआ। गैर–शैक्षणिक कर्मचारी सदस्यों ने भी अपने लेखन एवं संवाद कौशल को बेहतर बनाने हेतु स्टूडियो से परामर्श प्राप्त किया।

व्यवस्थापकीय सहायता

डब्ल्यूसीएस ने संस्थान द्वारा संचालित कुछ महत्त्वपूर्ण परियोजनाओं में नवाचारी विचारों एवं समाधान प्रस्तुत कर विशेष योगदान दिया। इसमें संस्थान की वार्षिक रिपोर्ट, एएसीएसबी रिपोर्ट, प्रवेश एवं स्थानन पुस्तिकाएँ, दीक्षा कार्यक्रम पुस्तिकाएँ, तथा परामर्श परियोजनाओं हेतु भा.प्र.सं. इंदौर के प्रस्तावों एवं बिड्स पर समालोचनात्मक अंतर्दृष्टि प्रदान करना शामिल था।

हमारी नवीनतम सदस्य, सुश्री लविशा सचदेव, संस्थान हेतु रिपोर्टों का मसौदा तैयार करने में सहयोग प्रदान कर रही हैं।

समुदाय का समर्थन

डब्ल्यूसीएस ने भा.प्र.सं. इंदौर की शिक्षण समुदाय के साथ मिलकर विभिन्न विषयों पर उनके शोध लेखन लक्ष्यों को आगे बढ़ाने में सहयोग किया। सहायता मुख्यतः शैक्षणिक भाषा के प्रयोग एवं शोध पत्रों की संरचना से संबंधित पहलुओं पर माँगी गई।

डब्ल्यूसीएस वेब स्पेस

डब्ल्यूसीएस अपने विभिन्न गतिविधियों के प्रति सहभागिता बढ़ाने हेतु अपने इंट्रानेट पृष्ठ को निरंतर सक्रिय बनाए हुए है। यह पृष्ठ विद्यार्थियों की सामान्य संप्रेषण संबंधी समस्याओं को हल करने हेतु लेखों को प्रस्तुत करता है। इन विषयों में प्रबंधकीय संप्रेषण, नेतृत्व के मूलभूत तत्व, सार्वजनिक भाषण तथा पारस्परिक संप्रेषण शामिल हैं। साथ ही, स्टूडियो का लक्ष्य विद्यार्थियों को विभिन्न रचनात्मक परियोजनाओं के माध्यम से निरंतर संलग्न रखना है। ऐसी ही एक वार्षिक परियोजना 'वॉल ऑफ ड्रीम्स' ने विद्यार्थियों को लेखन कौशल निखारने तथा परिश्रम, साहस और संकल्प के प्रेरणादायक उदाहरण स्थापित करने में सहायता की।

आगे बढ़ते हुए

पिछले पाँच वर्षों में, डब्ल्यूसीएस ने समय–समय पर शोध कथन, साहित्यिक चोरी, शैक्षणिक ईमानदारी आदि जैसे विविध विषयों पर विद्यार्थियों और शैक्षिक समुदाय के लिए उपयोगी हैंडआउट्स और लेख तैयार कर उन्हें प्रसारित किया है। ये सभी सामग्री डब्ल्यूसीएस के डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म पर संग्रहित की जाती रही है और आगे भी की जाएगी। आगामी महीनों में, डब्ल्यूसीएस का विज़न है कि संस्थान के प्रोफेसरों के शोध कार्यों को व्यापक मीडिया कवरेज दिलाया जाए और विद्यार्थियों एवं स्टाफ के लिए लेखन एवं संप्रेषण से संबंधित कार्यशालाओं का आयोजन किया जाए, जिससे भा.प्र.सं. इंदौर में भाषा और संवाद कौशल को और सशक्त किया जा सके।

15. ज्ञानार्जन केंद्र

भा.प्र.सं. इंदौर का पुस्तकालय 'भा.प्र.सं. इंदौर लर्निंग सेंटर (एलसी)' के नाम से जाना जाता है। एलसी, शिक्षण, अधिगम एवं अनुसंधान गतिविधियों में एक सृजनात्मक एवं सामरिक भागीदार के रूप में कार्य करता है, जो संस्थान के इस मिशन की पूर्ति में सहायक है कि वह विश्व–स्तरीय शैक्षिक मानकों वाला एक प्रासंगिक व्यवसायिक संस्थान बने, जो सामाजिक रूप से जागरूक प्रबंधकों, नेताओं और उद्यमियों का निर्माण करे।

अपनी आधुनिक ज्ञान–संपदा एवं नवीन सूचना सेवाओं के साथ एलसी, विद्यार्थियों, संकाय सदस्यों और आस–पास के समुदाय के बौद्धिक एवं शैक्षणिक प्रयासों में एक केंद्रीय भूमिका निभाता है। एलसी एक हाइब्रिड केंद्र है, जिसमें अत्याधुनिक तकनीकी अनुप्रयोगों एवं मुख्यतः व्यवसाय प्रबंधन और संबद्ध विषयों से संबंधित ज्ञान–संपदा का समावेश है। एलसी का संपूर्ण संग्रह संस्थान के नेटवर्क एवं दूरस्थ पहुँच के माध्यम से उपलब्ध है। एलसी भवन लगभग 27,000 वर्ग फुट में फैला हुआ है, जिसमें केंद्रीय वातानुकूलन की सुविधा है तथा अध्ययन और मनन हेतु उपयुक्त वातावरण प्रदान करने हेतु अलग–अलग अनुभागों के लिए समर्पित स्थान हैं।

एलसी के प्रमुख उद्देश्य निम्नलिखित हैं:

- प्रबंधन एवं संबद्ध विषयों हेतु एक अत्याधुनिक ज्ञान संसाधन केंद्र का निर्माण करना;
- संस्थान के शैक्षणिक समुदाय की सूचना आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु आवश्यकता–आधारित संसाधनों का अधिग्रहण करना;
- उपयोगकर्ता समुदाय को सक्रिय एवं नवाचारी संदर्भ सेवाएँ प्रदान करना, जिससे सदस्यताप्राप्त संसाधनों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया जा सके।

एलसी की ई–संसाधनों की संख्या और विषयों की विविधता में वर्षों के दौरान उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

संसाधन एवं सेवाएँ

संसाधन

क्र.सं.	संसाधन	मात्रा
1	डेटाबेस	104+
2	पुस्तक अधिग्रहण	466
3	ई–पत्रिकाएँ	15,000+
4	ई–पुस्तकें	14,00,000+
5	मुद्रित पुस्तकें	34,748
6	बाध्य पत्रिकाएँ	8,119
7	मुद्रित पत्रिकाएँ और पत्रिकाएँ	55
8	मुद्रित समाचार पत्र	16

सेवाएँ

1. अंतर पुस्तकालय ऋण (आईएलएल)
2. संदर्भ सेवाएँ
3. दूरस्थ पहुँच सुविधा
4. ई–संसाधन और डेटाबेस
5. शैक्षणिक और कार्यकारी कार्यक्रमों के लिए मामले और सिमुलेशन
6. समाचार पत्र की कतरनें
7. टर्निटिन सेवाएँ
8. कार्यशालाएँ / जागरूकता कार्यक्रम

आगंतुक

अपने समृद्ध और विविधतापूर्ण संग्रह के कारण, भा.प्र.सं. इंदौर का लर्निंग सेंटर (एलसी) विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों एवं अन्य संगठनों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। शैक्षणिक सत्र 2024-25 के दौरान, एलसी में विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों और विद्यालयों से लगभग 2826 आगंतुकों ने भ्रमण किया, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग दोगुना था।

प्रमुख आगंतुक संस्थानों में निम्नलिखित शामिल हैं:

जन विकास सोसायटी इंदौर, बाल भारती स्कूल, विक्रांत ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स इंदौर, आर्मी ऑफिसर्स, नितिन बनारसी कॉलेज पुणे, एमराल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल इंदौर, श्री वसिष्ठ विद्यालय, सागर पब्लिक स्कूल इंदौर, दयानंद सरस्वती कॉलेज शाजापुर, ठाकुर आर्किटेक्चर कॉलेज मुंबई, साउथ वैली इंटरनेशनल स्कूल बेटमा, पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, ओरिएंटल यूनिवर्सिटी इंदौर, सिटी पब्लिक स्कूल इंदौर, बीकेजी इंटरनेशनल स्कूल खरगोन, आदित्य विद्याविहार हायर सेकेंडरी स्कूल, लिटिल एंजल हायर सेकेंडरी स्कूल महू, मेडिकैप्स यूनिवर्सिटी इंदौर, श्री कंवरतारा पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल म.प्र., क्रेयॉन्स इंटरनेशनल स्कूल इंदौर, माता गुजरी गर्ल्स पब्लिक स्कूल इंदौर, अमृतवाहिनी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग महाराष्ट्र, एवं श्री धैर्य प्रभादेवी सोजातिया इंटरनेशनल स्कूल इंदौर।

नई पहल

पुस्तक प्रदर्शनी

12 और 13 नवम्बर 2024 को भा.प्र.सं. इंदौर के लर्निंग सेंटर (एलसी) द्वारा संस्थान समुदाय के लिए एक पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य पुस्तक संग्रह को समृद्ध करना था। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन भा.प्र.सं. इंदौर के निदेशक प्रोफेसर हिमाँशु राय द्वारा किया गया।

यह प्रदर्शनी दो दिनों तक आयोजित की गई और इसमें संकाय सदस्य, प्रशासनिक कर्मी, विद्यार्थी एवं उनके परिवारजनों सहित बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रदर्शनी में पुस्तक विक्रेताओं द्वारा व्यवसाय प्रबंधन एवं संबद्ध विषयों के अतिरिक्त हिंदी, संस्कृत और अन्य भारतीय भाषाओं से संबंधित पुस्तकें भी प्रदर्शित की गईं। इस अवसर पर उपयोगकर्ताओं ने लर्निंग सेंटर के लिए पुस्तकों की अनुशंसा की, साथ ही अपनी व्यक्तिगत आवश्यकताओं के लिए भी पुस्तकें खरीदीं।

रिसर्च कॉर्नर


हर माह, लर्निंग सेंटर (एलसी) भा.प्र.सं. इंदौर के संकाय सदस्यों से एफटी 50, ए' और ए श्रेणी की प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में प्रकाशित शोध लेख आमंत्रित करता है, उनका संकलन करता है, और प्रत्येक शोध लेख को अत्यंत आकर्षक रूप में प्रस्तुत करता है। यह लेख एलसी के बाहर स्थित स्क्रीन पर प्रदर्शित किए जाते हैं, जिनमें प्रत्येक लेख के साथ एक क्यूआर कोड भी लगाया जाता है।

यदि कोई उपयोगकर्ता पूर्ण लेख पढ़ना चाहता है, तो वह उस क्यूआर कोड को स्कैन कर लेख तक सीधा पहुँच सकता है।

अपने शिक्षण केंद्र को जानें प्रश्नोत्तरी

लर्निंग सेंटर (एलसी) ने अपने उपयोगकर्ताओं से जुड़ने और उन्हें एलसी की समृद्ध संसाधनों की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से साप्ताहिक क्विज़ " अपने शिक्षण केंद्र को जानें" को पुनः प्रारंभ किया। अब तक कुल 41 क्विज़ आयोजित किए जा चुके हैं, जिनमें लगभग 8500 प्रतिभागियों ने भाग लिया। उपयोगकर्ताओं में उत्साह और गंभीरता बनाए रखने हेतु विजेताओं को उपहार कूपन प्रदान किए गए।





16. गतिविधियाँ एवं कार्यक्रम

भा.प्र.सं. इंदौर में कार्यकारी स्नातकोत्तर कार्यक्रम (ईपीजीपी) के सोलहवें बैच का आरंभ

भा.प्र.सं. इंदौर में कार्यकारी स्नातकोत्तर प्रबंधन कार्यक्रम (ईपीजीपी) के सोलहवें बैच का आरंभ 04 अप्रैल 2024 को हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन संस्थान के निदेशक प्रो. हिमाँशु राय द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री विशाल शर्मा, नेशनल मैनेजिंग डायरेक्टर एवं प्रेसिडेंट यूएसआई कंसल्टिंग लीडर, डेलॉइट कंसल्टिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड उपस्थित थे। साथ ही, प्रो. सौरभ चंद्र - अध्यक्ष, ईपीजीपी; प्रो. प्रशांत सालवन डीन (प्रोग्राम्स); तथा अन्य संकाय सदस्य भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

यह बैच 2009 में कार्यक्रम की स्थापना के बाद से अब तक का सबसे बड़ा एक वर्षीय ईपीजीपी बैच है, जिसमें 75 प्रतिभागी सम्मिलित हुए हैं। कार्यक्रम के अद्यतन पाठ्यक्रम में निरंतर कौशल अनुकूलन पर बल दिया गया है, जिससे प्रतिभागियों को बदलते हुए पेशेवर परिवेश में बहुआयामी नेतृत्वकर्ता बनने हेतु तैयार किया जा सके।

अपने स्वागत भाषण में, प्रो. राय ने नए बैच को जीवन भर के लिए 'क्राउन' धारण करने की सलाह दी। उन्होंने 'क्राउन' के अंतर्गत जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करना, खुले मन से सीखने की प्रवृत्ति, ज्ञान, बुद्धिमत्ता और प्रेरणा की व्याख्या की। उन्होंने कहा कि जब हम ज्ञान को अपने जीवन में लागू करते हैं, तभी वह बुद्धिमत्ता में बदलता है।

मुख्य अतिथि श्री शर्मा ने छात्रों को विविध अनुभवों को अपनाने और निरंतर सीखते रहने की सलाह दी, ताकि वे तकनीक–प्रेरित विश्व में प्रासंगिक बने रहें। उन्होंने फीडबैक को व्यक्तिगत विकास का आवश्यक हिस्सा बताते हुए भारतीय नेताओं की वैश्विक सफलता में उनकी अनुकूलता और प्रतिस्पर्धात्मकता की प्रशंसा की। साथ ही, उन्होंने मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के महत्व को भी रेखांकित किया।

प्रो. सौरभ चंद्र ने छात्रों को इस नई यात्रा पर बधाई दी और व्यक्तिगत एवं सामूहिक विकास से मिलने वाले हर्ष का उल्लेख किया। प्रो. सालवन ने छात्रों से आवश्यक कौशल विकसित करने और नवाचार एवं मूल्य सृजन पर आधारित पाठ्यक्रम का लाभ उठाकर प्रतिस्पर्धी बने रहने का आह्वान किया।

नए बैच को संस्थान की सुविधाओं और पुस्तकालय संसाधनों से भी परिचित कराया गया। इस बैच में कुल 75 प्रतिभागी (12 महिलाएँ एवं 63 पुरुष) सम्मिलित हैं, जिनकी औसत आयु 32.2 वर्ष एवं औसत कार्यानुभव 8.4 वर्ष है। प्रतिभागी विभिन्न उद्योगों से संबंधित हैं जैसे कि ऑटोमोटिव, बीएफएसआई, परामर्श, सरकारी क्षेत्र तथा सूचना प्रौद्योगिकी, जो एक सहयोगात्मक, समाधान–उन्मुख और विविधतापूर्ण शिक्षण वातावरण को सशक्त बनाते हैं।

भूमि पूजन के साथ भा.प्र.सं. इंदौर में परियोजना "अभ्युदय" का शुभारंभ

अपने शैक्षिक बुनियादी ढांचे को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में, आईआईएम इंदौर ने 432 करोड़ रुपये (जीएसटी सहित) की बहुप्रतीक्षित ग्रुप टप्प् परियोजना 'अभ्युदय' के शुभारंभ की घोषणा करते हुए प्रसन्नता व्यक्त की। निदेशक, प्रो. हिमांशु राय ने 17 अप्रैल, 2024 को राम नवमी के शुभ अवसर पर पारंपरिक भूमि पूजन के साथ इस परियोजना का उद्घाटन किया। यह समारोह पारंपरिक वैदिक रीति से आयोजित किया गया, जिसमें प्रो. हिमांशु राय ने पुरोहिती कर्तव्यों का निर्वहन किया। यह शुभ शुरुआत अभ्युदय की गहरी सांस्कृतिक जड़ों और पारंपरिक प्रथाओं के प्रति संस्थान के सम्मान को दर्शाती है, जो इस उद्यम की एक शुभ शुरुआत का प्रतीक है। प्रो. हिमांशु राय ने परियोजना के बारे में अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, "अभ्युदय आईआईएम इंदौर के लिए एक बड़ी छलांग है, जो हमारे बुनियादी ढांचे को हमारी शैक्षिक आकांक्षाओं के साथ संरेखित करता है। यह विस्तार न केवल हमारी शैक्षणिक पेशकशों को बढ़ाएगा बल्कि छात्रों और संकाय के समग्र विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान देगा।" स्थिरता पर जोर देते हुए, परियोजना परिसर के कार्बन पदचिह्न को कम करने और जैव विविधता को बढ़ाने के लिए सौर ऊर्जा, अपशिष्ट जल पुनर्चक्रण और स्थानीय भूनिर्माण को एकीकृत करती है। प्रो. राय ने आगे कहा कि ये प्रयास पर्यावरण के अनुकूल विकास के लिए संस्थान की प्रतिबद्धता और छात्रों को जिम्मेदार भविष्य के नेताओं के रूप में तैयार करने को दर्शाते हैं। अभ्युदय योजनाओं में 870 छात्रों के लिए एक आधुनिक शैक्षणिक भवन, बहुमंजिला छात्रावास, 70 संकाय और 70

कर्मचारियों के लिए कार्यालय और 32 संकाय सदस्यों के लिए आवासीय क्वार्टर शामिल हैं। इन उन्नयनों का उद्देश्य विश्व स्तरीय शिक्षा प्रदान करने की आईआईएम इंदौर की क्षमता को मजबूत करना और शैक्षणिक और व्यावसायिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देना है।

विस्तार में बहुमुखी शिक्षण स्थानों के साथ नए शैक्षणिक भवन शामिल हैं: छह बड़े कक्षाकक्ष (प्रत्येक में 150 सीटें), छह मध्यम कमरे (75 सीटें), और तीन छोटे कमरे (30 सीटें)। अभ्युदय की आवासीय सुविधाओं में एक ऊँची इमारत वाला छात्रावास शामिल है जिसमें 870 एकल–अधिभोग कमरे हैं, जिनमें से प्रत्येक में संलग्न बाथरूम है, और अतिथि शिक्षकों व अतिथियों के लिए एक समर्पित एमडीसी आवास खंड भी शामिल है। नया भोजन कक्ष एक साथ 300 छात्रों को भोजन परोसता है, जिसके साथ एक छत पर बना फूड कोर्ट भी है जो सामाजिक मेलजोल को बढ़ावा देता है।

इस परियोजना ने उन्नत पर्यावरण–अनुकूल डिज़ाइन को एकीकृत करके, प्राकृतिक प्रकाश और वेंटिलेशन को अधिकतम करके, तापीय आराम के लिए "ब्राइज़–सोलेइल" का उपयोग करके, और 30þ पार्किंग में चार्जिंग कियोस्क के साथ इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को बढ़ावा देकर GRIHA 5–स्टार रेटिंग प्राप्त की है। मौजूदा परिसर से कनेक्टिविटी एक औपचारिक पैदल मार्ग द्वारा बढ़ाई गई है। स्थायी सुविधाओं में भूरे और धूसर पानी का पृथक उपचार, अपशिष्ट पृथक्करण, पुनर्चक्रण योग्य सामग्रियों का उपयोग और 1800 किलोवाट सौर ऊर्जा उत्पादन शामिल हैं। एयर हैंडलिंग इकाइयों में MERV&8 फ़िल्टर और UVGI सिस्टम के साथ इनडोर वायु गुणवत्ता में सुधार किया गया है, जो पर्यावरणीय दक्षता और शुद्ध–शून्य लक्ष्यों के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

सभी कक्षाओं को ऑनलाइन, ऑफलाइन और हाइब्रिड शिक्षण को समर्थन देने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो एक गतिशील शिक्षण वातावरण की सुविधा के लिए अत्याधुनिक तकनीक से लैस हैं। इसके अलावा, प्रकाश और एयर कंडीशनिंग के लिए अधिभोग सेंसर के उपयोग के साथ पूरे परिसर में ऊर्जा दक्षता को अनुकूलित किया गया है, यह सुनिश्चित करते हुए कि संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग किया जाता है। ये उन्नत विशेषताएँ न केवल एक स्वस्थ, अधिक टिकाऊ परिसर को बढ़ावा देती हैं, बल्कि आईआईएम इंदौर के एक ऐसे शैक्षिक वातावरण को बढ़ावा देने के मिशन के साथ भी संरेखित होती हैं जो नवीन और कर्तव्यनिष्ठ दोनों हो।

पूरा होने पर, अभ्युदय आईआईएम इंदौर के शैक्षिक बुनियादी ढांचे में एक बड़ी छलांग का प्रतिनिधित्व करेगा, जिसमें अत्याधुनिक टिकाऊ सुविधाएँ प्रदर्शित होंगी। यह परियोजना पर्यावरण के अनुकूल परिसर विकास के लिए एक नया मानदंड स्थापित करती है और एक जिम्मेदार, नवीन और शुद्ध–शून्य प्रभाव वाले शिक्षण वातावरण के निर्माण के लिए हमारी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाती है।

भा.प्र.सं. इंदौर के प्रबंधन अध्ययन में स्नातकोत्तर कार्यक्रम की पहली बैच

भा.प्र.सं. इंदौर ने कार्यरत पेशेवरों के लिए विशेष रूप से प्रारंभ किए गए मास्टर ऑफ़ मैनेजमेंट स्टडीज़ (एमएमएस) कार्यक्रम के प्रथम बैच का उद्घाटन गर्व के साथ किया। इस बैच का उद्घाटन निदेशक प्रोफेसर हिमाँशु राय द्वारा 17 अप्रैल, 2024 को किया गया। यह कार्यकारी शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि रही, जो आधुनिक व्यवसाय परिवेश की बदलती आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार की गई है। इस अवसर पर प्रोफेसर सुबिन सुधीर, एसोसिएट डीन कार्यकारी शिक्षा; प्रोफेसर निशित सिन्हा, कार्यक्रम समन्वयक एमएमएस; तथा श्री अनीश श्रीकृष्णा, सीईओ टाइम्स प्रो एंड लर्निंग भी उपस्थित थे।

इस प्रथम बैच में कुल 80 प्रतिभागी (69% पुरुष, 31% महिलाएँ) शामिल हुए, जिनमें 64% अभियंता थे। इनके अतिरिक्त, वित्त (10%), प्रबंधन (9%), विज्ञान (8%), कला (4%), सूचना प्रौद्योगिकी (4%) तथा डिज़ाइन (1%) क्षेत्रों से पेशेवर प्रतिभागी शामिल हुए।

उद्घाटन अवसर पर निदेशक प्रोफेसर हिमाँशु राय ने एमएमएस कार्यक्रम को भविष्य के नेताओं के निर्माण हेतु एक दूरदर्शी पहल बताया, जो जटिल एवं अनिश्चित (VUCA) विश्व में प्रभावी रूप से मार्गदर्शन कर सकें। उन्होंने इस कार्यक्रम की शैक्षिक कठोरता और व्यावहारिक शिक्षण के संयोजन को कार्यकारी शिक्षा के क्षेत्र में एक नई मिसाल बताया। उन्होंने कहा, "इस कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों द्वारा अर्जित दक्षताएँ वैश्विक परिवेश की अनिश्चितताओं से निपटने में अत्यंत आवश्यक और अमूल्य सिद्ध होंगी।"

प्रोफेसर सुबिन सुधीर ने वैश्विक व्यापार प्रवृत्तियों के अनुरूप बने रहने हेतु इस कार्यक्रम में उन्नत तकनीक एवं नवाचारी शिक्षण पद्धतियों के प्रयोग को रेखांकित किया। प्रोफेसर निशित सिन्हा ने पाठ्यक्रम में वास्तविक जीवन की चुनौतियों, सामरिक सोच एवं नेतृत्व विकास पर बल देने की बात कही। श्री अनीश श्रीकृष्णा ने कहा, "मास्टर ऑफ़ मैनेजमेंट स्टडीज़ कार्यक्रम का शुभारंभ भारत की भविष्य की कार्यशक्ति को

परिवर्तन, विकास और स्थिरता हेतु तैयार करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण प्रयास है। इस प्रगतिशील कार्यक्रम में भा.प्र.सं. इंदौर के साथ सहयोग करना हमारे लिए गौरव का विषय है। उद्घाटन बैच के सभी विद्यार्थियों एवं संकाय को बधाई।"

एमएमएस कार्यक्रम में 900 घंटे का गहन शिक्षण शामिल है, जो एक उन्नत इंटरऐक्टिव लर्निंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से ऑनलाइन और ऑफलाइन सत्रों के संयोजन में प्रदान किया जाता है। प्रतिभागियों को अर्थशास्त्र, संप्रेषण, वित्त एवं लेखांकन, तथा रणनीति जैसे प्रमुख प्रबंधन विषयों में विशेषज्ञ संकाय द्वारा मार्गदर्शन प्राप्त होता है।

यह कार्यक्रम कार्यकारी कैरियर लक्ष्यों और वैश्विक व्यापार मानकों के अनुरूप प्रासंगिक एवं प्रभावशाली शिक्षा प्रदान करते हुए नई मिसाल स्थापित करता है।

भा.प्र.सं. इंदौर में आधारभूत संरचना विकास पर प्रशिक्षण कार्यक्रम - 14 देशों के 26 वरिष्ठ अधिकारियों की मेज़बानी

भारतीय प्रबंध संस्थान इंदौर (भा.प्र.सं. इंदौर) को विदेश मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में भारतीय तकनीकी एवं आर्थिक सहयोग (आईटीईसी) कार्यक्रम के अंतर्गत विकास के लिए बुनियादी ढांचे के निर्माण में वैश्विक रुझान विषय पर कार्यकारी पाठ्यक्रम के शुभारंभ की घोषणा करते हुए अत्यंत हर्ष हुआ।

यह कार्यक्रम 29 अप्रैल, 2024 को भा.प्र.सं. इंदौर के निदेशक प्रोफेसर हिमाँशु राय द्वारा उद्घाटित किया गया। अपने स्वागत भाषण में प्रोफेसर राय ने 'जिम्मेदारी' को एक वैश्विक सूत्रधार के रूप में रेखांकित किया और कहा, "हम सभी को एकजुट करने वाली एक बात हैकृहमारे देशों के सामने आने वाली चुनौतियों को सुलझाने की हमारी जिम्मेदारी।" उन्होंने आज की दुनिया की नाजुकता, चिंता, असंगतता और अस्पष्टता (बानीः ब्रिटलनेस, एंग्ज़ायटी, नॉन–लीनियरिटी और इनकॉम्प्रिहेन्सिबिलिटी) को उजागर करते हुए इसके प्रभावों पर प्रकाश डाला। साथ ही, भारत की अद्भुत आ र्थिक प्रगति की ओर संकेत करते हुए यह भविष्यवाणी की कि वर्ष 2047 तक भारत विश्व की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है।

प्रोफेसर हिमाँशु राय ने भारत की 2047 तक स्वास्थ्य सेवा, सूचना प्रौद्योगिकी और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में नेतृत्व करने की संभावनाओं पर विश्वास जताया, और इसके लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता पर ज़ोर दिया। उन्होंने आय असमानता, ग्रामीण–शहरी विषमता और पर्यावरणीय क्षरण जैसी चुनौतियों को रेखांकित करते हुए इनका समाधान खोजने हेतु सहयोगात्मक और सतत विकास आधारित दृष्टिकोण अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि आर्थिक और सामाजिक प्रगति की कुंजी आधारभूत संरचना का विकास है।

भा.प्र.सं. इंदौर में सभी प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए, प्रोफेसर राय ने संस्थान द्वारा पिछले पाँच वर्षों में किए गए सतत विकास के प्रयासों को साझा किया।

प्रोफेसर राजहंस मिश्रा ने इस विविध अंतर्राष्ट्रीय समूह का स्वागत करते हुए आधारभूत संरचना विकास के क्षेत्र में वैश्विक सहयोग और शैक्षिक उत्कृष्टता के प्रति भा.प्र.सं. इंदौर की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।

दो सप्ताह की इस कार्यशाला में 14 देशों - मोज़ाम्बिक, तंज़ानिया, युगांडा, मेडागास्कर, कोमोरोज़, मालदीव, श्रीलंका, म्यांमार, बांग्लादेश, किरिबाती, इस्वातिनी, कंबोडिया, बुरुंडी और बोत्सवाना - से आए 26 वरिष्ठ अधिकारियों ने आधारभूत संरचना विकास से जुड़े विविध और महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। ये सभी उच्च पदस्थ अधिकारी अपने–अपने देशों में कार्यकारी बोर्ड निदेशक, वरिष्ठ निदेशक, सलाहकार, संयुक्त सचिव और उप–महानिदेशक जैसे पदों पर कार्यरत हैं।

प्रतिभागियों ने विशेषज्ञों द्वारा संचालित सत्रों के माध्यम से विभिन्न विषयों का गहन अध्ययन किया, जिनमें औद्योगिक विकास के लिए वित्त पोषण, कृषि तकनीकी निवेश को बढ़ावा देना, डिजिटल सार्वजनिक आधारभूत संरचना, नवीकरणीय ऊर्जा, सार्वजनिक परिवहन प्रणाली, आपदा–रोधी संरचनाएँ, भू–राजनीति, और आधारभूत संरचना एवं विदेश नीति का एकीकरण जैसे महत्वपूर्ण पहलू शामिल थे।

प्रतिभागियों ने वैश्विक स्तर पर आधारभूत संरचना विकास को आकार देने वाले महत्वपूर्ण मुद्दों की बहुआयामी समझ प्राप्त की। उन्होंने अधोसंरचना परियोजनाओं के लिए संसाधनों को जुटाने हेतु नवाचारी वित्त पोषण तंत्रों और रणनीतियों के बारे में सीखा, जिससे उन्हें व्यापक स्तर की विकास परियोजनाओं में अंतर्निहित वित्तीय जटिलताओं से निपटने की क्षमता प्राप्त हुई।

इसके अतिरिक्त, प्रतिभागियों ने कृषि तकनीक और डिजिटल अधोसंरचना में नवीनतम प्रगति का अध्ययन किया, और यह जाना कि ये नवाचार सतत आर्थिक विकास को कैसे गति दे सकते हैं तथा समुदायों के जीवन स्तर में सुधार कर सकते हैं।

नवीकरणीय ऊर्जा और सार्वजनिक परिवहन प्रणालियों पर आधारित सत्रों ने प्रतिभागियों को स्वच्छ और अधिक कुशल ऊर्जा तथा परिवहन विकल्पों की ओर संक्रमण के बारे में गहन जानकारी दी, जो जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करने और सतत विकास को बढ़ावा देने हेतु अत्यंत आवश्यक हैं।

साथ ही, आपदा–रोधी अधोसंरचना पर हुई चर्चाओं से प्रतिभागियों को ऐसी संरचनात्मक प्रणालियाँ तैयार करने के लिए आवश्यक ज्ञान और उपकरण प्राप्त हुए जो प्राकृतिक आपदाओं का सामना कर सकें और उनसे शीघ्र पुनर्निर्माण कर सकें, जिससे लचीलापन बढ़े और संवेदनशीलता में कमी आए।

भूराजनीतिक पहलुओं और आधारभूत संरचना को विदेश नीति के साथ एकीकृत करने पर भी विचार–विमर्श किया गया, जिससे प्रतिभागियों को उन भूराजनीतिक परिस्थितियों को समझने और उनमें प्रभावी ढंग से काम करने की क्षमता मिली, जो अधोसंरचना परियोजनाओं को प्रभावित करती हैं। साथ ही, वे सामरिक साझेदारियाँ स्थापित करने के लिए प्रेरित हुए, जिससे विकासात्मक पहलों को आगे बढ़ाया जा सके।

यह कार्यक्रम प्रतिभागियों को भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और स्थापत्य चमत्कारों का प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान करने हेतु तैयार किया गया है। इस पाठ्यक्रम का उद्देश्य अधोसंरचना विकास में अंतर्निहित बहुआयामी चुनौतियों और अवसरों की समग्र समझ प्रदान करना है, ताकि प्रतिभागी अपने–अपने देशों में और उससे आगे भी परिवर्तनकारी नेतृत्व कर सकें।

भा.प्र.सं. इंदौर की विभिन्न देशों के वरिष्ठ अधिकारियों के लिए कार्यक्रम आयोजित करने की समृद्ध परंपरा रही है, जो शिक्षा और सहयोग के प्रति इसके वैश्विक दृष्टिकोण को दर्शाती है। इससे पूर्व संस्थान ने मंगोलिया, कंबोडिया, इराक और आइवरी कोस्ट जैसे देशों के प्रतिभागियों के लिए सफलतापूर्वक कार्यक्रम आयोजित किए हैं। पिछले वर्ष, संस्थान ने 20 देशों के वरिष्ठ अधिकारियों के लिए डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) पर केंद्रित एक कार्यक्रम आयोजित किया था, जो समकालीन चुनौतियों के समाधान हेतु नवाचारी शैक्षणिक पहलों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

'महिलाएँ महिलाओं को सशक्त बना रही हैं' विषयक कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) के सहयोग से

भारतीय प्रबंध संस्थान इंदौर ने नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) के सहयोग से एक अर्ध–दिवसीय कार्यक्रम "राइज़ एंड लीडः युवा महिलाएँ प्रौद्योगिकी, व्यापार और सार्वजनिक जीवन में नेतृत्व कर रही हैं" का आयोजन किया। यह प्रेरणादायी कार्यक्रम संस्थान की महिला सशक्तिकरण के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक था, जिसे वित्तीय साक्षरता कार्यशालाओं और विशेष रूप से तैयार किए गए कार्यक्रमों जैसी कई पहलों के माध्यम से सुदृढ़ किया गया है।

कार्यक्रम में विशेषज्ञों द्वारा उभरती प्रौद्योगिकियों, कार्यबल में अवसरों और महिला नेतृत्व जैसे विषयों पर जीवंत चर्चा की गई। इस कार्यक्रम ने युवा महिलाओं को प्रौद्योगिकी, व्यापार और सार्वजनिक जीवन में उत्कृष्टता प्राप्त करने और नेतृत्व करने हेतु प्रेरित किया, और भविष्य को आकार देने में उनके महत्वपूर्ण योगदान को रेखांकित किया।

कार्यक्रम की शुरुआत भा.प्र.सं. इंदौर के निदेशक प्रो. हिमाँशु राय के उद्घाटन भाषण से हुई। प्रो. राय ने "राइज़ एंड लीड" विषय पर प्रकाश डालते हुए निडर होकर अपने सपनों का पीछा करने के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, "जब हम बच्चे होते हैं, तो निडर होकर अपने सपनों को जीते हैं, लेकिन जैसे–जैसे हम बड़े होते हैं, हमारे भीतर डर और समाज द्वारा थोपे गए प्रतिबंध घर कर जाते हैं कृ विशेष रूप से महिलाओं के लिए। हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हर व्यक्ति अपनी पूर्ण क्षमताओं तक पहुँचे।" उन्होंने महिलाओं के सामने आने वाली चुनौतियों और सामाजिक भ्रांतियों का उल्लेख करते हुए, आत्म–प्रेम, धैर्य और संघर्षशीलता को प्राथमिकता देने का आह्वान किया।

राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष सुश्री रेखा शर्मा ने अपने संबोधन में उन सामाजिक मानदंडों को तोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया जो महिलाओं की स्वतंत्रता को सीमित करते हैं। उन्होंने शिक्षा और सशक्तिकरण के माध्यम से नेतृत्व क्षमता को प्रोत्साहित करने की बात कही, विशेष रूप से राजनीति, प्रौद्योगिकी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के क्षेत्रों में। उन्होंने महिलाओं से निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में सक्रिय रूप से भाग लेने का आग्रह किया और राष्ट्र निर्माण में उनकी महत्त्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, "महिलाओं में हर क्षेत्र में, विशेषकर तकनीक और एआई में उत्कृष्टता प्राप्त करने की क्षमता और कौशल है।" अपने संबोधन का समापन करते हुए उन्होंने महिलाओं से निर्णयात्मक भूमिका निभाने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया।

सुश्री ममता कुमारी, राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य, ने राजनीति में महिलाओं की भागीदारी और नेतृत्व भूमिका अपनाने के महत्व पर बल दिया। उन्होंने युवतियों को भविष्य के निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया और एक ऐसे विश्व की कल्पना की जिसमें वैश्विक महिला नेतृत्व का 50 प्रतिशत भारतीय महिलाएँ हों।

पहले पैनल "भविष्य की कार्यशक्ति के लिए उभरती तकनीकों में अवसर" में शैक्षिक, अनुसंधान और उद्योग से विशेषज्ञों ने भाग लिया। प्रो. श्रुति तिवारी द्वारा संचालित इस चर्चा में तकनीकी क्षेत्र में महिलाओं के लिए निरंतर कौशल उन्नयन, समग्र शिक्षा और सहायक वातावरण की आवश्यकता पर बल दिया गया। पैनलिस्टों ने भारत की क्वांटम अनुसंधान में बढ़ती भूमिका का उल्लेख किया और युवाओं से उभरती तकनीकों के अवसरों को अपनाने का आग्रह किया।

दूसरे पैनल "निगम क्षेत्र में महिला नेतृत्व" का संचालन प्रो. शिवानी शर्मा ने किया, जिसमें सुश्री जॉली प्रिया, सुश्री ममता बकलीवाल और सुश्री रिया छाबड़ा ने भाग लिया। चर्चा में अवसरों को पहचानने, सतत् शिक्षा और सहायक नेटवर्क के निर्माण की आवश्यकता को रेखांकित किया गया। पैनलिस्टों ने संघर्षशीलता, दृढ़ता और संगठनों की भूमिका को महिला नेतृत्व के प्रोत्साहन में महत्वपूर्ण बताया।

तीसरे पैनल "उद्यमिता में महिला नेतृत्व" का संचालन सुश्री शानू मेहता ने किया। इसमें सुश्री अनुभा आनंद, सुश्री निकिता सिंह और सुश्री नेहा मित्तल ने भाग लिया। पैनल ने नवाचार, संघर्षशीलता, मार्गदर्शन और सामुदायिक निर्माण को उद्यमिता में सफलता की कुंजी के रूप में प्रस्तुत किया और महिलाओं को चुनौतियों को अपनाकर आत्मविश्वास के साथ नेतृत्व करने के लिए प्रेरित किया।

धन्यवाद प्रस्ताव में प्रो. श्रुति तिवारी ने "नारी " को एक संक्षिप्त रूप में प्रस्तुत करते हुए कहा कि यह पालन–पोषण, चपलता, लचीलापन, प्रेरणा जैसे गुणों को दर्शाता है, जो महिला सशक्तिकरण के मूल हैं। कार्यक्रम का समापन उपस्थित प्रतिभागियों द्वारा स्वयं को और अन्य महिलाओं को सशक्त बनाने की प्रतिज्ञा के साथ हुआ, जिसमें उन्होंने लैंगिक समानता और सामाजिक प्रगति के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया।

भा.प्र.सं. इंदौर में पीजीपी, पीजीडीपीएचआरएम, आईपीएम चतुर्थ एवं डीपीएम की नई बैचों की शुरुआत

भारतीय प्रबंध संस्थान इंदौर (भा.प्र.सं. इंदौर) ने 27 जून, 2024 को प्रबंधन में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपी), मानव संसाधन प्रबंधन में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपी–एचआरएम), प्रबंधन में डॉक्टोरल कार्यक्रम (डीपीएम), तथा एकीकृत प्रबंधन कार्यक्रम - चतुर्थ वर्ष (आईपीएम - चतुर्थ वर्ष) की नई बैचों का स्वागत किया। इन बैचों का उद्घाटन भा.प्र.सं. इंदौर के निदेशक प्रो. हिमाँशु राय द्वारा किया गया।

अपने उद्घाटन भाषण में प्रो. राय ने विद्यार्थियों को अपने स्वधर्म की पहचान कर उसे पूर्ण करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा, "अपने जीवन पथ में स्वधर्म को समझना अत्यंत आवश्यक है। अपने भीतर के वास्तविक सामर्थ्य की पहचान करें और उसे पूर्ण करने का प्रयास करें।" उन्होंने विद्यार्थियों को केवल भौतिक लक्ष्यों जैसे धन के पीछे भागने से सावधान करते हुए, वास्तविक आवश्यकताओं और सतही इच्छाओं के बीच अंतर करने की सीख दी।

प्रो. सयंतन बनर्जी ने संस्थान को एक सहयोगात्मक समुदाय बताया, जो नैतिकता, समावेशी नेतृत्व और सकारात्मक बदलाव की परंपरा को प्रोत्साहित करता है। इस वर्ष की बैच में लिंग और शैक्षिक विविधता देखने को मिलीकृमहिला सहभागिता 31% से अधिक रही तथा 46. 86% छात्र इंजीनियरिंग क्षेत्र से इतर पृष्ठभूमि से हैं। पीजीपी–एचआरएम कार्यक्रम में महिला सहभागिता सर्वाधिक (93.94%) रही। महाराष्ट्र से सर्वाधिक 86 छात्र हैं, इसके बाद उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश का स्थान है।

इस अवसर पर निदेशक ने पीजीपी - I एवं आईपीएम - IV के प्रथम 5% विद्यार्थियों को शैक्षणिक उत्कृष्टता के प्रमाण–पत्र प्रदान किए, जिनकी कुल संख्या 32 रही। ग्रामीण सहभागिता कार्यक्रम के अंतर्गत मध्य प्रदेश के 101 गाँवों में किए गए क्षेत्रीय कार्य के आधार पर श्रेष्ठ रिपोर्ट एवं श्रेष्ठ वीडियो रिपोर्ट को भी सम्मानित किया गया। आवश्यकता–आधारित वित्तीय सहायता पुरस्कार की घोषणा भी की गई:

- शिवम को ₹10,00,000 / –
- अपूर्व राज को ₹10,00,000 / –
- शंकर प्रसाद जाना को ₹10,00,000 / –

संस्थान का प्रतिनिधित्व करने वाली छात्र टीमों को भी विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में उनके प्रदर्शन के लिए प्रमाण–पत्र प्रदान किए गए। आईएमए इंडिया द्वारा आयोजित "ऐस द केस" केस स्टडी प्रतियोगिता 2024 में द्वितीय उपविजेता स्थान प्राप्त करने वाली टीम को प्रमाण–पत्र प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त, वाईएनओएस एवं भा.प्रो.सं मद्रास के स्टार्ट–अप्स एवं जोखिम वित्तपोषण केंद्र द्वारा आयोजित यूनिक्वेस्ट केस स्टडी प्रतियोगिता में पाँचवाँ स्थान प्राप्त करने वाली टीम को भी प्रमाण–पत्र प्रदान किया गया।

प्रवेश कार्यक्रम का समापन कंप्यूटिंग सुविधाओं, पुस्तकालय, परिसर की आधारभूत संरचना तथा अन्य प्रमुख पहलों, सेवाओं एवं सुविधाओं की जानकारी के साथ हुआ।

पीजीपीएमएक्स की 21वीं बैच का शुभारंभ

भारतीय प्रबंध संस्थान इंदौर (भा.प्र.सं. इंदौर) के मुंबई परिसर में कार्यरत पेशेवरों के लिए स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपीएमएक्स) की 21वीं बैच का शुभारंभ 03 अगस्त 2024 को हुआ। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक प्रो. हिमाँशु राय ने उद्घाटन भाषण दिया। इस कार्यक्रम में प्रसिद्ध वॉइस–ओवर कलाकार, अभिनेता एवं संप्रेषण प्रशिक्षक श्री विजय विक्रम सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। साथ ही, पीजीपीएमएक्स के अध्यक्ष प्रो. मीत वच्छराजानी भी उपस्थित रहे।

प्रो. राय ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए अत्यंत उत्साहपूर्वक इस वर्ष की प्रमुख उपलब्धि साझा कीकृ"क्यूएस ईएमबीए रैंकिंग्स 2024 में भा.प्र.सं. इंदौर ने एशिया के शीर्ष 25 बिजनेस स्कूलों में स्थान पाकर एक प्रभावशाली शुरुआत की है।" उन्होंने बताया कि यह पाठ्यक्रम इंडस्ट्री 4.0 की जटिलताओं के अनुरूप तैयार किया गया है, और भा.प्र.सं. इंदौर एकमात्र ऐसा संस्थान है जिसे ट्रिपल क्राउन मान्यता प्राप्त है। उन्होंने असमानता, ग्रामीण–शहरी विभाजन, पर्यावरणीय चुनौतियों और उद्यमिता जैसे मुद्दों पर संस्थान की पहलें साझा करते हुए छात्रों से आग्रह किया कि वे करुणा, साहस, संवाद और धैर्यकृइन चार नेतृत्व गुणों को अपनाकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाएं।

विशिष्ट अतिथि श्री विजय विक्रम सिंह ने अपने सफर के प्रेरणादायक अनुभव साझा किएकृएक एमबीए स्नातक से लेकर प्रसिद्ध वॉइस–ओवर कलाकार और अभिनेता बनने तक। उन्होंने प्रतिभागियों को विकास मानसिकता, निरंतर कौशलवृद्धि, और आत्म–स्पर्धा पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने करुणा, प्रभावी संवाद, और अनुकूलनशीलता को नेतृत्व के मूल गुण बताया। उन्होंने कहा, "सफलता का विरोधी असफलता नहीं, अनुभव है," और जीवनभर जिज्ञासा बनाए रखने तथा निरंतर सीखने पर बल दिया।

प्रो. मीत वच्छराजानी ने नवीन बैच को शुभकामनाएँ देते हुए उनके निर्णय की सराहना की। उन्होंने बैच की लिंग विविधता को रेखांकित किया, जिसमें नौ महिला प्रतिभागी शामिल हैं, और परिवार के समर्थन व कृतज्ञता के महत्व पर बल दिया। उन्होंने प्रतिभागियों से आग्रह किया कि वे जिज्ञासु रहें और कार्यक्रम की व्यावहारिक शिक्षण पद्धति का अधिकतम लाभ उठाएँ।

पीजीपीएमएक्स की 21वीं बैच विभिन्न क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करती हैकृकृषि यंत्र निर्माण, बैंकिंग, रसायन, परामर्श, उपभोक्ता एवं रिटेल, इंजीनियरिंग, ईपीसी, वित्त, एफएमसीजी, खाद्य एवं पेय, रत्न एवं आभूषण, सरकारी उपक्रम, सूचना प्रौद्योगिकी, तेल एवं गैस, पेंट उद्योग, रेलवे एवं भारी मशीनरी, रियल एस्टेट एवं निर्माण, रिफाइनरी एवं पेट्रोलियम, तथा अनुसंधान एवं परामर्श सेवाएँ।

यह विविधतापूर्ण समूह भा.प्र.सं. इंदौर की नेतृत्व एवं नवाचार को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता का परिचायक है। छात्रगण अपने–अपने क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान देने और सामाजिक प्रभाव उत्पन्न करने हेतु सज्ज हैं।

भा.प्र.सं. इंदौर द्वारा आईपीएम बैच 2024–29 का स्वागत, इंडक्शन कार्यक्रम आयोजित

अगस्त 2024 को भारतीय प्रबंध संस्थान इंदौर (भा.प्र.सं. इंदौर) ने पाँच वर्षीय एकीकृत प्रबंध कार्यक्रम (आईपीएम) के नवीनतम बैच 2024-29 का स्वागत एक औपचारिक इंडक्शन कार्यक्रम के माध्यम से किया। कार्यक्रम का उद्घाटन संस्थान के निदेशक प्रो. हिमाँशु राय द्वारा किया गया, जिन्होंने संस्थान में शामिल हो रहे प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का गर्मजोशी से अभिनंदन किया।

प्रो. राय ने अपने व्यक्तिगत अनुभवों से विद्यार्थियों को प्रेरणा दी और उन्हें शिक्षा को एक निरंतर यात्रा के रूप में देखने की सलाह दी, जो हमारी अज्ञानता को समझने और जिज्ञासु दृष्टिकोण अपनाने से परिपूर्ण होती है। उन्होंने दैनिक जीवन में 'महत्त्वपूर्ण और तात्कालिक' कार्यों को प्राथमिकता देकर समय प्रबंधन की कला पर ज़ोर दिया। अनुशासन और निरंतरता की भूमिका को रेखांकित करते हुए उन्होंने विद्यार्थियों को सार्थक गतिविधियों को अपनी दिनचर्या में शामिल करने का आग्रह किया।

अपने हिमालय यात्रा के अनुभव को साझा करते हुए प्रो. राय ने बताया, "जब मैं थककर रुकने की सोच रहा था, तब मेरी मार्गदर्शिका, प्रसिद्ध पर्वतारोही बछेंद्री पाल ने मुझे चलने की सलाह दी। आधे घंटे बाद, जब मैंने पीछे देखा, तो समझ आया कि मैं कितना आगे आ चुका हूँ। इससे मुझे यह सीख मिली कि जब भी हम आगे बढ़ने की हिम्मत न जुटा सकें, तब पीछे देखकर अपने प्रयासों की सराहना करनी चाहिए।" उन्होंने सहानुभूति और करुणा के महत्त्व पर भी बल दिया स्वयं के प्रति और दूसरों के प्रति, खासकर विभिन्न पृष्ठभूमियों से आने वाले लोगों के लिए।

आईपीएम के चेयर प्रो. सौरभ कुमार ने नए बैच का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की प्रतिष्ठा पर प्रकाश डाला और पाँच वर्षों की आने वाली समृद्ध यात्रा के लिए विद्यार्थियों को तैयार रहने का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि इस वर्ष कुल 28,596 आवेदनों में से 857 उम्मीदवारों का साक्षात्कार के लिए चयन हुआ, और अंततः 156 विद्यार्थियों का चयन किया गया, जिनमें 59 छात्राएँ और 97 छात्र हैं, जो विविध शैक्षणिक पृष्ठभूमियों से आते हैं।

कार्यक्रम में डीन प्रोग्राम्स, प्रो. प्रशांत सालवान ने आईपीएम कार्यक्रम की रूपांतरणकारी प्रकृति पर बल दिया। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे नवाचार और रणनीतिक दृष्टिकोण से सामाजिक समस्याओं के समाधान खोजें और व्यक्तिगत व पेशेवर विकास के लिए चुनौतियों को अवसर के रूप में अपनाएँ।

कार्यक्रम में शैक्षणिक उत्कृष्टता प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इसके साथ ही पूर्व छात्रा आद्या प्रभा की स्मृति में स्थापित आद्या प्रभा छात्रवृत्ति की घोषणा की गई, जो आईपीएम 2020-25 की छात्रा नंदिनी सेठी को उनके चौथे वर्ष में सर्वोच्च सीजीपीए प्राप्त करने के लिए प्रदान की गई।

आईपीएम 2024-29 बैच में कुल 156 विद्यार्थी शामिल हैं, जिनमें अमेरिका और यूके से चार अंतर्राष्ट्रीय छात्र भी शामिल हैं। वाणिज्य सबसे अधिक पसंद किया गया शैक्षणिक क्षेत्र रहा, जबकि उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, दिल्ली और मध्यप्रदेश से सबसे अधिक प्रतिनिधित्व हुआ।

इंडक्शन कार्यक्रम में छात्रों को परिसर की सुविधाओं, छात्रवृत्तियों, छात्रावास व्यवस्थाओं और एंटी–रैगिंग दिशानिर्देशों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में पूर्व छात्रा स्वर्णिमा आनंद द्वारा साझा किए गए व्यावहारिक अनुभवों और एक संवादात्मक प्रश्नोत्तर सत्र ने विद्यार्थियों को गहन प्रेरणा और दिशा प्रदान की।

भा.प्र.सं. इंदौर और भा.प्रो.सं. इंदौर ने एम.एस.डी.एस.एम. के चौथे बैच का शुभारंभ किया

भारतीय प्रबंध संस्थान इंदौर (भा.प्र.सं. इंदौर) और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान इंदौर (भा.प्रौ.सं. इंदौर) ने मास्टर इन डेटा साइंस एंड मैनेजमेंट (एम.एस.डी.एस.एम.) कार्यक्रम के चौथे बैच का उद्घाटन 7 अगस्त, 2024 को वर्चुअल माध्यम से किया। यह शुभारंभ पिछले बैचों की सफलताओं पर आधारित है और दोनों संस्थानों की सहभागिता का प्रतीक है। इस अवसर पर भा.प्र.सं. इंदौर के निदेशक प्रो. हिमाँशु राय, भा.प्रौ.सं. इंदौर के निदेशक प्रो. सुहास जोशी, तथा कार्यक्रम समन्वयक प्रो. अमित वत्स (भा.प्र.सं. इंदौर) एवं प्रो. परिमल कर (भा.प्रौ.सं. इंदौर) उपस्थित रहे।

इस वर्ष के बैच में कुल 80 प्रतिभागी हैं, जिनमें 30 महिलाएँ और 50 पुरुष शामिल हैं। इनमें से 6 प्रतिभागी अभियांत्रिकी पृष्ठभूमि से नहीं हैं जबकि 74 इंजीनियरिंग से हैं। सर्वाधिक संख्या में प्रतिभागी कर्नाटक (11), महाराष्ट्र (10), तेलंगाना (9), तथा दिल्ली और मध्य प्रदेश (8–8) से हैं। यह विविधता इस कार्यक्रम की समृद्ध ज्ञानधारा और अनुभवजन्य दृष्टिकोण को दर्शाती है।

प्रो. हिमाँशु राय ने अपने उद्घाटन भाषण में प्रतिभागियों से सहानुभूति, साहस और विविध अनुभवों को अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा, "हर पृष्ठभूमि से कुछ न कुछ सीखने को मिलता है - हर बातचीत में करुणा और साहस रखें।" उन्होंने प्रतिभागियों से अपने दृष्टिकोण (विजन) को पूरी निष्ठा से अपनाने और आत्म–संदेह से पीछे न हटने का आह्वान किया। उन्होंने डेटा साइंस से जीवन का सुंदर समांतर उदाहरण देते हुए कहा, "जैसे हम डेटा साइंस में सकारात्मक प्रवृत्तियों की सराहना करते हैं और विसंगतियों का विश्लेषण कर समाधान खोजते हैं, वैसे ही जीवन में भी हमें उपलब्धियों का उत्सव मनाना चाहिए और असफलताओं से सीख लेनी चाहिए।" उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक अनुभव चाहे सफलता हो या चुनौती-नेतृत्व और विकास की दिशा में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

प्रो. सुहास जोशी ने बैच का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की अंतःविषय (इंटरडिसिप्लिनरी) प्रकृति और भा.प्र.सं. इंदौर तथा भा.प्रौ.सं. इंदौर की मजबूत सहभागिता की सराहना की। उन्होंने बताया कि यह पाठ्यक्रम डेटा विज्ञान और प्रबंधन का समन्वय कर विद्यार्थियों को उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करता है, जिससे वे भविष्य में प्रभावशाली नेतृत्व कर सकें।

एम.एस.डी.एस.एम. कार्यक्रम तकनीकी दक्षता और प्रबंधन रणनीति का सम्मिलन करता है। यह पाठ्यक्रम डेटा विज्ञान, उद्यम रणनीति, तकनीक और जन प्रबंधन जैसे आयामों को एकीकृत करता है, जिससे प्रतिभागी जटिल व्यावसायिक समस्याओं को व्यावहारिक समाधान के साथ हल कर सकें।

चौथे बैच के शुभारंभ के साथ, भा.प्र.सं. इंदौर और भा.प्रौ.सं. इंदौर ने एक बार फिर डेटा विज्ञान और प्रबंधन शिक्षा में नवाचार और उत्कृष्टता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है, जो भविष्य के नेतृत्व को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण पहल है।

भा.प्र.सं. इंदौर द्वारा निदेशक कप का प्रथम आयोजनः महिला फुटबॉल और सशक्तिकरण का उत्सव

भा.प्र.सं. इंदौर ने 15 अगस्त, 2024 को महिला फुटबॉल और सशक्तिकरण के उत्सव के रूप में प्रथम निदेशक कप का आयोजन किया। यह ऐतिहासिक आयोजन संस्थान की अपने समुदाय एवं उससे आगे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

इस टूर्नामेंट में भा.प्र.सं. इंदौर की टीमों के साथ–साथ भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान भोपाल (IISERB), जगरण लेकसिटी विश्वविद्यालय भोपाल (JLU), एनएमआईएमएस इंदौर, इंदौर विधि संस्थान (IIL), तथा माता जीजाबाई शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय (MJBG) की टीमों ने भाग लिया। यह आयोजन संस्थान की खेलों और स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करने की सोच के साथ–साथ 'नशे को ना कहें' के सशक्त संदेश को भी आगे बढ़ाता है।

20 अगस्त, 2024 को संपन्न हुए इस आयोजन में भा.प्र.सं. इंदौर की टीम ने प्रथम निदेशक कप जीता। निदेशक प्रोफेसर हिमाँशु राय ने विजेता टीम को पुरस्कार प्रदान किए तथा इस आयोजन को सफल बनाने में लगे छात्र–छात्राओं की टीम की सराहना की। उन्होंने कहा, "फुटबॉल केवल एक खेल नहीं है, यह महिलाओं की शक्ति और जिजीविषा को प्रकट करने का एक मंच है। हमें चाहिए कि हम मैदान के भीतर और बाहर, हर स्तर पर एक–दूसरे को सहयोग और प्रोत्साहन देते रहें।"

इस अवसर पर प्रोफेसर मनोज मोटवानी, अध्यक्ष - छात्रावास एवं छात्र मामले, तथा कर्नल (डॉ.) गुरुराज गोपीनाथ पामिडी (पूर्व सैनिक), मुख्य अधिकारी प्रशासन, भी उपस्थित थे और उन्होंने सभी खिलाड़ियों को उनकी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी।

निदेशक कप का आयोजन भा.प्र.सं. इंदौर की स्पोर्ट्सकॉम एवं छात्र मामले समिति (SAC) द्वारा किया गया, जो संस्थान की प्रभावशाली खेल आयोजनों की परंपरा को आगे बढ़ाता है। पूर्व में भी संस्थान ने छात्र विनिमय कार्यक्रम के अंतर्गत भारत बनाम फ्रांस फुटबॉल मैच की मेज़बानी की थी।

संस्थान लगातार अपने खेल परिसर को सुदृढ़ कर रहा है। हाल ही में उद्घाटित खेल सुविधाओं में एक नया मिनी फुटबॉल टर्फ, जॉगिंग ट्रैक, इनडोर बैडमिंटन कोर्ट एवं बिलियर्ड्स टेबल शामिल हैं, जो पहले से मौजूद स्विमिंग पूल, लॉन टेनिस कोर्ट एवं स्क्वैश कोर्ट जैसी सुविधाओं के साथ एक संपूर्ण खेल वातावरण प्रदान करते हैं।

निदेशक कप संस्थान की सामुदायिक भावना, प्रतिबद्धता और उत्कृष्टता की खोज का प्रतीक बनकर उभरा। भा.प्र.सं. इंदौर ऐसे आयोजनों के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रेरित एवं सशक्त बनाने की अपनी परंपरा को आगे भी जारी रखने के लिए संकल्पित है।

आई5 समिट 2024

आई5 समिट 2024, जिसकी थीम "उद्यमिता और समाज" थी, ने तीन दिनों तक नवाचार, अंतर्दृष्टि और प्रभावशाली संवादों के माध्यम से प्रमुख उद्यमियों, विद्यार्थियों और नेताओं को एक मंच पर एकत्रित किया। यह समिट उद्यमिता और सामाजिक प्रभाव के बीच के महत्त्वपूर्ण संबंध को उजागर करती है।

इस समिट की शुरुआत 16 अगस्त, 2024 को हुई, जिसका उद्घाटन कर्नल (डॉ.) गुरुराज गोपीनाथ पामिडी (पूर्व सैनिक), मुख्य अधिकारी प्रशासन, भा.प्र.सं. इंदौर द्वारा किया गया। अपने उद्घाटन भाषण में उन्होंने इस आयोजन की दिशा निर्धारित करते हुए समाज को आकार देने में उद्यमियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने भा.प्र.सं. इंदौर के पूर्व छात्रों की उपलब्धियों का उल्लेख किया और यह बताया कि किस प्रकार उनका नेतृत्व आज भी सामाजिक कल्याण में उल्लेखनीय योगदान दे रहा है।

पहला दिन ऊर्जा और प्रेरणा से भरपूर रहा, जहाँ प्रतिभागियों ने उद्योग जगत के विशेषज्ञों द्वारा साझा की गई ज्ञानवर्धक बातों को उत्साहपूर्वक आत्मसात किया। सबसे प्रभावशाली सत्रों में से एक था श्री सी. एस. उज्जवल पहवा (वित्तीय सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर) और सुश्री अनुवा कक्कड़ (टिगल चॉकलेट ड्रिंक्स की संस्थापक) का संवाद। यह सत्र दृष्टिकोण और दृढ़ता का सजीव उदाहरण था, जिसमें श्री पहवा ने सोशल मीडिया पर अपनी अलग पहचान बनाने की यात्रा साझा की, वहीं सुश्री कक्कड़ ने अपने ब्रांड की शुरुआत की कहानी को जोश और जुनून के साथ बताया और उद्यमिता में नेटवर्किंग के महत्त्व को रेखांकित किया।

इसके बाद श्री मनन दीक्षित, फिडीपे के संस्थापक और सीईओ, ने प्रमुख भाषण दिया, जिसमें उन्होंने ई–कॉमर्स और डिजिटल भुगतान पर अपने विचार साझा किए और बताया कि नवाचारपूर्ण सोच कैसे वैश्विक प्रभाव उत्पन्न कर सकती है।

इसके अतिरिक्त, रेड बुल द्वारा आयोजित गतिविधियाँ और क्विज़ जैसे रोचक कार्यक्रमों ने प्रतिभागियों में उत्साह और ऊर्जा का संचार किया।

दूसरे दिन के सत्रों का केंद्र बिंदु था - बाज़ार की गतिशीलता और प्रौद्योगिकी का उपयोग कर व्यापारिक विकास को गति देना। श्री हितेश काकरानी ने बाज़ार की माँग में उतार–चढ़ाव और आपूर्ति श्रृंखला की चुनौतियों का विश्लेषण करते हुए नवाचार और प्रौद्योगिकी को प्रतिस्पर्धात्मकता का मूल बताया। उन्होंने भारत के उभरते डेंटल केयर सेक्टर में टेली–डेंटिस्ट्री और एआई डायग्नोस्टिक्स जैसी प्रगति पर विशेष रूप से प्रकाश डाला।

इसके पश्चात् श्री नवीन खंडेलवाल ने स्टार्टअप फाइनेंस पर एक रोचक वार्ता दी, जिसमें उन्होंने एनपीवी (नेट प्रेज़ेंट वैल्यू) और आईआरआर (इंटरनल रेट ऑफ़ रिटर्न) जैसे जटिल अवधारणाओं को लोकप्रिय फिल्मों के उदाहरणों के माध्यम से सरलता से समझाया।

दिन की अन्य प्रमुख गतिविधियों में शामिल था "स्टॉक मेनिया"कृवॉयेज कैपिटल द्वारा आयोजित एक प्रतिस्पर्धात्मक ट्रेड सिमुलेशन जहाँ प्रतिभागियों ने गहन रणनीति और मोलभाव के दौरों में भाग लेते हुए अपने वित्तीय बाज़ार कौशल का प्रदर्शन किया।

"स्टार्टअप एक्सपो" ने उभरते उद्यमों के लिए एक जीवंत मंच प्रदान किया, जहाँ उन्होंने अपनी नवाचारी समाधान प्रस्तुत किए और संभावित निवेशकों तथा दर्शकों के साथ संवाद स्थापित किया।

आई5 समिट 2024 का तीसरा दिन प्रेरणादायक वार्ताओं, प्रतिस्पर्धात्मक आयोजनों और प्रौद्योगिकी व उद्यमिता पर नवाचारपूर्ण अंतर्दृष्टियों से परिपूर्ण रहा। दिन की शुरुआत 3वन 4 कैपिटल के संस्थापक श्री प्रणव पाई के संबोधन से हुई, जिसमें उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि किस प्रकार प्रौद्योगिकी व्यापार मॉडलों और वैश्विक रोजगार परिदृश्य को पुनः परिभाषित कर सकती है। उन्होंने भारत की बढ़ती डिजिटल क्षमता की सराहना करते हुए भविष्य की संभावनाओं को उजागर किया।

इसके पश्चात् 'सोशियोनोवेट केस प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य था सामाजिक रूप से जागरूक उद्यमिता को प्रोत्साहित करना। फाइनलिस्ट टीमों ने सामाजिक समस्याओं के लिए नवाचारात्मक समाधान प्रस्तुत किए।

समिट का मुख्य आकर्षण रहा "गेट फंडेड" - एक शार्क टैंक शैली की पिच प्रतियोगिता, जिसमें 24 टीमों ने अपने विविध और रचनात्मक स्टार्टअप विचार शीर्ष वेंचर पूंजीपतियों के समक्ष प्रस्तुत किए। इन प्रस्तुतियों ने नवाचार, समस्या–समाधान और रणनीतिक सोच की गहराई दर्शाई।

इसके अतिरिक्त, एनएचपीसी के निदेशक श्री अमित कंसल ने भारत के ग्रीन एनर्जी ट्रांज़िशन पर व्याख्यान दिया। उन्होंने तैरते हुए सौर ऊर्जा परियोजनाओं जैसे नवाचारों का उल्लेख किया, जो कृषि क्षेत्रों में भूमि उपयोग को अधिकतम करने में सहायक हैं।

समापन सत्र 'भा.प्र.सं. इंदौर में एक दिन' के साथ हुआ, जिसमें एमबीए अभ्यर्थियों को भा.प्र.सं. इंदौर के छात्र जीवन का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त हुआ।

दसवें आई5 समिट का यह सफल आयोजन प्रतिभागियों और दर्शकों पर एक स्थायी प्रभाव छोड़ गया।.

आई.आई.एम. इन्दौर में जीएमपीई बैच 14 (जीसीसी) एवं बैच 15 का समापन

भा.प्र.सं. इंदौर के अधिकारियों के लिए सामान्य प्रबंधन कार्यक्रम (जीएमपीई) कृ जिसे दुबई स्थित अनिसुमा प्रशिक्षण संस्थान के साथ साझेदारी में संचालित किया गया कृ के बैच 14 (जीसीसी) और बैच 15 का समापन समारोह 5 सितम्बर, 2024 को संस्थान परिसर में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों से जुड़े कुल 71 प्रतिभागियों ने भाग लिया। यह आयोजन न केवल कार्यक्रम की सफल पूर्णता का उत्सव था, बल्कि यूएई और जीसीसी क्षेत्रों में भा.प्र.सं. इंदौर के पूर्व छात्रों के बढ़ते प्रभाव का भी प्रतीक था।

इस अवसर पर निदेशक प्रो. हिमाँशु राय, प्रोग्राम समन्वयक प्रो. मनीष पोपली, और अनिसुमा प्रशिक्षण संस्थान के संस्थापक–निदेशक डॉ. महेश चोत्रानी उपस्थित थे।

यह कार्यक्रम दिसंबर 2023 से सितम्बर 2024 तक चला और इसका उद्देश्य प्रतिभागियों को नेतृत्व, रणनीतिक सोच और वैश्विक कारोबारी परिवेश की जटिलताओं से निपटने के लिए सक्षम बनाना था। बैच 14 (जीसीसी) में 24 और बैच 15 में 47 प्रतिभागी शामिल थे, जिनमें से अधिकांश वरिष्ठ पेशेवर थे।

अपने समापन भाषण में निदेशक प्रो. हिमाँशु राय ने नेतृत्व पर गहन विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि "असली सीखने की यात्रा अब शुरू होती है।" उन्होंने आंतरिक शंकाओं और बाहरी चुनौतियों से निडर रहने का आह्वान करते हुए कहा, "चीजें अक्सर उतनी बुरी नहीं होतीं जितनी प्रतीत होती हैं।" उन्होंने आत्मनिरीक्षण, वर्तमान में जीने और समत्व की भावना अपनाने पर बल दिया। साथ ही यह भी जोड़ा, "भौतिक चीज़ों से चिपकने की बजाय कृतज्ञ रहें, सही मार्ग पर चलें और अपने जीवन के लिए एक स्पष्ट दृष्टिकोण रखें।"

प्रो. पोपली ने इस बात पर प्रकाश डाला कि यह कार्यक्रम प्रतिभागियों को रणनीतिक परिप्रेक्ष्य और नेतृत्व क्षमता से सुसज्जित करता है। उन्होंने आजीवन सीखने की भावना बनाए रखने और भा.प्र.सं. इंदौर के पूर्व छात्र नेटवर्क से जुड़े रहने को प्रेरित किया। डॉ. चोत्रानी ने अनिसुमा और भा.प्र.सं. इंदौर की भागीदारी की सराहना की, जो कार्यकारी शिक्षा में नवाचार, करुणा और स्थायी प्रभाव उत्पन्न करने की दिशा में अग्रसर है।

जीएमपीई कार्यक्रम को इस प्रकार तैयार किया गया था कि यह प्रतिभागियों की सोच को व्यापक बनाए, उन्हें चुनौती दे और तेजी से बदलती दुनिया में नेतृत्व के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करे। समापन समारोह में शीर्ष प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया, जिससे कार्यक्रम की उच्च गुणवत्ता झलकी।

भा.प्र.सं. इंदौर, अनिसुमा प्रशिक्षण संस्थान के साथ साझेदारी में कार्यकारी शिक्षा के माध्यम से यूएई और जीसीसी में अपनी वैश्विक उपस्थिति को सुदृढ़ कर रहा है - और भविष्य के नेतृत्वकर्ताओं को नवाचार और स्थायी विकास के लिए तैयार कर रहा है।

हिंदी दिवस 2024

भा.प्र.सं. इंदौर ने 9 सितम्बर 2024 को हिंदी दिवस के अवसर पर उत्साहपूर्वक आयोजन किया। इस समारोह का शुभारंभ निदेशक प्रो. हिमाँशु राय द्वारा किया गया, जिन्होंने आज के तेज़ी से बदलते डिजिटल युग में हिंदी भाषा के महत्व को रेखांकित किया।

प्रो. राय ने भाषाओं की राष्ट्र की संस्कृति और पहचान को आकार देने में भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जैसे संस्कृति और सभ्यता भाषा से पोषित होती हैं, वैसे ही हिंदी हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संजोने और आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि हमारी संस्कृति की नींव हमारी भाषाओं में निहित है और हिंदी उनमें एक प्रमुख भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि आज का युवा व्यक्तिगत नैतिकता रखता है, पर सामाजिक नैतिकता का सामूहिक बोध कम होता जा रहा है। ऐसे में हिंदी जैसी भाषाएँ मूल्यों को मार्गदर्शन देने और सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का कार्य करती हैं।

हिंदी की विशेषता बताते हुए उन्होंने कहा कि यह जैसी बोली जाती है, वैसी ही लिखी जाती है, और इसमें अनेक भाषाओं की गहराई समाहित है। यह स्पष्टता और सामाजिक दिशा देने की क्षमता से युक्त है। उन्होंने भारतीय भाषाओं के ज्ञान को जीवन में आत्मसात करने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया जिससे समाज, संस्कृति और राष्ट्र का विकास सुनिश्चित हो सके। साथ ही, उन्होंने हिंदी भाषियों के साथ–साथ अन्य भारतीय भाषाओं के वक्ताओं से भी आग्रह किया कि वे हिंदी और अन्य भाषाओं को संरक्षित करें और अपनाएँ - क्योंकि भाषाएँ हमें जोड़ती हैं और राष्ट्रीय एकता को सशक्त बनाती हैं। उन्होंने कहा, "अपनी भाषा को अपनी माँ की तरह सम्मान दीजिए, क्योंकि जैसे माँ आपका पालन–पोषण करती है, वैसे ही भाषा आपकी पहचान बनाती है।"

इस वर्ष के हिंदी दिवस की मुख्य आकर्षण "डिजिटल युग में मीडिया और हिंदी पत्रकारिता" विषय पर आधारित पैनल चर्चा रही। इस चर्चा का संचालन प्रो. हिमाँशु राय ने किया। पैनल में शामिल प्रमुख वक्ता थे -

- श्री ब्रजेश कुमार सिंह, ग्रुप एडिटर-नेटवर्क 18
- श्री प्रभाष झा, संपादक (भारतीय भाषाएँ), हिंदुस्तान टाइम्स डिजिटल
- श्री पाणिनि आनंद, ग्रुप एडिटर, टीवी9 डिजिटल
- श्री राजेश उपाध्याय, प्रधान संपादक एवं कार्यकारी अध्यक्ष, जागरण न्यू मीडिया

श्री ब्रजेश कुमार सिंह ने कहा कि हिंदी लेखकों की भूमिका भाषा को जीवित रखने और आगे बढ़ाने में अहम है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि डिजिटल युग में हिंदी का विस्तार अन्य भारतीय भाषाओं को दबाएगा नहीं, बल्कि पूरक सिद्ध होगा। श्री पाणिनि आनंद ने पत्रकारिता की साहित्यिक जड़ों की चर्चा की और आधुनिक पत्रकारिता में उस गहराई के अभाव पर चिंता जताई। उन्होंने बताया कि कोविड महामारी के दौरान डिजिटल माध्यमों के विस्तार ने भाषा की खपत के स्वरूप को बदल दिया है और यह विविध भाषायी भविष्य की ओर संकेत करता है।

श्री प्रभाष झा ने हिंदी पत्रकारिता में स्पष्टता की आवश्यकता और साहित्य से उसके संबंध पर बल दिया। उन्होंने कहा कि डिजिटल मीडिया भाषा के स्वरूप को बदलता जरूर है, पर उसकी आत्मा को नहीं। श्री राजेश उपाध्याय ने डिजिटल पत्रकारिता को भविष्य की दिशा बताया और भाषा को कला एवं विज्ञान दोनों कहा। उन्होंने हिंदी की प्रासंगिकता पर भरोसा जताया, यह बताते हुए कि पत्रकारिता की मज़बूत बुनियाद साहित्य है और बढ़ती साक्षरता हिंदी को मजबूती दे रही है।

सभी पैनल वक्ताओं ने सहमति जताई कि डिजिटल युग चुनौतियाँ लाता है, लेकिन हिंदी को व्यापक स्तर पर पहुँचाने का अवसर भी देता है। यह युग हिंदी को भारत के भाषायी और सांस्कृतिक भविष्य का केंद्र बना सकता है।

पैनल चर्चा के अतिरिक्त, समारोह में वार्षिक हिंदी पत्रिका "ज्ञान शिखर" का विमोचन भी किया गया, जिसमें भा.प्र.सं. इंदौर समुदाय के सदस्यों के विविध और सारगर्भित लेख शामिल थे। हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित अंताक्षरी प्रतियोगिता के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया, जिससे इस आयोजन में उत्सव और प्रतिस्पर्धा की भावना का संचार हुआ।

हिंदी दिवस और उससे जुड़े आयोजनों की सफलता ने यह स्पष्ट किया कि भा.प्र.सं. इंदौर हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं के संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है।

प्रबोधन – मानव संसाधन और व्यवसाय सम्मेलन

कार्यकारी स्नातकोत्तर प्रबंध कार्यक्रम (ईपीजीपी) द्वारा भा.प्र.सं. इंदौर में 28-29 सितम्बर 2024 को प्रमुख एचआर एवं व्यवसाय सम्मेलन "प्रबोधन 2024" का आयोजन किया गया। इस दो–दिवसीय आयोजन का विषय था "ईएसजी 2.0 - एक परिपत्र अर्थव्यवस्था एक बेहतर भविष्य के लिए", जो पर्यावरणीय, सामाजिक और प्रशासनिक (ईएसजी) लक्ष्यों के साथ स्थिरता को व्यावसायिक रणनीतियों में एकीकृत करने और एचआर प्रथाओं को उसके अनुरूप बनाने पर केंद्रित था। कार्यक्रम में तीन पैनल चर्चाएँ, एक गोलमेज परिचर्चा और तीन मुख्य वक्तव्य शामिल रहे।

भा.प्र.सं. इंदौर के निदेशक प्रो. हिमाँशु राय ने उद्घाटन सत्र में अपने विचार भारतीय दर्शन और वैश्विक स्थिरता सिद्धांतों के आलोक में प्रस्तुत किए। उन्होंने आत्मा की अमरता और प्रत्येक व्यक्ति की यह नैतिक जिम्मेदारी बताई कि वह सभी कार्यों में ईमानदारी और सतत व्यवहार अपनाए। उन्होंने "मनसा, वाचा, कर्मणा" (विचार, वाणी और कर्म की एकता) के सिद्धांत को सामने रखते हुए गहन आत्मचिंतन, सामाजिक और प्राकृतिक ज़िम्मेदारी के प्रति सजगता की आवश्यकता पर ज़ोर दिया।

प्रो. राय ने आय एवं लिंग असमानता, शहरी संरचना की चुनौतियाँ, और ग्रामीण एवं पर्यावरणीय समस्याओं जैसे वैश्विक मुद्दों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि, "इन जटिल समस्याओं के समाधान हेतु व्यक्ति और संगठन दोनों का समर्पण आवश्यक है।" उन्होंने संस्थान की हरित पहलों का उल्लेख करते हुए स्थिरता के 4आर - रिफूज़, रियूज़ ,रीसायकल,रिडियूज़ की अवधारणा को व्याख्यायित किया। अंत में उन्होंने जिम्मेदार नेतृत्व की आवश्यकता पर बल दिया जो नैतिकता, दूरदर्शिता और भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के साहस पर आधारित हो - और श्रोताओं को सजग एवं सतत कार्यों के लिए प्रेरित किया।

सम्मेलन के प्रथम दिन के मुख्य अतिथि रहे श्री हरजीत खंडूजा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष – मानव संसाधन, रिलायंस जियो, जिन्होंने परिपत्र अर्थव्यवस्था की अवधारणा को स्पष्ट किया। उन्होंने संसाधनों के संरक्षण और उत्पाद जीवनचक्र को बढ़ाने की रणनीतियों को प्रस्तुत किया। "परिपत्र मानव संसाधन" की अवधारणा पर बोलते हुए उन्होंने ज़िम्मेदार भर्ती, पूर्वग्रह शमन, सहयोग, कर्मचारी कल्याण, और पुनः कौशल विकास पर ज़ोर दिया। उन्होंने बताया कि संगठनों को ऐसे लचीले और सतत कर्मचारियों को विकसित करना चाहिए जो ईएसजी लक्ष्यों के साथ संरेखित हों।

प्रबोधन 2024 ने व्यापार और मानव संसाधन के क्षेत्र में स्थिरता को नई दृष्टि और दिशा प्रदान की, और प्रतिभागियों को व्यक्तिगत एवं संस्थागत स्तर पर सतत परिवर्तन के लिए प्रेरित किया।





17. परिसर विकास परियोजनाएँ

भा.प्र.सं. इंदौर का एस्टेट विभाग संस्थान की आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु विभिन्न निर्माण और रखरखाव कार्य करता है। वर्ष 2024–25 में कई कार्य पूर्ण किए गए।

नीचे पूर्ण और प्रगति पर चल रहे कार्यों का संक्षिप्त विवरण दिया गया है:

अवधि: अप्रैल 2024 से मार्च 2025

वर्ष के दौरान पूर्ण कार्य:

- **यूटिलिटी–2 में मौजूदा एल टी पैनल में सर्किट ब्रेकर का नया सर्किट ब्रेकर से प्रतिस्थापन**
  कार्य प्रदान किया गया: मेसर्स नाहर एंटरप्राइजेज
  पूर्णता पर लागत: ₹ 4,97,797/– (जीएसटी छोड़कर)
- **भा.प्र.सं. इंदौर में विविध सिविल कार्य**
  कार्य प्रदान किया गया: मेसर्स इटरनल इन्फ्राहाइट प्राइवेट लिमिटेड
  पूर्णता पर लागत: ₹ 14,26,535/– (जीएसटी छोड़कर)
- **डीपीएम भवन (पूर्व में एफ पी एम) में आंतरिक और बाहरी पेंटिंग एवं संबंधित रखरखाव कार्य**
  कार्य प्रदान किया गया: मेसर्स भव्या कंस्ट्रक्शन कंपनी
  पूर्णता पर लागत: ₹ 28,56,184/– (जीएसटी छोड़कर)
- **भा.प्र.सं. इंदौर में छात्रों एवं छात्राओं के लिए प्रीफ़ैब्रिकेटेड हॉस्टल कक्षों से संबंधित अतिरिक्त सिविल और प्लंबिंग कार्य**
  कार्य प्रदान किया गया: मेसर्स इंफ्रा सॉल्यूशन
  प्रदान मूल्य: ₹ 7,97,260/– (जीएसटी छोड़कर) (कार्य पूर्ण, अंतिम बिल प्राप्त होना शेष)
- **भा.प्र.सं. इंदौर के विभिन्न हॉस्टलों में पेंटिंग एवं संबंधित रखरखाव कार्य**
  कार्य प्रदान किया गया: मेसर्स गुन्गुन एंटरप्राइज
  पूर्णता पर लागत: ₹ 8,23,022/– (जीएसटी सहित)
- **भा.प्र.सं. इंदौर में टाइप–ट बंगालो, कक्षाओं, पुस्तकालय पोर्च और विविध फ्लोरिंग कार्य, पथ मार्ग कार्य, शौचालय ब्लॉक कार्य, और ग्लास पार्टिशन कार्यों में आंतरिक और बाहरी पेंटिंग एवं संबंधित रखरखाव कार्य**
  कार्य प्रदान किया गया: मेसर्स इन्फ्रा सॉल्यूशन
  प्रदान मूल्य: ₹ 39,08,090/– (जीएसटी छोड़कर) (कार्य पूर्ण, अंतिम बिल प्राप्त होना शेष)
- **भा.प्र.सं. इंदौर में विभिन्न स्थानों पर वेनेशियन ब्लाइंड्स की आपूर्ति एवं स्थापना**
  कार्य प्रदान किया गया: मेसर्स राज तिलक टेक्नोलॉजी प्रा. लि.
  प्रदान मूल्य: ₹ 5,75,500/– (जीएसटी छोड़कर) (कार्य पूर्ण, अंतिम बिल प्रक्रिया में)
- **भा.प्र.सं. इंदौर में बास्केटबॉल कोर्ट, टेनिस कोर्ट, वॉलीबॉल कोर्ट और क्रिकेट प्रैक्टिस पिच एवं नेट्स की मरम्मत और नवीनीकरण**
  कार्य प्रदान किया गया: मेसर्स राज तिलक टेक्नोलॉजी प्रा. लि.
  प्रदान मूल्य: ₹ 18,99,487/– (जीएसटी छोड़कर) (कार्य पूर्ण, अंतिम बिल प्राप्त होना शेष)
- **भा.प्र.सं. इंदौर में मेडिकल सेंटर के पार्किंग शेड का नवीनीकरण और सुरक्षा कार्यालय का नवीनीकरण**
  कार्य प्रदान किया गया: मेसर्स राज तिलक टेक्नोलॉजी प्रा. लि.
  प्रदान मूल्य: ₹ 4,23,125/– (जीएसटी छोड़कर) (कार्य पूर्ण, अंतिम बिल प्राप्त होना शेष)

- **केट स्टेडिम के प्रवेश मार्ग पर पेवर ब्लॉक पथ का मरम्मत और ER-1 के पीछे नए पेवर ब्लॉक पथ का निर्माण**
  कार्य प्रदान किया गया: मेसर्स इन्फ्रा सॉल्यूशन
  प्रदान मूल्य: ₹ 8,32,000/– (जीएसटी छोड़कर) (कार्य पूर्ण, अंतिम बिल प्राप्त होना शेष)
- **भा.प्र.सं. इंदौर में SR-15 के वॉशरूम में यूरिनल की आपूर्ति एवं स्थापना, टाइप–V घर नंबर 14 की पुराने स्टील खिड़कियों को एल्युमिनियम स्लाइडिंग विंडो से बदलना, और ER-3 में बाड़ लगाने का कार्य**
  कार्य प्रदान किया गया: मेसर्स इन्फ्रा सॉल्यूशन
  प्रदान मूल्य: ₹ 8,55,733/– (जीएसटी छोड़कर) (कार्य पूर्ण, अंतिम बिल प्राप्त होना शेष)
- **भा.प्र.सं. इंदौर के शैक्षणिक ब्लॉक में A, C और M-ब्लॉक में अलमारी, पुस्तक अलमारियाँ, सोफ़ा सेट और मध्य टेबल की आपूर्ति एवं स्थापना**
  कार्य प्रदान किया गया: मेसर्स राज तिलक प्रौद्योगिकी प्रा. लि.
  पूर्ण लागत: ₹ 3,79,437/– (जीएसटी छोड़कर)
- **लडकों और लडकियों के लि, पूर्वनिमत हॉस्टल कमरे की आपूर्ति एवं स्थापना**
  कार्य प्रदान किया गया: मेसर्स लक्ष्मी इंजीनियर्स
  प्रदान मूल्य: ₹ 2.39 करोड़ (जीएसटी सहित) (कार्य पूर्ण, अंतिम बिल प्रक्रिया में)
- **एसआरसी भवन और खेल परिसर में हाइड्रोलिक लिफ्ट की आपूर्ति, स्थापना परीक्षण एवं कमीशनिंग**
  कार्य प्रदान किया गया: मेसर्स टेक्नो इंडस्ट्रीज़ प्रा. लि.
  पूर्ण लागत: ₹ 44,92,019/– (जीएसटी सहित)
- **भा.प्र.सं. इंदौर में वाहन आधारित संयुक्त आर्म वाला बूम लिफ्ट की खरीद**
  कार्य प्रदान किया गया: मेसर्स एमटैंड लिमिटेड
  पूर्ण लागत: ₹ 28,48,402/– (जीएसटी सहित)
- **पुराने छात्रावास (एसआर–1 से एसआर–4) ब्लॉक वॉशरूम का नवीनीकरण**
  कार्य प्रदान किया गया: मेसर्स शारदा इन्फ्रा इंजीनियर्स प्रा. लि.
  प्रदान मूल्य: ₹ 3.24 करोड़ (जीएसटी सहित), (अतिरिक्त कार्य समय विस्तार के साथ दृ प्रगति में)
- **भा.प्र.सं. इंदौर में पीईबी संरचना के साथ इनडोर बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण (पुनः निविदा)**
  कार्य प्रदान किया गया: मेसर्स ग्रेट स्पोर्ट्सटेक लिमिटेड
  प्रदान मूल्य: ₹ 4.49 करोड़ (जीएसटी छोड़कर) (कार्य पूर्ण, अंतिम बिल प्रक्रिया में)
- **टाइप-V क्वार्टर के लि, सूचना प्रौद्योगिकी नेटवर्किंग प्रणाली की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग**
  कार्य प्रदान किया गया: मेसर्स राज तिलक प्रौद्योगिकी प्रा. लि.
  प्रदान मूल्य: ₹ 37,75,243/– (जीएसटी छोड़कर) (कार्य पूर्ण, अंतिम बिल प्राप्त होना शेष)
- **लड़कों और लड़कियों के पूर्व निर्मित हॉस्टल कमरे से संबंधित अतिरिक्त विद्युत और सूचना प्रौद्योगिकी नेटवर्क कार्य**
  कार्य प्रदान किया गया: मेसर्स इन्फ्रा सॉल्यूशन
  प्रदान मूल्य: ₹ 6,49,200/– (जीएसटी सहित) (कार्य पूर्ण, अंतिम बिल प्रक्रिया में)
- **भा.प्र.सं. इंदौर में मुख्य स्वागत कक्ष हेतु सोफ़ा सेट की प्राप्ति**
  कार्य दिया गया: मेसर्स भक्ति एंटरप्राइजेस
  सम्पूर्ण लागत: ₹ 2,38,500/– (जीएसटी छोड़कर)
- **भा.प्र.सं. इंदौर के ईआर–3 भवन में गीज़र की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं कमीशनिंग**
  कार्य दिया गया: मेसर्स पटेल एंटरप्राइजेस
  सम्पूर्ण लागत: ₹ 1,50,196/– (जीएसटी छोड़कर)

- **भा.प्र.सं. इंदौर में संस्थान की बसों के सीसीटीवी कैमरा प्रणाली का प्रतिस्थापन**
  कार्य दिया गया: मेसर्स राज तिलक प्रौद्योगिकी प्रा. लि.
  सम्पूर्ण लागत: ₹ 4,10,811/– (जीएसटी छोड़कर)
- **यूटिलिटी–2 से निदेशक बंगला तक केवल बिछाना, सभी यूटिलिटी (यूटिलिटी 1, 2, 3 एवं 4) में डीज़ल ईंधन लाइन की आपूर्ति और स्थापना**
  कार्य दिया गया: मेसर्स शुभ एंटरप्राइजेस
  सम्पूर्ण लागत: ₹ 5,09,414/– (जीएसटी सहित)
- **भा.प्र.सं. इंदौर में इवेंट कोर्ट (स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स) में आंतरिक एवं बाह्य पेंटिंग**
  कार्य दिया गया: मेसर्स शारदा इंफ्रा
  अनुमोदित मूल्य: ₹ 2,97,200/– (जीएसटी छोड़कर) (कार्य पूर्ण, अंतिम बिल प्राप्त होना बाकी)
- **भा.प्र.सं. इंदौर के मुंबई कैंपस में HDMI स्विचर एवं HDMI केबल की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं कमीशनिंग**
  कार्य दिया गया: मेसर्स हेवन टेक्नो सिस्टम प्रा. लि.
  सम्पूर्ण लागत: ₹ 2,79,000/– (जीएसटी छोड़कर)
- **भा.प्र.सं. इंदौर–मुंबई कैंपस में स्थापित VRF एसी सिस्टम की मरम्मत और सुधार कार्य**
  कार्य दिया गया: मेसर्स वीसेव इलेक्ट्रॉनिक्स प्रा. लि.
  सम्पूर्ण लागत: ₹ 6,53,217/– (जीएसटी छोड़कर)
- **भा.प्र.सं. इंदौर में ई आर –01 एवं ई आर –02 में आई पी आधारित सीसीटीवी सर्विलांस सिस्टम की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण, कमीशनिंग एवं रख–रखाव**
  कार्य दिया गया: मेसर्स विज़नटेक सेल्स
  सम्पूर्ण लागत: ₹ 3,90,710/– (जीएसटी छोड़कर)

प्रमुख कार्य प्रगति पर:

- **भा.प्र.सं. इंदौर के टाइप – III, IV एवं V हाउसिंग में नीचे एवं ऊपर की किचन यूनिट्स को मॉड्यूलर कैबिनेट्स से बदलना एवं चिमनी लगाना**
  कार्य दिया गया: मेसर्स आर्टेरियर इंफ्रा सॉल्यूशंस (इंडिया)
  अनुमोदित मूल्य: ₹ 43,90,800/– (जीएसटी छोड़कर) (कार्य प्रगति में)
- **भा.प्र.सं. इंदौर में विविध सिविल कार्य 24–25**
  कार्य दिया गया: मेसर्स शारदा इंफ्रा इंजीनियर्स प्रा. लि.
  अनुमोदित मूल्य: ₹ 5,06,480/– (जीएसटी छोड़कर) (कार्य प्रगति में)
- **भा.प्र.सं. इंदौर में नई सुरक्षा कार्यालय, मेडिकल सेंटर और नई परिवहन कार्यालय के डिजाइन, लेआउट और विस्तृत अनुमान के लिए वास्तुशिल्प परामर्श सेवा प्रदान करना**
  अनुमानित लागत: ₹ 6,25,000/– (जीएसटी छोड़कर)
- **भा.प्र.सं. इंदौर में ए, बी और सी ब्लॉक्स (भूतल और प्रथम तल) के लिए 6 संख्या 20 केवीए यूपीएस यूनिट्स की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग**
  कार्य दिया गया: मेसर्स राज तिलक प्रौद्योगिकी प्रा. लि.
  अनुमोदित मूल्य: ₹ 19,26,000/– (जीएसटी छोड़कर)
- **भा.प्र.सं. इंदौर में टाइप V और ईआर –1 में पुराने स्टील विंडोज़ और दरवाजे को 03 ट्रैक एल्यूमिनियम स्लाइडिंग विंडोज़ से बदलना**
  कार्य दिया गया: मेसर्स शारदा इंफ्रा इंजीनियर्स प्रा. लि.
  अनुमोदित मूल्य: ₹ 39,65,380/– (जीएसटी छोड़कर) – प्रगति में

- **भा.प्र.सं. इंदौर में विविध सिविल कार्यः रैंप निर्माण, यूरिनल की ऊँचाई कम करना एवं ग्रैब बार लगाना**
  कार्य दिया गयाः मेसर्स राज तिलक प्रौद्योगिकी प्रा. लि.
  अनुमोदित मूल्यः ₹ 6,03,526/– (जीएसटी छोड़कर) – प्रगति में
- **भा.प्र.सं. इंदौर में टेनिस कोर्ट (खेल संकुल) के पास पिकलबॉल कोर्ट का निर्माण**
  अनुमानित लागतः ₹ 13,30,072/– (जीएसटी छोड़कर)
- **वार्षिक विविध रख–रखाव कार्य**
  अनुमानित लागतः ₹ 22,35,982/– (जीएसटी छोड़कर)
- **भा.प्र.सं. इंदौर में टाइप II और टाइप III क्वार्टर में स्टोरेज सुविधाएँ प्रदान करना**
  अनुमानित लागतः ₹ 6,83,900/– (जीएसटी छोड़कर)
- **भा.प्र.सं. इंदौर में टेनिस कोर्ट (स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स) के पास पैडल बॉल कोर्ट का निर्माण**
  अनुमानित लागतः ₹ 20,68,829/– (जीएसटी छोड़कर)
- **भा.प्र.सं. इंदौर के गेट नंबर 1 के बाहर बस स्टैंड का पुनर्विकास एवं ऑटो–रिक्शा स्टैंड का विकास (राऊ से पीथमपुर रोड तक) (पुनः टेंडर)**
  अनुमानित लागतः ₹ 5,68,266/– (जीएसटी छोड़कर)
- **भा.प्र.सं. इंदौर में विविध सिविल कार्य**
  अनुमानित लागतः ₹ 12,68,649/– (जीएसटी छोड़कर)
- **भा.प्र.सं. इंदौर में एसआर –10, 11, 12, 13 – 14 के पास वाटरफॉल फाउंटेन का निर्माण**
  अनुमानित लागतः ₹ 11,37,798/– (जीएसटी छोड़कर)
- **भा.प्र.सं. इंदौर में पुराने ऑडिटोरियम में छत की लाइट के लिए एकॉस्टिक फैब्रिक की आपूर्ति और स्थापना**
  अनुमानित लागतः ₹ 6,97,158/– (जीएसटी छोड़कर)
- **भा.प्र.सं. इंदौर में एनएलटी क्लासरूम में विनाइल फ़्लोरिंग बिछाना और क्लासरूम एवं सिंडिकेट रूम में टेबल टॉप पर मिका चिपकाना**
  अनुमानित लागतः ₹ 37,70,210/– (जीएसटी छोड़कर)
- **भा.प्र.सं. इंदौर में एसआर –10 बेसमेंट में सिंक प्लेटफॉर्म और महिला शौचालय का निर्माण**
  कार्य दिया गयाः मेसर्स एबी कंस्ट्रक्शंस
  अनुमोदित मूल्यः ₹ 3,09,400/– (जीएसटी छोड़कर), (कार्य प्रगति में)
- **भा.प्र.सं. इंदौर में विभिन्न होस्टल और ई आर –03 में पैच पेंटिंग कार्य**
  कार्य दिया गयाः मेसर्स एबी कंस्ट्रक्शंस
  अनुमोदित मूल्यः ₹ 3,01,830/– (जीएसटी छोड़कर), (कार्य प्रगति में)
- **भा.प्र.सं. इंदौर में नई फैकल्टी के लिए B–ब्लॉक में पार्टिशन कार्य**
  कार्य दिया गयाः मेसर्स एबी कंस्ट्रक्शंस
  अनुमोदित मूल्यः ₹ 2,31,500/– (जीएसटी छोड़कर), (कार्य प्रगति में)

18. मानव संसाधन

सर्वश्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार

संस्थान के 28वें स्थापना दिवस, 3 अक्टूबर 2024 को वर्ष 2024 के सर्वोत्तम शिक्षक पुरस्कार निम्नलिखित संकाय सदस्य को एक उचित प्रक्रिया के बाद प्रदान किए गए:

1. प्रोफेसर राजहंस मिश्रा

सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी पुरस्कार

संस्थान के 28वें स्थापना दिवस, 3 अक्टूबर 2024 को वर्ष 2024 के सर्वोत्तम कर्मचारी पुरस्कार निम्नलिखित पांच कर्मचारियों को एक उचित प्रक्रिया के बाद प्रदान किए गए:

1. सुश्री खुशबू जैन
2. सुश्री निशा राठौड़ अग्रवाल
3. श्री मोहम्मद मुआब्बिद शेख चोपदार
4. श्री सत्येंद्र गोंड
5. श्री दिनेश सिंह नेगी

पच्चीस वर्षों की सेवा पूरी करने पर सम्मान

संस्थान के स्थापना दिवस पर, संस्थान में 25 वर्षों की सेवा पूरी करने पर एक शिक्षण और छह गैर–शिक्षण कर्मचारियों को सम्मानित किया गया (जैसा नीचे दिया गया है):

शिक्षण कर्मचारी

1. प्रोफेसर आशीष साध

गैर–शिक्षण कर्मचारी

1. श्री अनुप आर. मल्लेरी
2. श्री अजय मंडल
3. श्री दिनेश सिंह नेगी
4. सुश्री राधेश्याम वर्मा
5. श्री सत्येंद्र सिंह रावत
6. श्री घनश्याम प्रसाद श्रीवास्तव

दस वर्षों की सेवा पूरी करने पर सम्मान

संस्थान के स्थापना दिवस पर, संस्थान में 10 वर्षों की सेवा पूरी करने वाले निम्नलिखित 12 शिक्षण और 8 गैर–शिक्षण कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

शिक्षण संकाय

1. प्रो. अख्या कुमार नायक
2. प्रो. श्वेता कुशल
3. प्रो. सौरभ चंद्र
4. प्रो. सुजय कुमार मुखोती
5. प्रो. सासंका शेखर चंदा
6. प्रो. मनोज मोतियानी
7. प्रो. के किरण कुमार
8. प्रो. नोबिन थॉमस

9. प्रो. मनीष पोपली
10. प्रो. इंद्रजीत ठकुराता
11. प्रो. बिपुल कुमार
12. प्रो. राधा मुकेश लडकानी

गैर–शिक्षण कर्मचारी

1. श्री सुशील कुमार
2. श्री पंकज खोड़े
3. श्री पंकज गोस्वामी
4. श्री मुकेश चौधरी
5. श्री हेमेन्द्र शर्मा
6. श्री समर्थ शुक्ला
7. अल्पेश भुंजिया जी
8. श्री नेहा भोसले

संकाय सदस्य नियुक्तियाँ

अवधिः 1 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 तक

वर्ष 2024–25 के दौरान निम्नलिखित संकाय सदस्यों ने संस्थान में विज़िटिंग असिस्टेंट प्रोफेसर के रूप में कार्यभार ग्रहण कियाः

1.	पुर्वेन्दु शर्मा	विज़िटिंग असिस्टेंट प्रोफेसर
2.	तनमय कुंडू	विज़िटिंग असिस्टेंट प्रोफेसर
3.	सुमित चक्रवर्ती	विज़िटिंग असिस्टेंट प्रोफेसर
4.	स्वाति घुल्यानी	विज़िटिंग असिस्टेंट प्रोफेसर
5.	अश्वथी वेलायतिकोडे आनंद	विज़िटिंग असिस्टेंट प्रोफेसर
6.	कीर्ति सक्सेना	विज़िटिंग असिस्टेंट प्रोफेसर
7.	नितिन कोश्टा	विज़िटिंग असिस्टेंट प्रोफेसर
8.	अंकित सुराणा	विज़िटिंग असिस्टेंट प्रोफेसर
9.	आयुष गुप्ता	विज़िटिंग असिस्टेंट प्रोफेसर

गैर–शैक्षणिक कर्मचारियों की नियुक्तियाँ

अवधिः 1 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 तक

वर्ष 2024–25 के दौरान निम्नलिखित गैर–शैक्षणिक कर्मचारियों ने भारतीय प्रबंध संस्थान इंदौर में कार्यभार ग्रहण कियाः

1.	हेमंत सेठी	जनरल ड्यूटी असिस्टेंट (वित्त एवं लेखा)
2.	मनीष दवे	सामान्य दायित्व सहायक (आंतरिक लेखा परीक्षण)
3.	दीपेन्द्र कुमार सिंघल	मुख्य अधिकारी (इंजीनियरिंग)
4.	विनीत कुमार जैन	अधिकारी (वित्त एवं लेखा)
5.	मोनिका भरण	अधिकारी (सामान्य प्रशासन)
6.	अशोका आर.	अधिकारी (लर्निंग सेंटर)
7.	वरुण यादव	जनरल ड्यूटी असिस्टेंट
8.	सोना पाटीदार	जनरल ड्यूटी असिस्टेंट
9.	सुरेश वर्मा	जनरल ड्यूटी असिस्टेंट
10	.रजत पाल सिंह पंवार	जनरल ड्यूटी असिस्टेंट
11.	ऋचा पांडेय	जनरल ड्यूटी असिस्टेंट
12.	सोनाली अनुराग तपस्वी	जनरल ड्यूटी असिस्टेंट
13.	सुरभि सिंह	सलाहकार (डब्ल्यूसीएस हेतु)
14.	लविशा सचदेव	सलाहकार (डब्ल्यूसीएस हेतु)

त्यागपत्र / पृथक्करण / सेवानिवृत्तिः

संकाय

1.	वी. के. गुप्ता	प्रोफेसर
2.	वैजयन्ती आनंद	सहायक प्रोफेसर
3.	प्रकृति सोराल	विजिटिंग असिस्टेंट प्रोफेसर
4.	मेहुल अशोक रैठाठा	प्रोफेसर

गैर–शैक्षणिक स्टाफ

1.	लेफ्टिनेंट कर्नल करुणाकरण अडेन्चेरी	महाप्रबंधक
2.	के. पी. राधाकृष्णन	कार्यपालक सहायक
3.	के. वी. सत्यनाथन	अधिकारी
4.	अरुणेन्द्र विश्वकर्मा	कार्यपालक सहायक
5.	तुलिका सिंह	पुस्तकालय व्यावसायिक सहायक
6.	राजेश कुमार श्रीवास्तव	हिंदी अनुवादक
7.	जान्हवी त्रिपाठी	अधिकारी
8.	डी. कासी विश्वनाथ रेड्डी	मुख्य अधिकारी (इंजीनियरिंग)
9.	दिलीप कुमार दत्ता	मुख्य अधिकारी (वित्त एवं लेखा)
10.	सुरभि सिंह	सलाहकार (डब्ल्यूसीएस हेतु)

संकाय, वरिष्ठ अधिकारी और अधिकारी

संकाय

निदेशक

प्रो. हिमाँशु राय

एफपीएम (भा.प्र.सं., अहमदाबाद)

1 अग्रवाल, एकता, पीएचडी (टीआईएफआर, मुंबई)
2 अरुमुगम, देविका, पीएचडी (भा.प्रौ.सं., मद्रास)
3 बंद्योपाध्याय, सुतीर्था, पीएचडी (भारतीय सांख्यिकी संस्थान दिल्ली)
4 बनर्जी, प्रदीप, पीएचडी (उत्कल विश्वविद्यालय)
5 बनर्जी, सायंतन, पीएचडी (नॉर्थ कैरोलिना स्टेट यूनिवर्सिटी), एम.स्टेट (आईएसआई, कोलकाता)
6 बसु, शुभब्रत, एफपीएम (भा.प्र.सं., अहमदाबाद)
7 भार्गव, निम्मगड्डा, पीएचडी (हैदराबाद विश्वविद्यालय)
8 भट्टाचार्य, जॉयसंकर, पीएचडी (सिएना विश्वविद्यालय, इटली)
9 भट्टाचार्य, यू.के., पीएचडी (भा.प्रौ.सं., खड़गपुर)
10 भवानी शंकर, सरिपल्ली, एफपीएम (आईआरएम, आनंद)
11 बिल्लोरे, आदित्य, एफपीएम (भा.प्र.सं., इंदौर)
12 चक्रवर्ती, सुमित, पीएचडी (भा.प्र.सं., अहमदाबाद)
13 चंदा, सासंका शेखर, एफपीएम (भा.प्र.सं., कलकत्ता)
14 चंद्रा, सौरभ, एफपीएम (भा.प्र.सं., लखनऊ)
15 चट्टोपाध्याय, सुभाशंकर, एफपीएम (भा.प्र.सं., कलकत्ता)
16 चौधरी, दीपायन दत्ता, पीएचडी (कलकत्ता विश्वविद्यालय)
17 चौहान, गौरव सिंह, एफपीएम (भा.प्र.सं., इंदौर)
18 चव्हाण, विनयसिंह जे., एफपीएम (भा.प्र.सं., अहमदाबाद)
19 छाजेड़, रैना, पीएचडी (मोहन लाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय)
20 चौधरी, संजय सी., पीएचडी एसजेएमएसओएम (भा.प्रौ.सं., बॉम्बे)
21 डैश, सौम्या रंजन, पीएचडी (भा.प्रौ.सं., खड़गपुर)
22 दयाल, मधुकर, एफपीएम (भा.प्र.सं., अहमदाबाद)
23 दयाल, सुरभि, पीएचडी (जेएनयू)
24 देसाई ओंकार डी. पलसुले, एफपीएम (भा.प्र.सं., अहमदाबाद)
25 डे, शुभमोय, पीएचडी (लीड्स विश्वविद्यालय, यूके)
26 द्विबेडी, पुण्यश्लोक, पीएचडी (भा.प्र.सं., अहमदाबाद)
27 जी वेंकट रमन, पीएचडी (पेकिंग विश्वविद्यालय, बीजिंग)
28 गज्जर, हसमुख के., पीएचडी (भा.प्रौ.सं., बॉम्बे)
29 गर्ग, स्वप्निल, पीएचडी (फ्लोरिडा विश्वविद्यालय)
30 घोष, सुमित कुमार, पीएचडी (पुणे विश्वविद्यालय)
31 घुल्यानी, स्वाति, पीएचडी (भा.प्र.सं. इंदौर)
32 गुंटा, श्रीनिवास, एफपीएम (भा.प्र.सं., बैंगलोर)

33 गुप्ता, आयुष, पीएचडी (भा.प्र.सं., अहमदाबाद)
34 गुप्ता, मुकुल, एफपीएम (भा.प्र.सं., लखनऊ)
35 हलदर, दीपा, एफपीएम (एक्सएलआरआई जमशेदपुर)
36 हरिप्रसाद, बी., पीएचडी (भा.प्रौ.सं., मद्रास)
37 इरगावारापु, श्रीधर, पीएचडी (आंध्र विश्वविद्यालय)
38 जगन्नाथन, श्रीनाथ, एफपीएम (भा.प्र.सं., अहमदाबाद)
39 जयसिम्हा, के.आर., पीएचडी (कुवेम्पु विश्वविद्यालय)
40 गोयल, विकास, एफपीएम (भा.प्र.सं., कलकत्ता)
41 गुहाठाकुर्ता, कौशिक, पीएचडी (जाधवपुर विश्वविद्यालय)
42 कपूर, रोहित, एफपीएम (भा.प्र.सं., अहमदाबाद)
43 खान, मोहम्मद अज़ीम, पीएचडी (भा.प्रौ.सं. कानपुर)
44 कोडवानी, अमिताभ देव, पोस्ट डॉक्टरेट (वारसॉ विश्वविद्यालय, पोलैंड)
45 कोले, अर्नब, पीएचडी (ईट कानपुर)
46 कोष्टा, नितिन, पीएचडी (भा.प्र.सं. काशीपुर)
47 कृष्णमूर्ति, नागराजन, पीएचडी (सीएमआई, चेन्नई)
48 कुमार, बिपुल, एफपीएम (भा.प्र.सं., अहमदाबाद)
49 कुमार, के. किरण, पीएचडी (आईआईएससी, बैंगलोर)
50 कुमार, सौरभ, एफपीएम (भा.प्र.सं., लखनऊ)
51 कुमार, सूर्य भूषण, पीएचडी (भा.प्र.सं., रायपुर)
52 कुंडू, तन्मय, पीएचडी (नेशनल ताइवान यूनिवर्सिटी–आर.ओ.सी.)
53 कुशल, श्वेता, पीएचडी (भा.प्रौ.सं., मद्रास)
54 लडकानी, राधा मुकेश, एफपीएम (भा.प्र.सं., कलकत्ता)
55 लोवलेकर, हर्षल, एफपीएम (भा.प्र.सं., अहमदाबाद)
56 महापात्रा, सबिता, पीएचडी (उत्कल विश्वविद्यालय)
57 माहेश्वरी, आदित्य, पीएचडी (भा.प्रौ.सं. बॉम्बे)
58 मैत्रा, देबाशीष, फ़ेलोशिप (आईआरएम, आनंद)
59 मंडल, सुदीप्त, एफपीएम (भा.प्र.सं., अहमदाबाद)
60 मिश्रा, अभिषेक, एफपीएम (भा.प्र.सं., लखनऊ)
61 मिश्रा, राजहंस, एफपीएम (भा.प्र.सं., लखनऊ)
62 मोतियानी, मनोज, एफपीएम (भा.प्र.सं., अहमदाबाद)
63 मुखर्जी, काजरी, पीएचडी (टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज)
64 मुखर्जी, सायंतन, पीएचडी (एरिज़ोना स्टेट यूनिवर्सिटी, यूएसए)
65 मुखोती, सुजय कुमार, एफपीएम (भा.प्र.सं., बैंगलोर)
66 नंबूदिरी, रंजीत, एफपीएम (भा.प्र.सं., अहमदाबाद)
67 नारापराजू, कार्तिकेय, पीएचडी (आईजीआईडीआर, मुंबई)
68 नायक, अखया कुमार, पीएचडी (भा.प्रौ.सं., कानपुर)
69 निदुगला, गणेश कुमार, एफपीएम (भा.प्र.सं., अहमदाबाद)
70 पांडे, जतिन, एफपीएम (भा.प्र.सं., अहमदाबाद)
71 पाणिग्रही, प्रबीन कुमार, पीएचडी (भा.प्रौ.सं., खड़गपुर)
72 फडनीस, अजीत, एफपीएम (भा.प्र.सं., बैंगलोर)
73 पोपली, मनीष, एफपीएम (भा.प्र.सं., लखनऊ)
74 रमाना, एल. वी., पीएचडी (आईएफएमआर, चेन्नई)
75 रंजन, प्रीतम, पीएचडी (साइमन फ्रेजर विश्वविद्यालय, कनाडा)
76 रस्तोगी, सिद्धार्थ के., एफपीएम (भा.प्र.सं., अहमदाबाद)
77 रे, संजोग, एफपीएम (भा.प्र.सं., कलकत्ता)
78 साध, आशीष, पीएचडी (डीएवीवी, इंदौर)
79 सलवान, प्रशांत, पीएचडी (पुणे विश्वविद्यालय)
80 सक्सेना, कीर्ति, पीएचडी (भा.प्र.सं. लखनऊ)
81 सक्सेना, मोहिना, पीएचडी (भा.प्रौ.सं. बॉम्बे)
82 सेठिया, दीपक, एफपीएम (भा.प्र.सं., अहमदाबाद)
83 शाह, भाविनकुमार जसवन्तलाल, पीएचडी (गुजरात विश्वविद्यालय)
84 शर्मा, अजय, पीएचडी (आईजीआईडीआर, मुंबई)
85 शर्मा, कमल, एफपीएम (भा.प्र.सं., अहमदाबाद)
86 शर्मा, पूर्वेंदु, पीएचडी (भा.प्र.सं. इंदौर)
87 शर्मा, शिवानी, पीएचडी (भा.प्रौ.सं. गांधीनगर)
88 शर्मा, उदयन, पीएचडी (भा.प्र.सं. लखनऊ)
89 शर्मा, वरुण, पीएचडी (भा.प्र.सं. लखनऊ)
90 शेख, रईस अहमद, पीएचडी (भा.प्रौ.सं., बॉम्बे)
91 शुक्ला, शेखर, एफपीएम (भा.प्र.सं., लखनऊ)
92 सिंह, पवन कुमार, पीएचडी (विक्रम विश्वविद्यालय)
93 सिन्हा, निशित कुमार, पीएचडी (भा.प्र.सं., लखनऊ)
94 सिन्हा, राजेश कुमार, एफपीएम (भा.प्र.सं., कोझीकोड)
95 सोहानी, श्रीहरि एस, एफपीएम (भा.प्र.सं., अहमदाबाद)
96 सुधीर, सुबिन, एफपीएम (भा.प्र.सं., कोझीकोड)
97 सुंदर, डी.एल., पीएचडी (भा.प्रौ.सं., मद्रास)
98 सुराना, अंकित, पीएचडी (मैक्वेरी विश्वविद्यालय, सिडनी – ऑस्ट्रेलिया)
99 सुराना, मितुल, पीएचडी (भा.प्र.सं., अहमदाबाद)
100 स्वैन, विश्वनाथ, पीएचडी (भा.प्रौ.सं., कानपुर)
101 स्वतंत्र, पीएचडी (डी.ई.आई. डीम्ड यूनिवर्सिटी, आगरा)
102 तिवारी, श्रुति, पीएचडी (इलाहाबाद विश्वविद्यालय)
103 ठाकर, केयूर बी., पीएचडी (उत्तर गुजरात विश्वविद्यालय)
104 ठकुरता, इंद्रजीत, एफपीएम (भा.प्र.सं., अहमदाबाद)
105 थॉमस, नोबिन, एफपीएम (भा.प्र.सं., अहमदाबाद)
106 त्रिपाठी, संजीव, एफपीएम (भा.प्र.सं., अहमदाबाद)
107 उन्नीथन, संगीता, पीएचडी (केरल विश्वविद्यालय)
108 वछराजानी, मिट, एफपीएम (भा.प्र.सं., लखनऊ)
109 वत्स, अमित कुमार, एफपीएम (भा.प्र.सं., अहमदाबाद)
110 वेलायथिकोड, अश्वथी आनंद, पीएचडी (भा.प्रौ.सं. हैदराबाद
111 विंसेंट, अपर्णा, पीएचडी (हैदराबाद विश्वविद्यालय)

वरिष्ठ अधिकारी

कर्नल (डॉ.) गुरुराज गोपीनाथ पामिडी (पूर्व सैनिक)	मुख्य अधिकारी प्रशासन
दीपेन्द्र कुमार सिंघल	मुख्य अधिकारी इंजीनियरिंग

अधिकारी

आलम, फखरे	कार्यपालक अभियंता (सिविल)
भरण, मोनिका	अधिकारी (सामान्य प्रशासन)
भाटिया, कमलेश	लेखा अधिकारी
ददलानी, विजय	अधिकारी स्तर–1
दास, अजय कुमार	अधिकारी
डेम्बनी, बलदेव	चिकित्सा अधिकारी
जैन, खुशबू	अधिकारी स्तर–2
जैन, पंकज	अधिकारी (लेखा)
जैन, विनीत	अधिकारी (वित्त एवं लेखा)
के.के., प्रेमजी कुमार	अधिकारी स्तर–2
के. आर., उन्नी	अधिकारी स्तर–3
कंथारिया, जिगर	अधिकारी स्तर–3
कपूर, भव्या	अधिकारी स्तर–1
कौशल, अनिल	अधिकारी (नेटवर्क एडमिनिस्ट्रेशन)
कुमार, राहुल	आपातकालीन चिकित्सा अधिकारी
कुमार, सुशील	कार्यपालक अभियंता (सिविल)
लालवानी, अंजलि	चिकित्सा अधिकारी स्तर–2
मुज़ाल्दा, माधव	अधिकारी
पांडे, भूपेन्द्र	अधिकारी स्तर–2
परिहार, मानस	अधिकारी स्तर–2
आर., अशोक	अधिकारी (शिक्षण केंद्र)
श्रीवास,घनश्याम प्रसाद	अधिकारी स्तर–3
त्रिवेदी, पीयूष	अधिकारी (सिस्टम एडमिनिस्ट्रेशन)
वैद्य, एस.एम.	अधिकारी
यादव, अनिल	अधिकारी
यादव, जयनाथ	अधिकारी स्तर–2

संस्थान के संकाय सदस्यों और अन्य कर्मचारियों सहित उन पांच अधिकारियों के नाम जिन्हें वित्तीय वर्ष 2024–25 के दौरान सबसे अधिक पारिश्रमिक (ऐसे कर्मचारियों को दिए जाने वाले भत्ते और अन्य भुगतान सहित) प्राप्त हुआ

क्र.सं.	संकाय सदस्य का नाम	क्र.सं.	स्टाफ सदस्य का नाम
1	प्रो. हिमाँशु राय	1	कर्नल (डॉ.) गुरुराज गोपीनाथ पामिडी (पूर्व सैनिक)
2	प्रो. प्रशांत सलवान	2	उन्नी के अ ार
3	प्रो. मनीष पोपली	3	एस एम वैद्य
4	प्रो. सुबिन सुधीर	4	जिगर कंथारिया
5	प्रो. डी.एल. सुन्दर	5	अनिल कौशल

19. कार्यालय एवं विभाग

कल्याण और समावेशन केंद्र (सीडब्ल्यूआई)

कल्याण एवं समावेशन केंद्र हमारे परिसर समुदाय के सभी सदस्यों, विशेष रूप से दिव्यांगजनों और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों का सामना करने वालों की सहायता को प्राथमिकता देने वाले एक समावेशी वातावरण को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। हमने विभिन्न स्तरों पर सहायता प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयास किए हैं।

निः शक्तता सहायता

कल्याण एवं समावेशन केंद्र (सीडब्ल्यूआई) ने दिव्यांग विद्यार्थियों को व्यापक समर्थन प्रदान किया, ताकि उन्हें कक्षाओं के लिए आवश्यक समायोजन, परिसर में सहज आवागमन की सुविधा, तथा उनकी आवश्यकताओं के अनुसार विशिष्ट संसाधन उपलब्ध कराए जा सकें। हमारा प्रमुख उद्देश्य एक ऐसा समावेशी वातावरण निर्मित करना था जिसमें प्रत्येक विद्यार्थी शैक्षणिक एवं व्यक्तिगत रूप से उत्कर्ष प्राप्त कर सके।

इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु, सीडब्ल्यूआई ने कार्यक्रम कार्यालयों तथा संकाय सदस्यों के साथ सक्रिय रूप से सहयोग किया। ये साझेदारियाँ विद्यार्थियों की अधिगम यात्रा को कक्षा के भीतर और उससे परे, दोनों स्तरों पर समृद्ध करने में सहायक रहीं। संस्थान के विभिन्न हितधारकों के साथ निकटता से कार्य करते हुए, सीडब्ल्यूआई ने दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए संपूर्ण शैक्षणिक अनुभव को बेहतर बनाने, तथा उनके सफल और स्वस्थ जीवन के लिए अनुकूल वातावरण सृजित करने का प्रयास किया।

प्रवेश सहयोग : प्रवेश के उपरांत, भारतीय प्रबंध संस्थान इंदौर में नामांकित दिव्यांगता से युक्त विद्यार्थियों की आवश्यकताओं को समझने के उद्देश्य से उन्हें उचित समायोजन प्रपत्र प्रेषित किया गया। इसके पश्चात प्रत्येक छात्र के लिए व्यक्तिगत आवश्यकता मूल्यांकन सत्र आयोजित किए गए।

कल्याण और समावेशन केंद्र (सीडब्ल्यूआई) ने विनविनया फाउंडेशन को आमंत्रित किया, जिन्होंने स्नातकोत्तर प्रबंध कार्यक्रम–प्रथम वर्ष (पीजीपी–प्रथम), स्नातकोत्तर मानव संसाधन प्रबंध कार्यक्रम–प्रथम वर्ष (पीजीपी एचआरएम–प्रथम), डॉक्टरल प्रबंध कार्यक्रम–प्रथम वर्ष (डीपीएम–प्रथम) के विकलांगता से युक्त विद्यार्थियों हेतु 5 जुलाई 2024 को व्यक्तिगत ऑनलाइन सत्र आयोजित किए। इसी प्रकार के सत्र समेकित प्रबंध कार्यक्रम 2024-29 के विद्यार्थियों के लिए 7 अगस्त 2024 को संपन्न हुए।

मूल्यांकन के दौरान प्राप्त जानकारी में शामिल थे दिव्यांगता की प्रकृति और उसका शैक्षणिक प्रभाव, चल रही औषधियाँ, पूर्व में प्राप्त सहयोग, सहायक प्रौद्योगिकी तक पहुँच, तथा अपेक्षित शैक्षणिक एवं गैर–शैक्षणिक सहयोग।

मूल्यांकन प्रतिवेदन के आधार पर एक परिकलन पत्रक (एक्सेल पत्रक) तैयार किया गया जिसमें प्रत्येक विद्यार्थी को प्रदान की जाने वाली विशिष्ट समायोजन सुविधाओं का विवरण अंकित किया गया। विद्यार्थियों की आवश्यकताएँ संबंधित विभागों जैसे छात्रावास, परिवहन कार्यालय, कार्यक्रम कार्यालय, स्थानन कार्यालय आदि के साथ साझा की गईं।

प्रवेश उद्घाटन एवं परिचयात्मक कार्यक्रम के दौरान, दृष्टिबाधित तथा अन्य दिव्यांगता से युक्त विद्यार्थियों के लिए परिसर में उपलब्ध संसाधनों एवं सेवाओं की जानकारी प्रोफेसर रैना छाजेड़ (समन्वयक, कल्याण और समावेशन केंद्र) तथा श्री अभिषेक कोष्टी (केंद्र कर्मचारी) द्वारा निम्न तिथियों पर दी गई:

- कार्यकारी स्नातकोत्तर प्रबंध कार्यक्रम (ईपीजीपी) बैचः शुक्रवार, 5 अप्रैल 2024
- पीजीपी–प्रथम, पीजीपी एचआरएम–प्रथम, समेकित प्रबंध कार्यक्रम–चतुर्थ वर्ष, डीपीएम–प्रथम (पीजीपी बैच 2024–26 एवं समेकित प्रबंध कार्यक्रम 2021–26): 28 जून 2024
- समेकित प्रबंध कार्यक्रम 2024–29 बैचः 7 अगस्त 2024

कल्याण और समावेशन केंद्र द्वारा पीजीपी–प्रथम, पीजीपी एचआरएम–प्रथम, डीपीएम–प्रथम (पीजीपी बैच 2024–26) के लिए 26 जून 2024 को तथा समेकित प्रबंध कार्यक्रम 2024–29 बैच के लिए 9 अगस्त 2024 को परिसर परिचय एवं भ्रमण सत्र आयोजित किया गया।

छात्रावास आवास

हमने विद्यार्थियों की छात्रावास संबंधी आवश्यकताएँ छात्रावास कार्यालय के साथ साझा कीं। छात्रावास कार्यालय ने गंभीर गतिशीलता बाधा अथवा दृष्टिबाधा से ग्रस्त विद्यार्थियों को उपयुक्त आवास प्रदान किया, जिसमें ऐसे सुविधायुक्त कक्ष शामिल थे जो शौचालय के निकट स्थित थे अथवा संलग्न शौचालय युक्त थे।

इसके अतिरिक्त, आवश्यकतानुसार छात्रावास के कमरों में संशोधन भी किए गए, जैसे – सुलभ फर्नीचर और फिक्स्चर की व्यवस्था। साथ ही, कल्याण और समावेशन केंद्र (सीडब्ल्यूआई) ने इन विद्यार्थियों के लिए छात्रावासों में आवश्यक परिवर्तन कराने हेतु छात्रावास कार्यालय से अनुरोध भी किया।

परिवहन सुविधा

परिवहन कार्यालय ने दृष्टिबाधित/गतिशीलता बाधित विद्यार्थियों के लिए छात्रावास और कक्षाओं के बीच निर्बाध आवागमन सुनिश्चित करने हेतु परिवहन की व्यवस्था की है।

शैक्षणिक सुविधा

कल्याण और समावेशन केंद्र (सीडब्ल्यूआई) ने कार्यक्रम कार्यालय के साथ शैक्षणिक सुविधा विवरण साझा किए हैं, ताकि कक्षा सहायता, पठन सामग्री की सॉफ्ट कॉपी, परीक्षा में अतिरिक्त समय, परीक्षाओं में लेखक की व्यवस्था, बड़े आकार में प्रश्नपत्र आदि उपलब्ध कराए जा सकें।

सीडब्ल्यूआई प्रत्येक सत्र/टर्म के आरंभ से पूर्व वर्ष भर शिक्षण संकाय को ईमेल भेजता है, जिसमें कक्षा और परीक्षा के दौरान ऐसे विद्यार्थियों की आवश्यकताओं की जानकारी दी जाती है, तथा परीक्षाओं और क्विज़ में आवश्यक संशोधन हेतु पाठ्यक्रम संकाय से अनुरोध किया जाता है।

पठन सामग्री : दृष्टिबाधित विद्यार्थियों को पठन सामग्री की सॉफ्ट कॉपी उपलब्ध कराई गई।

सुलभ परीक्षा कक्ष : दृष्टिबाधित एवं गतिशीलता बाधित विद्यार्थियों के लिए परीक्षाएँ ऐसे कक्षों में आयोजित की गईं जो पूरी तरह सुलभ हों।

अतिरिक्त समय : परीक्षा में निर्धारित मानदंडों के अनुसार विद्यार्थियों को अतिरिक्त समय प्रदान किया गया।

प्रश्नपत्र की सुलभता : प्रश्नपत्रों को दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए सुलभ बनाया गया, जैसे कि बड़े फॉन्ट आकार में प्रश्नपत्र तथा सॉफ्ट कॉपी के रूप में प्रश्नपत्र उपलब्ध कराना।

लेखक सुविधा : विकलांगता से ग्रस्त विद्यार्थियों को परीक्षाओं के दौरान लेखक की सुविधा प्रदान की गई।

अतिरिक्त सत्र : कल्याण और समावेशन केंद्र (सीडब्ल्यूआई) ने एफएसी, ओएम, एमई, एसएमओडी, क्वांटिटेटिव और आईपीएस जैसे पाठ्यक्रमों के लिए अतिरिक्त सत्र आयोजित करने हेतु संबंधित पाठ्यक्रम संकाय से ईमेल के माध्यम से समन्वय किया।

परीक्षा में संशोधन : विभिन्न पाठ्यक्रमों के संकाय सदस्यों द्वारा परीक्षाओं में आवश्यक संशोधन किए गए।

विद्यार्थियों से समन्वय : सीडब्ल्यूआई ने विद्यार्थियों को प्रत्येक सत्र/टर्म के आरंभ से पहले ईमेल भेजकर कक्षाओं और परीक्षाओं के दौरान अपेक्षित सहायता के संबंध में संकाय से संपर्क करने का सुझाव दिया तथा पाठ्यक्रम संकाय से परीक्षाओं और क्विज़ में उपयुक्त संशोधन करने का अनुरोध किया।

क्वांटिटेटिव घटकों में सहायता : यदि किसी पाठ्यक्रम में आँकड़ों, तालिकाओं, चित्रों या ग्राफ़ जैसे घटक शामिल थे जो दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए समझने में अतिरिक्त प्रयास की माँग करते थे, तो सीडब्ल्यूआई ने पाठ्यक्रम संकाय से अतिरिक्त सहायता व समायोजन की मांग की और आवश्यक सहायता विद्यार्थियों को प्रदान की गई।

टिप्पणी : उपरोक्त सभी सुविधाएँ विकलांग व्यक्तियों अधिनियम, 2016, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, विकलांगजन सशक्तिकरण विभाग तथा अन्य विधिक प्रावधानों और संशोधनों के अनुसार प्रदान की गईं।

स्थानन हेतु समायोजन : ग्रीष्मकालीन और अंतिम स्थानन के दौरान विद्यार्थियों को उपयुक्त समायोजन सुनिश्चित करने के लिए विद्यार्थियों और स्थानन कार्यालय के प्रतिनिधियों के साथ बैठकें आयोजित की गईं।

बडी/स्वयंसेवक प्रणाली : पीजिपी कार्यालय एवं शैक्षणिक कार्य समिति (श्रीमती तान्या कौशल, सचिव) के सहयोग से दृष्टिबाधित विद्यार्थियों की सहायता हेतु एक बडी/स्वयंसेवक प्रणाली स्थापित की गई है। यह नेटवर्क विद्यार्थियों एवं साथियों से मिलकर बना है जो दृष्टिबाधित विद्यार्थियों को उनके पूरे शैक्षणिक सफर में मार्गदर्शन और सहायता प्रदान करते हैं।

व्हाट्सएप समूह : विभिन्न प्रकार की दिव्यांगता वाले विद्यार्थियों के लिए एक व्हाट्सएप समूह बनाया गया है, जिससे वे पाठ्यक्रम चयन, आवेदन पत्र भरने जैसे शैक्षणिक कार्यों से संबंधित तात्कालिक अनुरोधों के लिए सहायता प्राप्त कर सकें।

सीडब्ल्यूआई खुला कार्यालय समय : कल्याण और समावेशन केंद्र (सीडब्ल्यूआई) पूर्व निर्धारित अपॉइंटमेंट के आधार पर प्रत्येक सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को दोपहर 3:00 बजे से 5:00 बजे तक दृष्टिबाधित विद्यार्थियों की सहायता हेतु कार्यालय समय रखता है। इसमें निम्नलिखित कार्यों में सहायता दी जाती है:

पोर्टल पर विस्तृत आवेदन पत्र भरना, विभिन्न कंपनियों की वेबसाइट पर विज़िट करना, पोर्टल पर सीवी का प्रारूपण करना इत्यादि।

मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण

कल्याण और समावेशन केंद्र (सीडब्ल्यूआई) में हम एक सहायक वातावरण विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जहाँ मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता दी जाती है। इसका उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित समस्याओं की पहचान, समाधान और सहायता हेतु एक संरचित दृष्टिकोण को स्थापित करना है ताकि समस्याओं को सक्रिय और सहानुभूतिपूर्वक तरीके से संबोधित किया जा सके।

सीडब्ल्यूआई ने मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं से निपटने के लिए एक समर्पित प्रक्रिया विकसित की है। हम विद्यार्थियों को मेडिकल सेंटर, योर दोस्त परामर्श सेवा तथा परिसर में उपलब्ध परामर्शदाताओं के बारे में प्रत्येक तिमाही में जानकारी प्रदान करते हैं।

भारतीय प्रबंध संस्थान इंदौर में मानसिक स्वास्थ्य पेशेवरों के माध्यम से ऑनलाइन एवं परिसर स्थित परामर्श सेवाएँ उपलब्ध कराई जाती हैं, जिनमें सहारा चाहने वाले व्यक्तियों के लिए नियमित रूप से एक–से–एक सत्र आयोजित किए जाते हैं। मानसिक स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता बढ़ाने के लिए सीडब्ल्यूआई द्वारा योर दोस्त न्यूज़लेटर को नियमित रूप से साझा किया जाता है।

सीडब्ल्यूआई परामर्श सत्रों में भाग लेने वाले विद्यार्थियों की प्रगति के संबंध में परामर्शदाताओं के साथ उचित फॉलो–अप सुनिश्चित करता है। यदि कोई विद्यार्थी परामर्श सत्रों में बार–बार अनुपस्थित रहता है या उसे अतिरिक्त सत्रों की आवश्यकता होती है, तो सीडब्ल्यूआई उसकी भलाई के लिए दो बार अनुस्मारक ईमेल भेजता है। यदि अनुस्मारकों के बाद भी विद्यार्थी सत्रों में भाग नहीं लेता, तो सीडब्ल्यूआई उसे मेडिकल सेंटर से जोड़ता है और उच्च अधिकारियों को भी यह जानकारी साझा करता है।

जब किसी संकाय सदस्य या कार्यक्रम अध्यक्ष द्वारा किसी विद्यार्थी में मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्या की पहचान की जाती है, तो वह तुरंत सीडब्ल्यूआई को सूचित करते हैं, और सीडब्ल्यूआई विद्यार्थी को परामर्शदाता से जोड़ता है। साथ ही, **सीडब्ल्यूआई** ने परामर्श सत्रों के बाद विद्यार्थियों से प्रतिक्रिया प्राप्त करने हेतु एक फीडबैक फ़ॉर्म लागू किया है, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि विद्यार्थी को निरंतर सहायता मिलती रहे, जब तक कि वह भावनात्मक रूप से स्थिर न हो जाए।

संपदा विभाग

भारतीय प्रबंध संस्थान इंदौर का संपदा विभाग परिसर की संपत्तियों (आवासीय / कार्यालयीय आवास) के प्रशासन और प्रबंधन हेतु उत्तरदायी है, ताकि अभियंत्रण एवं भवन सेवाओं का कुशलतापूर्वक संचालन एवं अनुरक्षण सुनिश्चित किया जा सके। यह विभाग दुकानों/आउटलेट्स के संचालन, संचार प्रणालियों के प्रशासन, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता सुविधाओं की उपलब्धता, तथा आधारभूत संरचनाओं के अनुरक्षण हेतु भी उत्तरदायी है। इन संरचनाओं में मल शोधन संयंत्र, पम्प कक्ष, विद्युत उपकेंद्र, ताप, वेंटिलेशन एवं वातानुकूलन प्रणाली, जल शोधक एवं जल शीतक आदि सम्मिलित हैं।

परिसर की प्रमुख आधारभूत संरचनाओं का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है -

क्र.सं.	विवरण	ब्योरा / मात्रा
1	भूमि क्षेत्र	193 एकड़
2	शैक्षणिक ब्लॉक	संख्या–1
3	संकाय केबिन	संख्या–114 (ए / बी / सी ब्लॉक–80, एम / के ब्लॉक–10, जे–ब्लॉक (एफएफ)– 24)
4	प्रशासनिक ब्लॉक	संख्या–1
5	कंप्यूटर लैब	संख्या–2
6	कक्षाएँ	संख्या–33 (ईआर2–3, डी और ई ब्लॉक–12, एफ–जी–एच–1 ब्लॉक–16, ईआर1–1, एसआरसी–1)
7	ऑनलाइन शिक्षा के लिए स्टूडियो	शैक्षणिक ब्लॉक में 4; खेल परिसर में 7 (संबद्ध भागीदारों के साथ)
8	उत्कृष्टता केंद्र	संख्या–1
9	सिंडिकेट रूम	संख्या–28
10	विवाहित निवास	संख्या–1
11	डीपीएम आवास	संख्या–1
12	छात्र भोजनालय ब्लॉक	संख्या–5
13	शिक्षण केंद्र	संख्या–1
14	बोर्ड रूम	संख्या–1
15	सम्मेलन कक्ष	संख्या–5 (1 वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग रूम और 4 ऑनलाइन सक्षम कॉन्फ्रेंस रूम)
16	कार्यकारी आवास ब्लॉक	संख्या–4
17	छात्र आवास ब्लॉक	संख्या–20
18	प्रकार–V क्वार्टर	संख्या–80 (50 स्वतंत्र डुप्लेक्स हाउस और 30 फ्लैट)
19	विजिटिंग फैकल्टी अपार्टमेंट	18 फ्लैट
20	प्रकार–IV अपार्टमेंट	12 फ्लैट
21	प्रकार–III अपार्टमेंट	12 फ्लैट
22	प्रकार–II अपार्टमेंट	12 फ्लैट
23	सभागार	संख्या–2 (एक 300 क्षमता का और दूसरा 800 क्षमता का)
24	निदेशक बंगला	संख्या–1
25	खेल परिसर	संख्या–1
26	सुरक्षा कार्यालय	संख्या–1
27	दुकानें एवं आउटलेट	संख्या–20
28	चिकित्सा केंद्र	संख्या–1

29	व्यायामशाला	संख्या–3 (1 आउटडोर जिम सहित)
30	स्विमिंग पूल	संख्या–1
31	बेबी पूल	संख्या–1
32	स्क्वैश कोर्ट	संख्या–1
33	लॉन टेनिस कोर्ट	संख्या–2
34	सौना बाथ	संख्या–1
35	स्टीम बाथ	संख्या–1
36	बास्केटबॉल कोर्ट	संख्या–4
37	सामुदायिक केंद्र	संख्या–1
38	एसआरसी भवन	संख्या–1
39	खेल स्टेडियम	संख्या–1
40	बच्चों का पार्क	संख्या–1
41	वॉच टावर्स	संख्या–8
42	संजीवनीः एक हर्बल इकाई	संख्या–1
43	वॉलीबॉल कोर्ट	संख्या–3
44	एसटीपी	संख्या–2
45	डॉग पाउंड्स	संख्या–8
46	बैडमिंटन कोर्ट	संख्या–7
47	फुटबॉल ग्राउंड	संख्या–1
48	आध्यात्मिक उद्यान	संख्या–1
49	जल संचयन तालाब (क्षमता 14.6 मिलियन लीटर)	संख्या–1
50	उपयोगिता ब्लॉक	संख्या–4
51	(विद्युत सब–स्टेशन)	संख्या–3

कार्यकारी निवास कार्यालय

कार्यकारी आवास कार्यालय विशेष रूप से कार्यकारी शिक्षा कार्यक्रमों के प्रतिभागियों, अतिथि संकाय सदस्यों, संस्थान के मेहमानों तथा भारत एवं विदेशों से आने वाले प्रतिनिधियों हेतु आवास एवं भोजन सेवाएँ प्रदान करता है। इसका मुख्य उद्देश्य स्वच्छ एवं स्वास्थ्यवर्धक भोजन, सुखद वातावरण तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं के माध्यम से अतिथियों के लिए एक आरामदायक प्रवास सुनिश्चित करना है।

उपलब्ध सुविधाएँ निम्नलिखित हैं:

- कार्यकारी आवास 1, 2 एवं 3 में कुल 06 सुइट, 102 एकल कक्ष तथा 84 द्वैतीय (डबल) पूर्णतः सुसज्जित कक्ष उपलब्ध हैं।
- कार्यकारी आवास – 1 में एक आधुनिक एवं सुसज्जित कक्षा–कक्ष, 115 व्यक्तियों की क्षमता वाला एक भोजन कक्ष, एक सुसज्जित रसोईघर एवं एक इनडोर खेल कक्ष है।
- कार्यकारी आवास – 2 में तीन आधुनिक एवं सुसज्जित कक्षा–कक्ष तथा 120 व्यक्तियों की क्षमता वाला एक भोजन कक्ष उपलब्ध है।
- कार्यकारी आवास – 3 में 75 व्यक्तियों की क्षमता वाला एक भोजन कक्ष एवं रसोईघर है। इसमें एक इनडोर खेल कक्ष भी उपलब्ध है।

ईआर–1

क्रमांक	महीने	कार्यक्रमों की संख्या	प्रतिभागियों की संख्या
1	1 अप्रैल, 2024–31 मार्च 2025	53	1395

ईआर–2

क्रमांक	महीने	कार्यक्रमों की संख्या	प्रतिभागियों की संख्या
1	1 अप्रैल, 2024–31 मार्च 2025	123	3828

ईआर–3

क्रमांक	महीने	कार्यक्रमों की संख्या	प्रतिभागियों की संख्या
1	1 अप्रैल, 2024–31 मार्च 2025	26	831

वित्त वर्ष 2024–25 के दौरान कार्यकारी आवास–1, 2 एवं 3 में लगभग 6054 अतिथियों / प्रतिभागियों / प्रतिनिधियों ने प्रवास किया एवं भोजन किया।

वर्ष 2024–25 में कार्यकारी आवास कार्यालय ने विभिन्न सरकारी एवं निजी संस्थाओं से आये प्रबंधन विकास कार्यक्रम के प्रतिभागियों को सफलतापूर्वक आवास एवं भोजन की सुविधाएँ प्रदान कीं। कुछ प्रमुख संस्थाएँ एवं विभाग निम्नलिखित हैं:

- केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड
- नाबार्ड
- कोटक लाइफ इंश्योरेंस
- पॉवर ग्रिड
- चोलामंडलम एमएस
- इंडियन ऑयल
- टाटा मोटर्स
- भारतीय स्टेट बैंक
- टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस
- ज़ायडस
- मेट लाइफ
- रिलायंस
- पेट्रोनेट एलएनजी

2024–25 में कार्यकारी शिक्षा कार्यक्रमों के विभिन्न बैचों से प्रतिभागियों को सफलतापूर्वक ठहराया गया। इनमें से कुछ प्रमुख बैच निम्नलिखित हैं:

- पीजीसीबीएम बैच 2
- ईपीजीबीएम बैच 2
- ईसीपीएसएलएसपी बैच 4
- ईपीडीटी बैच 4
- एपीसीएसबीएल बैच 1
- सीपीपीएम बैच 8
- एसएमपी बैच 2

- ईपीजीसीपीएम बैच 3
- टाटा एआईए बैच 6
- सीपीएलसीएम बैच 5
- वुका बैच 2
- बिहार कोऑपरेटिव बैच 2
- अनीसुमा दुबई (जीएमपी 16 एवं 17)

इसके अतिरिक्त, कार्यकारी आवास कार्यालय ने

- जर्मनी
- कंबोडिया
- म्यांमार
- रूस
- यूनाइटेड किंगडम
- फ्रांस
- इटली
- युगांडा

जैसे देशों से आये कई विदेशी प्रतिनिधियों एवं मेहमानों को भी सफलतापूर्वक आवासीय सुविधाएँ प्रदान कीं।

हमारा निरंतर प्रयास है कि हम सुविधाओं का विस्तार करें और वर्तमान सेवाओं में निरंतर सुधार करते रहें।

वर्ष 2024–25 के दौरान पूर्ण किए गए कुछ प्रमुख कार्य:

- कार्यकारी आवास 1, 2 एवं 3 के सभी क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए।

भविष्य की योजनाएँ:

- कार्यकारी आवास - 3 का नवीनीकरण, जिसमें 75 अतिथियों की क्षमता वाला भोजन कक्ष शामिल है।
- सभी कार्यकारी आवासों में रेजीडेंसी प्रबंधन प्रणाली को लागू किया जाएगा।

बागवानी प्रकोष्ठ

पूर्व टीबी सैनिटोरियम भवन का रूपांतरण 'संजीवनी: बागवानी प्रकोष्ठ, भा.प्र.सं. इंदौर परिसर' में किया जाना सततता और पर्यावरणीय जागरूकता की दिशा में एक उल्लेखनीय प्रगति है। यह क्षेत्र, जिसे पहले कबाड़ भंडारण हेतु उपयोग किया जाता था, अब सतत पहलों के केंद्र के रूप में विकसित किया गया है। इस प्रकोष्ठ द्वारा सततता को बढ़ावा देने हेतु कई योजनाएँ शुरू की गई हैं, जो विशेष रूप से पहाड़ी भू–भाग के कारण वनस्पति की कमी और जल संकट जैसी चुनौतियों का समाधान करती हैं।

पिछले पाँच वर्षों में, इन पहलों ने बंजर एवं पथरीले भूभाग को हरित उद्यानों एवं विकसित वनों में बदल दिया है, जिससे परिसर के भू–दृश्य में व्यापक परिवर्तन आया है। भूमि परिदृश्य विकास और वनीकरण के सतत प्रयासों द्वारा यह निर्जन भूमि अब एक हरियाली से भरपूर क्षेत्र बन गई है। इस परिवर्तन का प्रत्यक्ष प्रभाव स्थानीय तापमान में गिरावट के रूप में देखा गया है, जिससे पूरे परिसर में एक शीतल एवं सुखद पर्यावरण बना है।

वर्ष 2024–25 के दौरान, भा.प्र.सं. इंदौर के बागवानी प्रकोष्ठ ने अपनी वार्षिक परंपरा का निर्वहन करते हुए पर्यावरण–संवेदनशील परियोजनाओं की एक श्रृंखला को क्रियान्वित किया।

इन गतिविधियों की प्रमुख विशेषताएँ निम्नलिखित हैं:

प्रमुख बागवानी गतिविधियाँ (वर्ष 2024–25)

1. **11 से 14 टन तक की सब्जियों, फलों एवं औषधीय पौधों की खेती एवं वितरण**

   संस्थान के परिसर में लगभग 5000 वर्ग फीट क्षेत्रफल में प्राकृतिक खेती की जाती है। वर्ष 2024–25 में इस क्षेत्र में 11 से 14 टन तक विभिन्न प्रकार की पोषक सब्जियाँ, फल और औषधियाँ जैसे टमाटर, बैंगन, पपीता, पुदीना, धनिया, केला, आँवला, पालक, अमरूद आदि का उत्पादन किया गया। इनका वितरण भा.प्र.सं. इंदौर समुदाय के बीच किया गया, जिससे परिसर में स्वस्थ और सतत जीवनशैली को बढ़ावा मिला।

2. **पुनर्चक्रित प्लास्टिक से निर्मित पर्यावरण–अनुकूल बेंच**

कचरे एवं बेकार लकड़ी से निर्मित पुनर्चक्रित बेंच परिसर में विभिन्न स्थानों पर स्थापित की गई हैं। यह पहल अपशिष्ट प्रबंधन और अपसायक्लिंग को प्रोत्साहित करती है। इन टिकाऊ बेंचों के माध्यम से पर्यावरण के प्रति सजगता का संदेश दिया जाता है, जो परिसर समुदाय को उनके पर्यावरणीय प्रभाव पर विचार करने और सतत जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करता है।

3. **अपशिष्ट प्रबंधन एवं कम्पोस्टिंग इकाई**

प्रत्येक वर्ष लगभग 245 से 285 टन खाद्य, रसोई और सूखे कचरे को विशेष मशीनों द्वारा प्रसंस्कृत किया जाता है। मिश्रण और पीसने की प्रक्रिया के बाद कुछ ही दिनों में यह सामग्री प्राकृतिक रूप से विघटित होकर 70 से 80 टन पोषक जैविक खाद में परिवर्तित हो जाती है। इस जैविक खाद का उपयोग परिसर के खेतों और फलोद्यानों में किया जाता है, जिससे रसायन–मुक्त और टिकाऊ कृषि को बल मिलता है।

4. **कार्बन फुटप्रिंट मूल्यांकन**

भा.प्र.सं. इंदौर ने कार्बन न्यूनीकरण पहल के अंतर्गत अपने परिसर के कार्बन फुटप्रिंट का मूल्यांकन प्रारंभ किया है। इसका उद्देश्य हमारे पर्यावरणीय प्रभाव को समझना और सतत गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाना है। मूल्यांकन की प्रारंभिक रिपोर्ट दिसंबर 2024 में संस्थान की वेबसाइट पर प्रकाशित की गई। अब इसका दूसरा चरण, जिसमें कार्बन अवशोषण (कार्बन पृथक्करण) पर ध्यान केंद्रित है, प्रगति पर है।

5. **वृक्षों का पुनःस्थापन – विकास के साथ सततता**

संस्थान पर्यावरणीय उत्तरदायित्व को महत्व देते हुए निर्माण कार्यों के दौरान महत्त्वपूर्ण वृक्षों को स्थानांतरित करता है। ग्रुप 8 परियोजना क्षेत्र से कुल 75 वृक्षों को सफलतापूर्वक पुनः स्थापित किया गया, जिनमें 95þ वृक्ष जीवित रहे। यह उपलब्धि संस्थान की हरित भविष्य की दिशा में प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

6. **विकास और परिदृश्य (प्रकृति का पुनर्जीवन)**

सीमाओं के परे हरियालीः परिसरों के आसपास वृक्षारोपण पहल

भा.प्र.सं. इंदौर के निदेशक प्रोफेसर हिमाँशु राय के नेतृत्व में संस्थान ने पर्यावरणीय संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया। 28 सितम्बर 2024 को परिसर की चारदीवारी के बाहर के क्षेत्र में वृक्षारोपण की एक पहल आरम्भ की गई। यह क्षेत्र जो पहले एक बंजर और पथरीली भूमि थी, अब विविध प्रकार के वृक्षों और पौधों के रणनीतिक रोपण के माध्यम से एक हरित क्षेत्र में परिवर्तित कर दिया गया है।

इस पहल का उद्देश्य केवल परिसर को ही नहीं, अपितु उसके आसपास के क्षेत्रों को भी हरित, स्वच्छ और सौंदर्ययुक्त बनाना है, जिससे पर्यावरण और समुदाय दोनों पर सकारात्मक प्रभाव पड़े। यह पहल भा.प्र.सं. इंदौर की व्यापक सामाजिक और पर्यावरणीय उत्तरदायित्व के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

- **मैस–2 क्षेत्र**

भा.प्र.सं. इंदौर में मैस–2 के समीप स्थित भूमि पहले एक बंजर, शुष्क और लगभग निरावृत क्षेत्र थी, जहाँ गर्मियों के महीनों में अत्यधिक तापमान के कारण वातावरण अत्यंत कठोर और असहज हो जाता था। निरंतर हरितीयकरण एवं परिदृश्य–सज्जा के प्रयासों से यह बंजर भूमि अब एक सुंदर, हरियाली से युक्त क्षेत्र में परिवर्तित हो रही है।

- **कार्यकारी आवास–1**

भा.प्र.सं. इंदौर में कार्यकारी आवास भवन के पीछे का क्षेत्र एक समय पर पथरीली, अनुपयोगी और कचरे से भरी हुई भूमि थी। इस उपेक्षित स्थान को अब सुनियोजित ढंग से एक सतत विकास आधारित उद्यान में रूपांतरित किया गया है, जिसका उद्घाटन निदेशक प्रोफेसर हिमाँशु राय द्वारा किया गया। योजनाबद्ध हरित पहलों के अंतर्गत पथरीली भूमि को समतल किया गया, पौधारोपण और परिदृश्यिक तत्वों का समावेश किया गया। वर्तमान में यह क्षेत्र एक सुंदर, पर्यावरणदृअनुकूल उद्यान के रूप में स्थापित हो चुका है, जो न केवल परिसर की शोभा बढ़ा रहा है, अपितु सततता को भी प्रोत्साहित कर रहा है।

- **छात्रावास–15 और 16**

भा.प्र.सं. इंदौर में छात्रावास 15 एवं 16 के समक्ष का क्षेत्र पूर्व में बंजर, कचरे से भरा हुआ और पारिस्थितिक संतुलन से रहित था। इस क्षेत्र को सुस्थिर और हरित वातावरण में रूपांतरित करने हेतु विविध पौधों एवं वृक्षों का रोपण किया गया। साथ ही एक छोटी सी झोपड़ी भी निर्मित की गई, जिससे दृश्य सौंदर्य में वृद्धि हुई। यह क्षेत्र अब संस्थान समुदाय के लिए एक शांत, सुरम्य और विश्रामदायक स्थल के रूप में परिवर्तित हो चुका है।

7. उपलब्धियाँ एवं सम्मान

भा.प्र.सं. इंदौर को वर्ष 2023–24 के लिए "पर्यावरण प्रबंधन, ऊर्जा संरक्षण एवं हरित भवन" विषय के अंतर्गत "आवास एवं शहरी विकास निगम (हुडको) पुरस्कार" प्राप्त हुआ है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार जीवनीय पर्यावरण सुधार हेतु उत्कृष्ट प्रथाओं के लिए प्रदान किया गया, जो संस्थान की पर्यावरणीय प्रतिबद्धता और सतत विकास के प्रति समर्पण का प्रमाण है।

उद्योग अंतराफलक कार्यालय

भा.प्र.सं. इंदौर सदैव से उद्योग–प्रासंगिक प्रबंध शिक्षा एवं उद्योग–विशिष्ट परामर्श सेवाएँ प्रदान करने को अपनी प्राथमिकताओं में सम्मिलित करता रहा है। उद्योग संवाद कार्यालय का उद्देश्य संस्थान और उद्योग के बीच विद्यमान साझेदारी को सुदृढ़ करना है, जिससे छात्र, संकाय सदस्य एवं उद्योग सभी विचारों तथा सेवाओं के आदान–प्रदान से लाभान्वित हो सकें।

उद्योग संवाद कार्यालय न केवल निजी एवं सार्वजनिक क्षेत्र तथा अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों के साथ परामर्श एवं अनुसंधान परियोजनाएँ संचालित करता है, अपितु उनके साथ निकट सहयोग में कार्य कर वर्तमान औद्योगिक एवं संगठनात्मक चुनौतियों के समाधान भी प्रदान करता है।

विशेष रूप से, उद्योग संवाद कार्यालय निम्नलिखित क्षेत्रों में कार्य करता है:

- परामर्श सेवाएँ
- उद्योगदृसंस्थान सहयोग का निर्माण
- लाइव प्रोजेक्ट्स
- कार्यशालाएँ एवं विशेषज्ञ अतिथि व्याख्यान
- वेबिनार / संगोष्ठियाँ
- उद्योग संगम / प्रबंधन संवाद
- प्रायोजित अनुसंधान / परियोजनाएँ
- अन्य संस्थानों के साथ सहयोगात्मक कार्य
- लघु एवं मध्यम उद्योग (एसएमई / एमएसएमई) विकास
- विषय– या उद्योग–विशिष्ट सम्मेलन
- उद्योग भ्रमण / ब्रांड अनुभव
- अंतर्राष्ट्रीय आयोजन (जैसे वेबिनार श्रृंखला आदि)
- शिक्षा मंत्रालय द्वारा वित्तपोषित परियोजनाएँ

हमारी ये सेवाएँ सभी संबंधित पक्षों को अनुभवात्मक अधिगम प्रदान करती हैं।

उद्योग संवाद कार्यालय का निरंतर प्रयास है कि वह विश्व की उत्कृष्ट औद्योगिक प्रथाओं को संस्थान में लाकर, संबंधित पक्षों में नवीनता एवं नवाचार की भावना का संचार करे।

वर्ष 2024–25 की गतिविधियाँ एवं आयोजन

सभी आयोजनों एवं गतिविधियों का संक्षिप्त परिचय नीचे प्रस्तुत किया गया है, जिससे हमारे कार्य संचालन की व्यापक झलक प्राप्त होती है।

उद्योग परामर्श मॉड्यूल कार्यकारी स्नातकोत्तर कार्यक्रम के छात्रों हेतु यह उद्योग परामर्श मॉड्यूल विभिन्न उद्योगों / व्यवसाय प्रतिष्ठानों के कार्य–प्रणालियों को समझने तथा वास्तविक संगठनात्मक समस्याओं एवं चुनौतियों पर प्रत्यक्ष कार्य करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है।

इस मॉड्यूल के अंतर्गत छात्रों को 3 से 5 सदस्यों के विषम समूहों में विभाजित किया जाता है। इन समूहों को प्रारंभिक मार्गदर्शन सत्रों के माध्यम से यह समझाया जाता है कि व्यावसायिक सन्दर्भ में अध्ययन को किस प्रकार लागू किया जाए, संगठनात्मक प्रोफ़ाइल किस प्रकार तैयार की जाए, तथा किस प्रकार एक उपयुक्त परियोजना का निर्माण एवं कार्यान्वयन किया जाए।

छात्रों को आवश्यकता अनुसार संबंधित संगठन का दौरा भी करना होता है, जिससे वे परियोजना की गहराई से समझ विकसित कर सकें एवं उसका प्रभावी समाधान प्रस्तुत कर सकें। यह संपूर्ण प्रक्रिया संकाय मार्गदर्शकों के कुशल निर्देशन में संचालित होती है, जहाँ छात्र संगठन की समस्याओं के समाधान हेतु एक बाह्य दृष्टिकोण प्रदान करते हैं।

परियोजनाओं की सूची निम्नलिखित पृष्ठों में दी गई है।

ईपीजीपी–आईसीएम 2024

ग्रुप नं.	संकाय सलाहकार	कंपनी का नाम	परियोजना का शीर्षक
1	प्रो. मनीष पोपली	साइंटेक टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड	साइंटेक के लिए अंतर्राष्ट्रीय बाजार विस्तार रणनीति
2	प्रो. आशीष साध	विप्पी इंडस्ट्रीज लिमिटेड	प्रोमंचः अनंत संभावनाएँ
3	प्रो. रोहित कपूर	केस न्यू हॉलैंड कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट	नई फाइबर ऑप्टिक लेजर कटिंग मशीन के साथ क्षमता वृद्धि
4	प्रो. कजरी मुखर्जी	रैंडस्टैड इंडिया प्राइवेट लिमिटेड	स्वास्थ्य सेवा और जीवन विज्ञान में स्टार्फिंग और नियुक्ति की संभावनाएँ – भविष्य
5	प्रो. कमल शर्मा	स्टील हाट	स्टार्टअप का शुभारंभ
6	प्रो. रोहित कपूर	शक्ति पंप्स इंडिया लिमिटेड	उत्पादन
7	प्रो प्रो. हर्षल लोवालेकर	शक्ति पंप्स इंडिया लिमिटेड	उत्पादन
8	प्रो. हसमुख गज्जर	शक्ति पंप्स इंडिया लिमिटेड	एआरएस और स्टोर प्रबंधन
9	प्रो. रणजीत नंबूदिरी	निवो कंट्रोल्स प्राइवेट लिमिटेड	कर्मचारियों को सर्वोत्तम प्रदर्शन प्राप्त करने में सक्षम बनाने के लिए नई मानव संसाधन प्रक्रिया की समीक्षा और अनुशंसा
10	प्रो. श्रीहरि एस सोहनी	निवो कंट्रोल्स प्राइवेट लिमिटेड	प्रक्रियाओं का डिजिटलीकरण
11	प्रो. शुभब्रतबासु	प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड	वस्त्रों के लिए चांदी–आधारित रोगाणुरोधी दवाओं की बिक्री और विपणन रणनीति
12	प्रो. आदित्य बिल्लोरे	एकानी फैशन	नई ई–कॉमर्स श्रेणी की खोज
13	प्रो. भाविन जे शाह	राज पैकवेल लिमिटेड	निर्यात बाजारों में बाजरा प्रसंस्करण और विपणन
14	प्रो. स्वप्निल गर्ग	जैक्सन ग्रुप	जैक्सन में मानव संसाधन के लिए प्रौद्योगिकी परिदृश्य को परिभाषित करना और यह व्यवसाय में कैसे मूल्यवर्धन कर सकता है
15	प्रो अभिषेक मिश्रा	कैप्को इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड	विश्वविद्यालय परिसरों के लिए बहु–उपयोगी गोल्फ कार्ट का अभिनव डिज़ाइन और डिजिटल नियंत्रण
16	प्रो. विकास गोयल	डिजिटल इंटीग्रेटर प्राइवेट लिमिटेड	सूचना के एकत्रीकरण और व्यापक राष्ट्रीय हित में अप्रयुक्त बेरोजगारी ऊर्जा का उपयोग करके भारत के युवाओं के लिए एक स्थायी ब्रिज सिस्टम का डिज़ाइन।
17	प्रो. ओंकार डी पलसुले	एचडी वायर (प्रा.) लिमिटेड	पर्यावरण (शून्य उत्सर्जन)
18	प्रो बिपुल कुमार	एचडी वायर (प्रा.) लिमिटेड	विपणन और बिक्री
19	प्रो. बिस्वनाथ स्वैन	मेहता स्टील्स	2024–2025 के लिए लाभ और बिक्री में दोगुनी वृद्धि प्राप्त करने का रोडमैप
20	प्रो राजहंस मिश्र	कैप्को इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड	क्यूआर कोड आधारित शिकायत प्रबंधन प्रणाली

पीजीपीएचआरएम–उद्योग संपर्क परियोजना):

मानव संसाधन प्रबंधन स्नातकोत्तर कार्यक्रम के प्रतिभागियों हेतु यह उद्योग संपर्क कार्यक्रम एक ऐसा अवसर प्रदान करता है जिसमें वे कक्षा में अर्जित कौशलों का प्रयोग वास्तविक कार्य–स्थितियों में कर सकते हैं।

वर्तमान समय की आवश्यकताओं को देखते हुए, यह अत्यंत आवश्यक हो गया है कि कार्यबल की आवश्यकताओं को समझा जाए, कार्य–कुशलता को बढ़ाया जाए, तथा कार्य–परिस्थितियों को अधिक सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ बनाए रखा जाए।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक छात्र एक परियोजना में भाग लेता है, जिसमें भा.प्र.सं. इंदौर का एक संकाय सदस्य उनके मार्गदर्शक के रूप में नियुक्त होता है।

परियोजनाओं की सूची नीचे दी गई है।

पीजीपीएचआरएम–आईआईपी 2024

क्र.सं.	संकाय सलाहकार	कंपनी का नाम	परियोजना का शीर्षक
1	प्रो. वरुण शर्मा	एसेंट इंडस्ट्रीज	भावी कर्मचारियों के लिए के.पी.आई, केआरए और जेडी का निर्माण और संरचना करना
2	प्रो निशित कुमार सिन्हा	एसेंट इंडस्ट्रीज	प्रक्रियाओं को सरल बनाने के लिए मानव संसाधन की संरचना
3	प्रो.सुमित कुमार घोष	ब्रांड कॉन्सेप्ट्स लिमिटेड	प्रतिभा अधिग्रहण मूल्यांकन
4	प्रो. नोबिन थॉमस	ब्रांड कॉन्सेप्ट्स लिमिटेड	प्रबंधकीय कौशल विकास के लिए कोचिंग और सलाह
5	प्रो निशित कुमार सिन्हा	ब्रांड कॉन्सेप्ट्स लिमिटेड	शिक्षण प्रबंधन प्रणाली का कार्यान्वयन
6	प्रो. अमिताभ देव कोडवानी	कैंडर टेक्सटाइल्स	प्रशिक्षण एवं विकास
7	प्रो. अमिताभ देव कोडवानी	सिप्को फार्मास्युटिकल्स	कौशल मैट्रिक्स की स्थापना
8	प्रो. अमिताभ देव कोडवानी	ईकेआई एनर्जी सर्विसेज लिमिटेड	भर्ती – प्रतिभा अधिग्रहण
9	प्रो.सुमित कुमार घोष	ईकेआई एनर्जी सर्विसेज लिमिटेड	प्रशासन – कर्मचारी लाभ कार्यक्रम
10	प्रो. अमिताभ देव कोडवानी	ईकेआई एनर्जी सर्विसेज लिमिटेड	सीखना और विकास – योग्यता विश्लेषण का मूल्यांकन
11	प्रो. नोबिन थॉमस	एनकोरस्काई टेक्नोलॉजीज	संगठनात्मक संस्कृति में परिवर्तनः गेमीकरण के माध्यम से प्रेरणा, जुड़ाव और सीखने को बढ़ाना, संगठनात्मक संस्कृति में परिवर्तन का प्रभाव
12	प्रो कजरी मुखर्जी	जैक्सन ग्रुप	विभिन्न कर्मचारी समूहों के लिए जैक्सन की प्रतिधारण रणनीति
13	प्रो. मित वछराजनी	जैक्सन ग्रुप	प्रतिभा आकर्षण में सुधार के लिए ईवीपी विकसित करना
14	प्रो कजरी मुखर्जी	एलएंडटी टेक्नोलॉजी सर्विसेज	भारत में पारिश्रमिक और लाभ
15	प्रो कजरी मुखर्जी	एलएंडटी टेक्नोलॉजी सर्विसेज	भारत में पारिश्रमिक और लाभ
16	प्रो. रणजीत नंबूदिरी	निवो कंट्रोल्स प्राइवेट लिमिटेड	भर्ती और ऑन–बोर्डिंग प्रक्रिया
17	प्रो. मित वछराजनी	ल्यूपिन लिमिटेड	संयंत्र की आंतरिक क्षमताओं को बढ़ाने के लिए कौशल मैट्रिक्स की स्थापना
18	प्रो. मित वछराजनी	ल्यूपिन लिमिटेड	फार्मास्युटिकल उद्योग में कर्मचारी प्रतिधारण
19	प्रो. मित वछराजनी	ल्यूपिन लिमिटेड	कर्मचारी संपर्क और जुड़ाव ढाँचों की बेंचमार्किंग (विशेष रूप से शीर्ष प्रतिभाओं के लिए)

20	प्रो. जतिन पांडे	मेइन एडवाइजरी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड	नेतृत्व मूल्यांकन
21	प्रो. वरुण शर्मा	मेदांता सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल	सीखना और विकास
22	प्रो. जतिन पांडे	मेदांता सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल	जनशक्ति अनुकूलन
23	प्रो. स्वाति घुल्यानी	मेडजेल प्राइवेट लिमिटेड	एमएसएमई में श्रम सीमा 20 से बढ़ाकर 50 करके पीएफ सीमा, ताकि एमएसएमई द्वारा भर्ती आसानी से की जा सके।
24	प्रो कजरी मुखर्जी	नमस्तेतु टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड	कार्यबल प्रबंधन के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी)
25	प्रो. रणजीत नंबूदिरी	शक्ति पंप्स इंडिया लिमिटेड	आईजेपी या नौकरी छोड़ने की दर में कमी के लिए कौशल मानचित्रण और योग्यता मानचित्रण।
26	प्रो. अमिताभ देव कोडवानी	शक्ति पंप्स इंडिया लिमिटेड	विनिर्माण उद्योग के लिए प्रदर्शन प्रबंधन प्रणाली, सीमाएँ और सर्वोत्तम समाधान
27	प्रो. मित वछराजनी	एसआरएफ लिमिटेड	वीपी वर्क्स
28	प्रो निशित कुमार सिन्हा	ब्रांड कॉन्सेप्ट्स लिमिटेड	कर्मचारी प्रभावशीलता मानचित्रण, मापन और संवर्द्धन
29	प्रो निशित कुमार सिन्हा	टुफ्रोप्स प्राइवेट लिमिटेड	नए कर्मचारियों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम तैयार करना
30	प्रो. रणजीत नंबूदिरी	टुफ्रोप्स प्राइवेट लिमिटेड	भर्ती प्रक्रिया के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (आवश्यकता पहचान से लेकर ऑनबोर्डिंग तक) निर्धारित करना
31	प्रो कजरी मुखर्जी	टुफ्रोप्स प्राइवेट लिमिटेड	भारत भर के सभी कर्मचारियों के लिए केआरए कैस्केडिंग, 2024 के लिए संपूर्ण प्रदर्शन मूल्यांकन प्रक्रिया की योजना बनाना
32	प्रो. स्वाति घुल्यानी	विप्पी इंडस्ट्रीज लिमिटेड	भर्ती

परिसर में अतिथि वार्ता

क्र.सं	नाम	कंपनी का पदनाम और नाम	विषय	तारीख
1	कमांडर शांतनु बोस (सेवानिवृत्त)	निदेशक (जहाज निर्माण), गार्डन रीच शिप बिल्डिग एंड इंजीनियर्स लिमिटेड	भारतीय उद्योगों में स्वदेशी नवाचार (4–I शिखर सम्मेलन)	24–जनवरी –2025
2	श्री मोहन सावरकर	टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड में मुख्य उत्पाद अधिकारी और उपाध्यक्ष	भारतीय उद्योगों में स्वदेशी नवाचार (4–I शिखर सम्मेलन)	24–जनवरी –2025
3	डॉ विकास प्रसाद	वेबैस्टो रूफ सिस्टम्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक	भारतीय उद्योगों में स्वदेशी नवाचार (4–I शिखर सम्मेलन)	24–जनवरी –2025
4	सुश्री रिधा जुनेजा	आईबीएम में एआई इंजीनियर	आईबीएम वाटसनएक्स पर कार्यशाला	15–जुलाई – 2024
5	श्री अरविंद कृष्णन	आईबीएम में एआई इंजीनियरिंग प्रमुख	आईबीएम वाटसनएक्स पर कार्यशाला	16–जुलाई– 2024

अन्य गतिविधियाँ (अनुषांगिक कार्यकलाप)

- 23 अगस्त, 2024 को आईपीएम द्वितीय एवं तृतीय बैच के विद्यार्थियों हेतु पतंजलि फूड्स लिमिटेड (इंदौर संयंत्र) में उद्योग–भ्रमण का आयोजन किया गया।
- 11 दिसंबर, 2024 को कॉलेज ऑफ डिफेंस मैनेजमेंट), सिकंदराबाद से आए सशस्त्र बल अधिकारियों हेतु प्रो. रोहित कपूर द्वारा "परियोजना प्रबंधन" विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन भा.प्र.सं. इंदौर परिसर में किया गया।
- 19 दिसंबर, 2024 को मित्र विदेशी राष्ट्रों के सिग्नल स्टाफ अधिकारियों के लिए परिसर भ्रमण का आयोजन किया गया।
- 24 जनवरी, 2025 को विद्यार्थियों हेतु मुख्य अतिथि व्याख्यान / संवाद सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें श्री मोहन सावरकर, मुख्य उत्पाद अधिकारी एवं उपाध्यक्ष- टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड, तथा डॉ. विकास प्रसाद, प्रेसिडेंट एवं प्रबंध निदेशक दृ वेबास्टो रूफ सिस्टम्स इंडिया प्रा. लि. ने सहभागिता की।
- 25–26 मार्च, 2025 को अंतर्राष्ट्रीय व्यापार प्रबंधन प्रमाण–पत्र कार्यक्रम (बैच 04) के प्रतिभागियों हेतु केस न्यू हॉलैंड कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट (पिथमपुर संयंत्र) में उद्योग भ्रमण का आयोजन किया गया।
- उद्योग साझेदारों के साथ संबंधों को सशक्त करने एवं नवीन औद्योगिक संपर्क स्थापित करने हेतु उद्योग भ्रमणों का आयोजन नियमित रूप से किया गया।

सूचना प्रौद्योगिकी

भा.प्र.सं. इंदौर के परिसर में समग्र संगणन एवं संचार आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु अत्याधुनिक सूचना प्रौद्योगिकी संसाधनों की व्यवस्था की गई है। संपूर्ण परिसर में 5,000 से अधिक नोड्स वाले एक मज़बूत और उच्च–प्रदर्शन युक्त संगणक नेटवर्क की स्थापना की गई है, जो सुलभ एवं निर्बाध कनेक्टिविटी सुनिश्चित करता है।

सभी भवनों एवं विभागों को 10ळ फाइबर–ऑप्टिक बैकबोन द्वारा जोड़ा गया है, जिससे तेज गति की कनेक्टिविटी प्राप्त होती है। यह नेटवर्क छात्रावासों, संकाय भवनों, प्रशासनिक खंडों, कक्षाओं, कार्यकारी आवासों, पुस्तकालय, संगोष्ठी कक्ष एवं खेल परिसर सहित पूरे परिसर में गीगाबिट फाइबर नेटवर्क के माध्यम से फैला हुआ है।

इसके अतिरिक्त, प्रत्येक छात्रावास कक्ष में समर्पित लैन कनेक्शन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जिससे छात्र निरंतर ऑनलाइन संसाधनों तक पहुँच प्राप्त कर सकते हैं।

संस्थान के संकाय खंड, प्रशासनिक भवन, पुस्तकालय, कक्षाएँ, कार्यकारी आवास, छात्रावास एवं आवासीय क्षेत्रों में वायरलेस नेटवर्क की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जिससे परिसर में हर स्थान पर उच्च–गति की इंटरनेट सेवा सुलभ रहती है। छात्रावासों के सभी कमरों एवं अन्य भवनों में वायर्ड तथा वायरलेस दोनों माध्यमों से तेज़ इंटरनेट कनेक्टिविटी उपलब्ध है।

स्थानीय क्षेत्रीय नेटवर्क को तीन–स्तरीय संरचना कृ ऐक्सेस, डिस्ट्रिब्यूशन एवं कोर स्तर पर डिज़ाइन किया गया है, जिससे सर्वोत्तम कार्य निष्पादन सुनिश्चित हो सके। सभी आवश्यक नेटवर्क घटकों (वायर्ड और वायरलेस) को हाई अवेलेबिलिटी) कॉन्फ़िगरेशन में रखा गया है, जिससे निरंतर और निर्बाध सेवा सुनिश्चित होती है।

संस्थान की वेबसाइट (www-iimidr-ac-in), छात्र पोर्टल (students-iimidr-ac-in) एवं संकाय कार्यभार सॉफ्टवेयर पोर्टल का प्रबंधन और अनुरक्षण सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा किया जाता है। इसके अतिरिक्त, संस्थान की इंट्रानेट सेवाएँ भी सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा निरंतर क्रियाशील रखी जाती हैं।

संस्थान द्वारा 24 x 7 रिमोट डेस्कटॉप सेवाएँ प्रदान की जाती हैं, जिनके माध्यम से संकाय सदस्यों एवं शोधार्थियों को उच्च–प्रदर्शन संगणना अनुप्रयोगों तक पहुँच प्राप्त होती है, जिससे अनुसंधान एवं शिक्षण में सहायता मिलती है।

संस्थान में शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों के लिए टीसीएस आयऑन (iON) ईआरपी प्रणाली का उपयोग नियमित रूप से किया जा रहा है। सभी शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्यालय दैनिक कार्यों हेतु इस ईआरपी का उपयोग कर रहे हैं।

संस्थान को राष्ट्रीय ज्ञान नेटवर्क परियोजना के अंतर्गत राष्ट्रीय सूचना केंद्र (एन.आई.सी.) द्वारा एक गीगाबिट प्रति सेकंड (जीबीपीएस) की इंटरनेट कड़ी तथा इशान नेटसॉल नामक प्रदाता से अतिरिक्त एक जीबीपीएस की कड़ी प्राप्त है, जिससे परिसर में निर्बाध इंटरनेट संयोज्यता सुनिश्चित होती है।

वर्ष 2024-25 के दौरान, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा तकनीकी सेवाओं को अद्यतन एवं सुदृढ़ करने हेतु निम्नलिखित प्रमुख कार्य किए गए:

- संकाय आवास (प्रकार–पाँच) हेतु नवीन स्थानीय क्षेत्र संजाल (एल.ए.एन.) एवं बेतार संजाल (वाई–फाई) संरचना की स्थापना : तेज़ एवं विश्वसनीय इंटरनेट पहुँच उपलब्ध कराने हेतु रज्जु प्रकाशीय (फाइबर–ऑप्टिक) मूल संरचना का उपयोग करते हुए नई संजाल संरचना विकसित की गई।
- छात्रों हेतु बेतार संजाल सेवाओं का उन्नयन : छात्रावास क्षेत्रों में 300 नवीन बेतार पहुँच बिंदु (वाई–फाई एक्सेस पॉइंट) लगाए गए, जिससे सम्पूर्ण क्षेत्र में कवरेज सुनिश्चित हुई एवं इंटरनेट अनुभव में सुधार हुआ।
- संस्थान के संजाल की साइबर सुरक्षा हेतु एकीकृत संकट प्रबंधन प्रणाली (यू.टी.एम.) की स्थापना : यह प्रगतिशील सुरक्षा प्रणाली संजाल की सुरक्षा क्षमता में वृद्धि करती है एवं उपयोगकर्ता अनुभव को बेहतर बनाती है।
- सूचना प्रौद्योगिकी सहायता सेवा (आई.टी. हेल्पडेस्क) द्वारा चौबीसों घंटे सहायता : दूरभाष, इलेक्ट्रॉनिक डाक (ई–मेल) अथवा वेब पोर्टल के माध्यम से उपयोगकर्ता अपनी समस्या दर्ज कर सकते हैं, जिससे शीघ्र समाधान सुनिश्चित होता है।
- माइक्रोसॉफ़्ट उत्पादों हेतु सामूहिक अनुज्ञप्ति सदस्यता की प्राप्ति : एम.एस. ऑफ़िस 365 माइक्रोसॉफ़्ट विज़ुअल स्टूडियो, माइक्रोसॉफ़्ट विंडोज़ सर्वर आदि हेतु वर्षीय सदस्यता खरीदी गई।
- क्लाउड आधारित टीसीएस आयऑन प्रणाली का सतत उपयोग : यह ईआरपी अनुप्रयोग शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्यों की दक्ष पूर्ति हेतु प्रयुक्त होता है।
- स्मार्ट पी.एल.एस. सॉफ़्टवेयर एवं ज़ूम एंटरप्राइज़ हेतु वार्षिक अनुज्ञप्ति नवीनीकरण : ऑनलाइन शिक्षण एवं विश्लेषणात्मक कार्यों हेतु इनका लाइसेंस नवीनीकृत किया गया।
- इन सभी पहलों के माध्यम से संस्थान की सूचना प्रौद्योगिकी अवसंरचना अधिक सुरक्षित, प्रभावशाली एवं उपयोगकर्ता–अनुकूल बनी है। संस्थान ने सभी महत्वपूर्ण संजाल अवसंरचनाओं की वारंटी विस्तार को वार्षिक अनुरक्षण अनुबंध के अंतर्गत नवीनीकृत किया है।
- संस्थान सभी समुदाय सदस्यों सहित पूर्व छात्रों को ईमेल पते प्रदान करता है। iimidr-ac-पद और alumni-iimidr-ac-पद डोमेनों पर 20,000 से अधिक ईमेल पते संरक्षित हैं। ईमेल और अन्य संबंधित सेवाओं के संचालन हेतु गूगल एजुकेशन प्लस अनुज्ञप्तियाँ खरीदी गई हैं।

चिकित्सा केंद्र

भा.प्र.सं. इंदौर में प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधा को "चिकित्सा केंद्र (एम.सी.)" के रूप में जाना जाता है। यह केंद्र परिसर समुदाय के लिए चिकित्सीय देखभाल का प्रारंभिक संपर्क बिंदु है। इसे सुलभ, किफायती एवं निवारक स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने के उद्देश्य से स्थापित किया गया है, जो निम्नलिखित को उपलब्ध कराई जाती हैं:

- छात्र (स्नातक, स्नातकोत्तर, डॉक्टोरल) एवं प्रतिभागी,
- संकाय सदस्य,
- प्रशासनिक एवं सहायक कर्मी,
- संकाय एवं कर्मियों के निकटतम पारिवारिक सदस्य।

मूल उद्देश्य

- परिसर समुदाय के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना;
- सामान्य रोगों एवं चोटों का समय पर निदान एवं उपचार प्रदान करना;
- स्वास्थ्य शिक्षा एवं निवारक स्वास्थ्य देखभाल पहलों को समर्थन देना;
- आवश्यकता पड़ने पर द्वितीयक अथवा तृतीयक चिकित्सा केंद्रों हेतु संदर्भ सुविधा उपलब्ध कराना।

सेवाएँ प्रदान की गईं

- सामान्य बाह्यरोगी सेवाएँः तीव्र एवं दीर्घकालिक रोगों का निदान एवं उपचार;
- आपातकालीन प्राथमिक उपचारः चोटों या तीव्र चिकित्सीय स्थितियों की स्थिरीकरण सेवा, संदर्भ से पूर्व;
- स्वास्थ्य परीक्षणः नियमित जाँच, दृष्टि, श्रवण एवं दंत परीक्षण;
- टीकाकरण कार्यक्रमः फ्लू, हेपेटाइटिस, टेटनस आदि के लिए टीकाकरण अभियान;
- मानसिक स्वास्थ्य सेवाएँः परामर्श, तनाव प्रबंधन एवं मनोरोगीय संदर्भ;
- दंत सेवाएँः परामर्श तथा दंत शल्यक्रियाएँ / प्रक्रियाएँ;
- स्वास्थ्य शिक्षाः कार्यशालाएँ, जागरूकता अभियान, जीवनशैली एवं पोषण परामर्श;
- फिज़ियोथेरेपी सेवाएँः एसडब्ल्यूडी, यूएसजी, टीईएनएस, मालिश चिकित्सा, सक्रिय एवं निष्क्रिय व्यायाम;
- पोषण विशेषज्ञः वैयक्तिक परामर्श, स्वच्छता, सैनिटेशन एवं मैस तथा कैफ़ेटेरिया की खाद्य गुणवत्ता की जाँच।

कर्मचारी संरचनाः

- सामान्य चिकित्सक / पारिवारिक चिकित्सा विशेषज्ञ,
- नर्सें एवं चिकित्सीय परिचारक,
- मनोवैज्ञानिक / परामर्शदाता,
- आगंतुक विशेषज्ञ (जैसेः फिज़ियोथेरेपिस्ट, दंत चिकित्सक, आहार विशेषज्ञ),
- प्रशासनिक एवं सहायक कर्मचारी।

भवन–संरचनाः

- परामर्श एवं परीक्षण कक्ष,
- ड्रेसिंग कक्ष एवं नमूना संग्रहण कक्ष (जैसेः रक्त परीक्षण, मूत्र परीक्षण),
- औषधालय / दवा वितरण कक्ष,
- प्रतीक्षा एवं पंजीकरण क्षेत्र,
- आपातकालीन / प्राथमिक उपचार एवं निरीक्षण कक्ष,
- फिज़ियोथेरेपी कक्ष,
- दंत चिकित्सा कक्ष।

संचालन मॉडलः

- मानक कार्य समय के दौरान खुला तथा आपातकालीन प्रतिक्रिया की क्षमता के साथ अवकाश समय में भी उपलब्ध (24x7 स्टाफिंग),
- पूर्व–नियोजित नियुक्ति एवं बिना अपॉइंटमेंट के परामर्श दोनों की सुविधा,
- निरंतर चिकित्सा देखभाल सुनिश्चित करने हेतु स्वास्थ्य अभिलेखों का डिजिटल रूप में संधारण।

एकीकरण और सहयोगः

- उन्नत उपचार हेतु रेफ़रल के लिए समीपवर्ती अस्पतालों के साथ साझेदारी,
- छात्र सहायता सेवाओं एवं मानव संसाधन विभागों के साथ समन्वय,
- संस्थागत स्वास्थ्य नीति निर्माण एवं आपदा प्रतिक्रिया योजना में भागीदारी।

उपलब्धियाँः विगत वर्ष (2024–25) के दौरान नैदानिक सेवाओं, जनस्वास्थ्य पहलों, अवसंरचना विकास एवं रोगी सहभागिता में प्राप्त प्रमुख उपलब्धियाँ और प्रगति इस प्रकार हैं:

सेवा का दायरा एवं उपयोग

- बाह्य रोगी परामर्श: कुल 22,047 परामर्श दर्ज किए गए।
- आपातकालीन प्रकरणों का प्रबंधन: 84 ऑन–कैंपस आपात स्थितियों का सफलतापूर्वक समाधान किया गया।
- रेफरल (बाह्य रोगी विभाग एवं निदान हेतु): 264 रेफरल किए गए।
- कुल जनसंख्या कवरेज: नामांकित छात्रों, संकाय सदस्यों, कर्मचारियों एवं उनके आश्रितों में 95% से अधिक को स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच।
- अस्पताल में भर्ती: 30 रोगियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।
- टेलीमेडिसिन की शुरुआत: 1,280 वर्चुअल परामर्श सफलतापूर्वक प्रदान किए गए।

नैदानिक सेवाएँ एवं उन्नयन

- मानसिक स्वास्थ्य परामर्श (सभी कार्यदिवसों में): 608 परामर्श किए गए।
- दंत परामर्श (सप्ताह में दो बार): 174 परामर्श किए गए।
- निदान सेवाएँ: प्रयोगशाला परीक्षण हेतु ऑन–साइट नमूना संग्रहण: 180 नमूने लिए गए।
- औषधालय सेवाएँ: चिकित्सकों द्वारा लिखी गई औषधियों में से 90% की उपलब्धता सुनिश्चित की गई।
- फिजियोथेरेपी सेवाएँ (सप्ताह में चार दिन): 1,384 रोगियों को उपचार प्रदान किया गया।
- आहार विशेषज्ञ (सप्ताह में दो बार): 52 व्यक्तिगत परामर्श तथा प्रत्येक सप्ताह मेस / कैफेटेरिया का दौरा।

रोकथामात्मक एवं जनस्वास्थ्य पहलें

- टीकाकरण अभियान: कुल 1,840 टीके (इन्फ्लुएंजा, हेपेटाइटिस बी, टेटनस, टाइफाइड, हेपेटाइटिस ए) लगाए गए।
- वार्षिक स्वास्थ्य परीक्षण: संकाय एवं कर्मचारियों में 60% की जाँच की गई।
- चालकों हेतु विशेष चिकित्सा परीक्षण: 100% परीक्षण पूर्ण।
- स्वास्थ्य संवर्धन कार्यक्रम: पोषण परामर्श तथा तनाव मुक्ति कार्यशालाएँ आयोजित की गईं।

स्वास्थ्य शिक्षा एवं पहुँच

- जागरूकता सत्र आयोजित: 12 (जैसे स्वच्छता, जीवनशैली रोग, संक्रामक रोग, मादक पदार्थों का सेवन)।
- बीएलएस एवं प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण: 85 कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया।

आवश्यक अधोसंरचना एवं तकनीकी उन्नयन

- ट्रायेज़ कक्ष एवं रोगी प्रतीक्षा क्षेत्र का नवीनीकरण।
- इन–हाउस औषधालय सेवाएँ शुरू की गईं।
- नए उपकरण स्थापित किए गए: डिजिटल बीपी मॉनिटर, इन्फ्यूज़न पंप, ऑपरेशन टेबल, एल्कोहल ब्रेथ–एनालाइज़र, पोर्टेबल ऑक्सीजन सिलेंडर।
- उन्नत जीवन रक्षक एम्बुलेंस की खरीद।
- कंप्यूटर, वेब कैमरा एवं वातानुकूलक की खरीद।

गुणवत्ता सुधार एवं रोगी अभिप्राय

- संतुष्टि स्तर: 92% सकारात्मक अभिप्राय प्राप्त।
- औसत प्रतीक्षा समय में कमी: 18 मिनट से घटकर 10 मिनट।
- नई मानक प्रक्रियाएँ लागू: ट्रायेज़, रेफ़रल, खाद्य एवं जल सुरक्षा, संक्रमण नियंत्रण हेतु।

सुधार की आवश्यकताएँ

- इलेक्ट्रॉनिक मेडिकल रिकॉर्ड प्रणाली की शुरुआत।
- आश्रितों हेतु उपलब्ध सेवाओं का विस्तार।
- मौजूदा भवन में सीमित स्थान की समस्या का समाधान, जिससे व्यस्त समय में सेवा वितरण प्रभावित हो रहा है।

आगे की दिशा

